आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी 06:59 तक उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 5 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 225, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को रूस ने दी मान्यता 14
हम धर्म निरपेक्ष, कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी : रीजीजू 12

## सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित, एक अभ्यर्थी को 4 विषयों में 100 पर्सेंटाइल

नई दिल्ली, एजेंसी

- देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) में एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए जबकि देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया है। एनटीए ने 13,54,699 अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में सीयूईटी-यूजी आयोजित की थी। इन अभ्यर्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए विभिन्न विषयों की परीक्षा के लिए आवेदन किया था।

एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केवल एक अभ्यर्थी ने अपने चुने हुए पांच विषयों में से चार में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं, जबकि 150 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल मिलाकर, सीयूईटी-यूजी 2025 में अभ्यर्थियों को 37 विषय पेश किए गए थे। अभ्यर्थी भाषा और सामान्य योग्यता परीक्षा समेत अधिकतम पांच विषय चुन सकते हैं। प्रश्न पत्र 13 भाषाओं में था, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल थे। सीयूईटी-यूजी 2025 परीक्षा 300 शहरों में आयोजित की गई थी। सीयूईटी-यूजी में इस साल रिकॉर्ड 13.5 लाख आवेदन आए।

# समुद्र में फाइटर जेट उड़ाएंगी यूपी की आस्था

## सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली पहली महिला बनीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना के इतिहास में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली पहली महिला बन गई हैं। आस्था मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बागपत जिले की रहने वाली हैं।

सब-लेफ्टिनेंट पूनिया भारतीय सेना में शामिल अग्रिम पंक्ति के उन्नत लड़ाकू विमान उड़ाएंगी। उनकी नियुक्ति के साथ ही भारतीय नौसेना में महिला लड़ाकू पायलट के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त होगा। अधिकारियों ने बताया कि पूनिया अब लड़ाकू पायलट के रूप में योग्यता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण लेंगी। भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा में दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के समापन का जश्न मनाया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सहायक नौसेनाध्यक्ष (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने तीन जुलाई को विंगिंग समारोह में लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढल और सब लेफ्टिनेंट पूनिया को प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ गोल्ड प्रदान किया।



एक समारोह में सब लेफ्टिनेंट पूनिया को प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ गोल्ड प्रदान किया गया।

### लैंगिक समावेशिता के प्रति नौसेना प्रतिबद्ध

भारतीय नौसेना समुद्री टोही (एमआर) विमानों और हेलीकॉप्टर में पायलट और नौसेना वायु संचालन में महिला अधिकारियों को पहले ही शामिल कर चुकी है। सब लेफ्टिनेंट पूनिया को लड़ाकू शाखा में शामिल करना नौसेना विमानन में लैंगिक समावेशिता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और समानता की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

### बचपन से पायलट बनने का था सपना

आस्था पूनिया यूपी के बागपत जिले की रहने वाली है। उनकी इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव बागपत के हिसावदा में खुशी का माहौल है। आस्था के पिता अरूण पूनिया मेरठ के सरधना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में गणित के शिक्षक है। अरूण पूनिया ने बताया कि आस्था का बचपन से पायलट बनने का सपना था, जिसे उसने सच कर दिया।

# नए भारत के लिए आकाश भी अब सीमा नहीं रहा : मोदी

## त्रिनिदाद एवं टोबैगो में प्रवासी भारतीयों की सभा में बोले प्रधानमंत्री

- कहा-भारत शीघ्र दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्था में होगा शामिल

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर एवं क्वांटम कंप्यूटिंग संबंधी इसके मिशन विकास के नए इंजन बन रहे हैं। मोदी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है और इसके विकास एवं प्रगति का लाभ सर्वाधिक जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि नए भारत के लिए आकाश भी सीमा नहीं है।

प्रधानमंत्री पांच देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में दो दिवसीय यात्रा के तहत गुरुवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों, सांसदों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित 4,000 से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रह रहे भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने अपनी धरती छोड़ दी लेकिन आत्मा नहीं छोड़ी। गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया लेकिन अपने दिलों में रामायण को ले गए। आप सिर्फ प्रवासी नहीं एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक हैं। कहा कि भारत गिरमिटिया समुदाय का एक व्यापक डेटाबेस बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। मोदी ने कहा कि वह अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति, सरयू नदी और महाकुंभ का जल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं कमला जी (प्रधानमंत्री) से अनुरोध करता हूं कि वह इस पवित्र जल को यहां गंगा धारा में अर्पित करें। मोदी ने कहा कि भारत के विकास को उसके नवोन्मेषी और ऊर्जावान युवा गति दे रहे हैं। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है। इनमें से आधे स्टार्टअप में निदेशक के रूप में महिलाएं हैं। लगभग 120 स्टार्टअप को 'यूनिकॉर्न' का दर्जा मिला है। कहा कि भारत के यूपीआई ने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है।



पोर्ट ऑफ स्पेन में प्रधानमंत्री मोदी का गीतों से स्वागत करते भारतीय समुदाय के लोग। • एजेंसी

## सुरंग, पुल वाले मार्गों पर टोल शुल्क में 50 % तक कमी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के उन खंडों के लिए टोल दरों में 50 प्रतिशत तक की कटौती की है, जिनमें सुरंगों, पुलों, फ्लाईओवर या एलिवेटेड सड़क जैसी संरचनाएं हैं। यह कदम मोटर चालकों के लिए यात्रा लागत को कम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूद टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्कों का संग्रह राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 के अनुरूप एकत्र किए जाते हैं।

- सड़क परिवहन मंत्रालय ने शुल्क गणना के नियमों को बदला

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2008 के नियमों में संशोधन किया है और टोल शुल्क की गणना के लिए एक नई पद्धति या फॉर्मूले को अधिसूचित किया है। बुधवार को जारी इस अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग के संरचना या संरचनाओं वाले खंड के उपयोग के लिए शुल्क दर की गणना, संरचना की लंबाई को छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड की लंबाई में संरचना या संरचनाओं की लंबाई का दस गुना जोड़कर या राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड की कुल लंबाई का पांच गुना, जो भी कम हो, की जाएगी। इसमें संरचना का मतलब एक स्वतंत्र पुल, सुरंग या फ्लाईओवर या एलिवेटेड राजमार्ग से है। मौजूदा नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रत्येक किलोमीटर संरचना के लिए उपयोगकर्ता नियमित टोल का दस गुना भुगतान करते हैं।

# मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**हिंदू पक्ष की याचिका खारिज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित मुकदमों में से एक आवेदन को गुरुवार को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मामलों से संबंधित भविष्य की सभी कार्यवाहियों में शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना कहकर संबोधित नहीं किया जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

मालूम हो कि हिंदू पक्षकार अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने पांच मार्च को कोर्ट से मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग को लेकर एक याचिका दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला 23 मई को सुरक्षित कर लिया था। दरअसल अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष मासरे आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि प्रश्नगत स्थल पर पहले मंदिर था। मस्जिद पक्ष की ओर से वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक प्रस्तुत नहीं किया गया। न खसरा-खतौनी में मस्जिद का नाम है, न नगर निगम में इसका कोई रिकॉर्ड। मस्जिद पक्ष की ओर से कोई टैक्स भी नहीं दिया जा रहा है। शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट भी हो चुकी है। फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? अतः मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया जाना चाहिए। इस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी।

### ज्ञानवापी पर सुनवाई टली

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई टाल दी गई। अब सुनवाई आगामी 6 अगस्त 2025 को होगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने उपासना स्थल कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई लंबित होने के कारण दिया।

## बोलेरो कॉलेज की दीवार में घुसी दूल्हे सहित 5 की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- बदायूं-मेरठ हाईवे पर जुनावई में हादसा, चार बराती घायल

**अमृत विचार :** संभल जिले के जुनावई थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम भीषण हादसा हुआ। बरात की बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटने के बाद इंटर कॉलेज की दीवार में जा घुसी। हादसे में दूल्हा सहित 5 लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव हरगोविंदपुर निवासी सुखराम के बेटे सूरज की बरात शुक्रवार शाम बदायूं जिले की बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल के लिए रवाना हुई थी। बोलेरो में दूल्हे सूरज सहित 10 लोग सवार थे। तेज रफ्तार बोलेरो बदायूं-मेरठ हाईवे पर जुनावई में जनता इंटर कॉलेज के पास पहुंची अनियंत्रित होकर पलट गई और कॉलेज की दीवार में जा घुसी। हादसे में दूल्हा सूरज (22), उसकी भाभी आशा (26), आशा की बेटी ऐश्वर्या (02), विष्णु (06) पुत्र मनोज और एक अज्ञात की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।



## यूपीएस में शामिल कर्मियों को एनपीएस जैसा कर लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने कर्मचारियों के हित में किया योजना में जरूरी बदलाव

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस योजना का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के समान कर लाभ देने के लिए जरूरी बदलाव किए हैं।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के तहत शामिल करना पारदर्शी, लचीले और कर-कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में सरकार का एक और कदम है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि एनपीएस के तहत उपलब्ध कर लाभ यूपीएस पर भी लागू होंगे क्योंकि यह एनपीएस के तहत एक विकल्प है। ये प्रावधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को पर्याप्त कर राहत और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

सिविल सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए एनपीएस के तहत एक विकल्प के तौर पर यूपीएस को लागू किया गया था।

# वैश्विक बाजार में शान बढ़ा रहे यूपी के आम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' का शुभारंभ करने के बाद बोल रहे थे। महोत्सव में देशभर के बागानों से चुनकर लाए गए 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। सरकार की नीति से औद्यानिक फसलों का निर्यात कई गुना बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने सभी से 9 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 50 करोड़ पौधों के रोपण से जुड़ने का आह्वान भी किया। योगी ने प्रगतिशील बागवानों और निर्यातकों को प्रशस्ति पत्र और एक पौधा देकर सम्मानित किया। महोत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया।




- तीन दिनी आम महोत्सव की योगी ने की शुरुआत, 800 से अधिक किस्मों के आम देख लोग चहके

### कमिश्नरी स्तर पर भी हों ऐसे आयोजन : योगी

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि कमिश्नरी स्तर पर भी ऐसे आयोजन होने चाहिए, ताकि स्थानीय बागवान अपनी फसलों की प्रदर्शनी और बिक्री कर सकें। उन्होंने बागवानों से हल्दी, अदरक और अन्य औद्यानिक फसलों के साथ फूड प्रोसेसिंग को अपनाने का आह्वान किया, ताकि उनकी आय को और बढ़ाया जा सके।

JPM GROUP OF INSTITUTIONS
विद्यार्थी सर्व धनम् प्रधानम्
Affiliated to Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly (MJPRU Code: 128)
Affiliated to SCERT, Lucknow (SCERT Code: 080004). Approved by NCTE, New Delhi
Affiliated to BTE, Lucknow (BTE Code: 2354) and Approved by PCI New Delhi (PCI Code: 5493)
JPM PG COLLEGE
JPM COLLEGE OF PHARMACY
JPM COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING
Free Registration* - Upto 100% Scholarships
D.El.Ed.
₹20,000 Scholarship for All
B.El.Ed.
Upto ₹10,000 Scholarship for All
D.Pharma
B.Sc. (Bio. Tech)
NEW COURSE
B.Sc. (Environmental Sc.)
NEW COURSE
M.Sc. (Agriculture Hons)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
B.Sc.(PCM/ZBC) · B.Sc.(H.Sc.) · BBA · B.Com.
M.Sc.(Chemistry/Zoology) · M.Sc.(Human Dev.) · BCA · BA
M.Sc. (H.Sc.) · M.Sc. (Food & Nutrition) · M.Com. · MA
M.Sc. (Ag) Agronomy / Animal Husbandry & Dairying / Agricultural Chemistry.
B.Sc. (Agriculture Hons)
100% Placement Assistance
For Eligible Candidate
#T&C Apply.
Enquire Now
8899484668, 9149232322, 8057037500
www.jpmc.ac.in
Campus: Bhairpura Khajuria, Nainital Road, Bareilly (UP) 243202
City Office: City Heart Enclave, Opp. Model Town Gate, Stadium Road, Bareilly 243005 (UP)



## गेहूं खरीद के बाद अब धान खरीद की शुरू हुई प्रक्रिया

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जनपद में गेहूं खरीद निपटने के एक माह बाद अब धान खरीद को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। वहीं पिछले सीजन की अपेक्षा इस बार धान के समर्थन मूल्य में भी इजाफा किया गया है।

शासन से मिले दिशा निर्देशों के क्रम में इस बार धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 प्रति क्विंटल सामान्य और ग्रेड एक का समर्थन मूल्य 2389 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जबकि पिछले सीजन में सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल था। किसानों का पंजीकरण शुरू कराने की तैयारियां कर ली गई है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी वीके शुक्ल ने मंडी समिति पीलीभीत, पूरनपुर एवं बीसलपुर के सचिवों को निर्देश दिए गए है कि धान क्रय के प्रचार प्रसार के लिए जनपद के उपयुकक्त स्थानों, मंडी यार्डों में फ्लैक्सी-बैनर आदि लगवाना सुनिश्चित करें कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण अनिवार्य है। धान खरीद के लिए किसानों का www.fcs.gov.in पोर्टल पर जनसुविधा केंद्रों, इंटरनेट कैफे के द्वारा कराया जाएगा।

# अव्यवस्था : हर तरफ जाम का झाम, राहगीर फंसकर हो रहे परेशान

## अव्यवस्था के बीच विक्राल रूप ले रही समस्या, जिम्मेदार बेसुध, टनकपुर हाईवे और शहर के मुख्य इलाकों में कई बार हुई दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर की सड़कों पर जाम की दिक्कत दूर नहीं हो पा रही है। हाईवे से लेकर मुख्य मार्गों पर फैली अव्यवस्था के चलते हर तरफ जाम का झाम राहगीरों की मुसीबत बना हुआ है। दुकानों के आगे अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग ने हालात बिगाड़ दिए, जिसके बाद कई बार जाम लगा और राहगीर फंसकर परेशान होते रहे। खास बात थी कि चंद होमगार्ड व्यवस्था को सुधारने के लिए जद्दोजहद करते रहे, लेकिन अन्य जिम्मेदार नदारद रहे। कुछ जगह पुलिसकर्मियों के वाहन तो खड़े हुए थे, लेकिन वे भी बेतरतीब तरीके से। ऐसे में लापरवाही का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ा।

शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर कई बार अभियान चलाकर दावे किए गए। विकास कार्यों के साथ ही शहर की सूरत बदलने के लिए काम कराया जा रहा है। लंबे समय से शहर की एक बड़ी समस्या जाम है, जिसमें फंसकर स्कूली बच्चे, मरीज और गंतव्य को निकले राहगीर फंसकर परेशान होते हैं। दिन में कई बार जाम लगता है। इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। सड़कों पर जाम की मुख्य वजह के तौर पर दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण और उसके बाद सड़कों पर की जाने वाली बेतरतीब पार्किंग हैं। शहर से लेकर हाईवे तक फुटपाथ पर दुकानें सजाई जा रही हैं। टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा से छतरी चौराहा के बीच प्रतिदिन जाम लगता है। रेलवे स्टेशन रोड, छीपीयान चौराहा, मुख्य बाजार, ड्रमंडगंज चौराहा, जेपी रोड, चूड़ी वाली गली, किराना मंडी, लोहा मंडी समेत अन्य इलाकों में भी जाम की समस्या बनी हुई है। मगर, इसका कोई स्थायी समाधान अधिकारी नहीं निकाल सके हैं। जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शुक्रवार को अमृत विचार की टीम ने मुख्य मार्गों पर हालात परखे तो हर तरफ जाम दिखा।


सुनहरी मस्जिद चौराहा के पास खड़े बेतरतीब वाहन। ● अमृत विचार


बरेली गेट चौराहा के पास जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### ई-रिक्शा को लेकर पूर्व में हो चुकी हैं शिकायतें

जाम की समस्या का समाधान कराने के लिए अधिकारियों के स्तर से कई बार बैठकों में व्यापारियों से दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान न रखने का आग्रह किया जा चुका है। वहीं, व्यापारियों की ओर से ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन से जुड़ी शिकायत की जा चुकी है। इसी को जाम की वजह बताया गया। इसके बाद रूट तय किए गए थे। बाजार में प्रवेश पर रोक लगाई गई, लेकिन अब पुन: हालात जस के तस हो चुके हैं। नियम तो बना दिए गए, लेकिन इसकी निगरानी कराना भूल गए।

### केस 1 टनकपुर हाईवे

टनकपुर हाईवे पर कचहरी तिराहा से लेकर असम चौराहा तक मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण है। कहीं वॉशिंग सेंटर चल रहे हैं तो कहीं वर्कशाप। इसके अलावा अन्य अव्यवस्थाएं भी फैली हुई है। इस मार्ग पर कई अस्पताल, बैंक, स्कूल आदि हैं। जिससे आवागमन अधिक रहता है। शुक्रवार दोपहर को वाहनों का लोड बढ़ा तो कई बार गौहनिया चौराहा से लेकर छतरी चौराहा के बीच जाम लगा। स्कूली बच्चे भी परेशान हो गए। अस्पताल जाने वाले मरीजों को भी दिक्कत हुई।

### केस 2 बरेली गेट चौराहा

शहर के भीतर बरेली गेट चौराहा से लकड़ी मंडी की तरफ जाने वाले मार्ग पर ट्रांसपोर्ट नगर भी है। बरेली गेट चौराहा से बाजार की तरफ नो एंट्री लागू है, जिसमें चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध रहता है। हालांकि इसके बाद भी नो एंट्री में चार पहिया वाहन प्रवेश कर जाते हैं। इसके बाद हालात बिगड़ने में देर नहीं लगती। शुक्रवार को भी कई बार चार पहिया वाहनों के प्रवेश के बाद जाम लगा। मौजूद होमगार्ड जाम खुलवाने के लिए मशक्कत करते रहे।


टनकपुर हाईवे पर गौहनिया से छतरी चौराहा के बीच जाम में फंसे वाहन।


APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
|---|---|
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India


## विहिप बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने रोपे पौधे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सेवा सप्ताह के तहत शुक्रवार को गांधी स्टेडियम में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पेड़ों के महत्व को बताते हुए दूसरों से भी कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की गई। आम, अमरूद, आवला, जामुन आदि के पौधे रोपित किए। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक अमित गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करना है। मुख्य अतिथि विभाग संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ और जिला क्रीडा अधिकारी जयवीर सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि प्रखंड पालक जगदीश सक्सेना रहे। इस मौके पर श्रीपाल, आदित्य ओझा, महेश पाठक, संजीव कुमार, संतोष मिश्रा, रामानुज अवस्थी, कुनाल सक्सेना, नारायण हरि, पुरनेद्र, नरेश वर्मा, महेश राजपूत आदि मौजूद रहे।



# विलय के खिलाफ बच्चों संग ग्रामीणों का प्रदर्शन


सुंदरपुर के स्कूल में प्रदर्शन करते अभिभावक और बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** नेपाल सीमावर्ती गांव सहित दो स्कूलों में अभिभावकों के साथ बच्चों ने भी युग्मन का विरोध किया। गांव के स्कूलों में ही शिक्षण कार्य कराने की मांग की गई। लगातार हो रहे विरोध से परिषदीय स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित है।

बता दें कि शासन ने पचास बच्चों से कम संख्या वाले स्कूलों को पड़ोस के स्कूल में विलय करने के आदेश दिए हैं। स्कूलों के युग्मन का कार्य भी चल रहा है। यह योजना बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों को भी रास नहीं आ रही है। इसका विरोध हो रहा है। शुक्रवार को नेपाल सीमावर्ती गांव शास्त्री नगर के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ अभिभावक पहुंचे। उन्होंने युग्मन प्रक्रिया का विरोध जताया। इस दौरान गांव में ही संचालित स्कूलों को खोले जाने की मांग की गई। शारदा नदी में बाढ़ की स्थिति होने पर शास्त्रीनगर गांव के आसपास जलभराव हो जाता है। इससे बच्चों को गांव के बाहर जाना मुश्किल होगा। इसके अलावा गांव सुंदरपुर में भी ग्रामीण और बच्चों ने युग्मन योजना के खिलाफ स्कूल में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि दूसरे गांव में बच्चे जाने से मना कर रहे हैं। इससे उनका भविष्य खतरे में हैं। ग्रामीण दूसरे गांव में बच्चे भेजने को तैयार नहीं है।

## वाल्मीकि सेना ने सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** छात्र संख्या कम होने पर किए गए स्कूलों के विलय का विरोध जारी है। इसे लेकर अब महर्षि वाल्मीकि सेना अटल के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इसमें इस आदेश को निरस्त कराने की मांग की है। महर्षि वाल्मीकि सेना (अटल) के कार्यकर्ता शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में दिया। इसमें कहा कि जिले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 140 विद्यालयों का विलय किया गया है। जिसको लेकर जिलेवासियों व छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों में रोष है। गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। बिना जनसेर्व व जनमत के मनमानी नीति से साजिश के तहत बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के अधिकार को रोकने की बात कही। इस आदेश को निरस्त कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अटल वाल्मीकि, अजय चंद्रवंशी, अमित पाठक एडवोकेट, धर्मेंद्र वाल्मीकि, मोतीराम वाल्मीकि, गुड्डू वाल्मीकि, रोहित रत्नाकर, रामकुमार गुप्ता, धर्मेंद्र वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, पंकज, रामचंद्र आदि थे।


डीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे वाल्मीकि सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


VARUN ARJUN UNIVERSITY

Varun Arjun Medical College Campus

NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307

ADMISSION OPEN

ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

ADMISSION OPEN

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing Must have Passed from a recognized University. | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in


# विधायक ने बताई योजनाएं किसानों को बांटी मिनी किट


किसान को किट सौंपते बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** कृषि विभाग के तत्वाधान में ब्लॉक पर किट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और 110 किसानों को बीज की मिनी किट वितरित कीं।

ब्लॉक सभागार में शुक्रवार सुबह हुए कार्यक्रम में विधायक ने किसानों को तिल के 83, बाजरा के 25, रागी की 61, सांबा की 11 व ज्वार की 10 बीज की मिनी किट बांटी। इससे पूर्व विधायक ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी व सहायक विकास अधिकारी पीपी राजेश कुमार ने बताया कि राजकीय बीज भंडार पर कुल 190 बीज के मिनी किट आए थे। इनमें से 80 बीज के मिनी किट पहले ही वितरित किये जा चुके हैं। खंड विकास अधिकारी वेद प्रकाश, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नजरुल हसन, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, चंद्रपाल दिवाकर, सूरज श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी कृषि हरपाल गंगवार, तकनीकी सहायक विनोद गंगवार, राजीव वर्मा, चूड़ामणि राव, वरुण गंगवार, भगवान स्वरूप आदि मौजूद रहे।

## जनसभा कर बताई कांग्रेस की नीतियां

**न्यूरिया, अमृत विचार :** कस्बे के एक बरात घर में कांग्रेस की संविधान बचाओ सम्मेलन को लेकर जनसभा हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के अनवर अनीस, युसूफ मलिक, जिला महासचिव नरेश कुमार शुक्ला ने विचार रखे। कांग्रेस की नीतियों को बताते हुए लोगों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया। इस मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, रवि लोधी, नूर अहमद अंसारी, मोहम्मद कमर, अजहर जिलानी आदि मौजूद रहे।




## सार-संक्षेप

### रोटरी क्लब ने बच्चों को बांटे स्कूल बैग



पीलीभीत, अमृत विचार : रोटरी क्लब ऑफ़ पीलीभीत ग्रेटर ने संत निवास स्कूल बसंत कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र छात्राओं को उपहार स्वरूप स्कूल बैग और बाहार वितरित किया गया। शिक्षा उदय कार्यक्रम के तहत रोटरी क्लब के सदस्यों ने बच्चों को उपहार दिए। शिक्षा का महत्व बताया गया। बैग पाकर बच्चे खुश हो गए। इस मौके पर शैशव अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, डॉ. अनुज अग्रवाल, डॉ. पावन कटियार, सीए मुदित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, डॉ. विनय गुप्ता, संजय बंसल, श्रवण अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, पल्लव अग्रवाल, शांतनु कंचन आदि मौजूद रहे।

### प्रखंड समिति के विस्तार को हुई बैठक

**अमरिया, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की प्रखंड समिति के विस्तार को लेकर शुक्रवार को रामलीला सभागार में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ईश्वरी प्रसाद ने की। प्रखंड समिति में शामिल किए गए नए सदस्यों का श्रीराम पट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। संगठन की विचारधारा और सामाजिक कर्तव्यों को लेकर चर्चा की गई। जिला मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर इन चुनौतियों का सामना करना होगा। कहा कि विहिप का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और सनातन संस्कृति की रक्षा करना है। इस मौके पर दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक परविंदर कौर, जिला कोषाध्यक्ष संगम अग्रवाल, सुमित गुप्ता, धर्मवीर प्रजापति, विजय देव शर्मा आदि मौजूद रहे।



### एक पेड़ मां के नाम मुहिम का हिस्सा बनें लोग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** समाधान विकास समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को आर्य कन्या इंटर कॉलेज में वन महोत्सव के चौथे दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम मुहिम पर चर्चा की गई। पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें शगुन और सुनैना ने बाजी मारी। इस दौरान परिसर में पौधरोपण भी किया। प्रधानाचार्य सुमन ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है। यह हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं। कार्यक्रम संयोजिका गुंजन ने कहा कि हम सभी एक पेड़ मां के नाम अभियान का हिस्सा बनें और अपनी मां को यादगार बनाने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं।

## शहर में आज

- पूरनपुर तहसील में डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे।
- गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में डॉक्टर्स डे की वीक की तैयारियों को लेकर विशेष कार्यक्रम सुबह 11 बजे।
- विभिन्न परिषदीय स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और रैली सुबह 09 बजे।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5.30 बजे।
- गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष आरती पूजन सुबह 7.30 बजे।
- सत्य नारायण मंदिर पर जरूरतमंदों को भोजन वितरण दोपहर 12 बजे।

# विकास के नाम पर प्रधान और सचिव ने किया 29 लाख रुपये से अधिक का गबन

## डीएम द्वारा कराई गई जांच में प्रथम दृष्टया पाए गए दोषी, कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



विकास भवन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूरनपुर ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर 29 लाख से अधिक का फर्जीवाड़ा सामने आया है। डीएम द्वारा कराई गई प्रथम दृष्टया जांच में ग्राम प्रधान और सचिव फर्जीवाड़े के दोषी पाए गए हैं। इधर जिला पंचायत राज अधिकारी ने जांच में दोषी पाए गए ग्राम विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के अंदर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समयावधि में जवाब दाखिल न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

मामला पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत जेठापुर खुर्द का है। गत वर्ष गांव निवासी एक ग्रामीण ने तत्कालीन डीएम को शपथ पत्र सहित की गई शिकायत पर ग्राम प्रधान और सचिव पर ग्राम निधि से कराए गए कार्यों से अधिक धनराशि निकालकर बंदरबांट करने का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। तत्कालीन डीएम ने जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता राजकुमार को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे। इसी मामले में अन्य ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर तत्कालीन डीएम ने जिला विकास अधिकारी और लघु सिंचाई के सहायक अभियंता रोहित भट्ट को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराने के आदेश दिए थे।

जांच अधिकारियों ने गांव पहुंचकर सभी बिंदुओं पर जांच करने के बाद रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी। दोनों जांच आख्याओं के परीक्षण में प्रथम दृष्टया ग्राम प्रधान और सचिव को 29,20,951 रुपये गबन का दोषी पाया गया। इधर, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने जांच में दोषी पाए गए ग्राम विकास अधिकारी नागेंद्र कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में दोषी ग्राम विकास अधिकारी को 15 दिन के अंदर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण न देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

> जिलाधिकारी के द्वारा कराई गई प्रथम दृष्टया जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता पाई गई है। इस मामले में संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **रोहित भारती,** जिला पंचायत राज अधिकारी

- डीपीआरओ ने दोषी सचिव से मांगा जवाब, 15 दिन के भीतर स्पष्टीकरण के निर्देश

### सड़कों के नाम पर चार लाख से अधिक डकारे

जांच आख्या के मुताबिक ग्राम पंचायत जेठापुरखुर्द में की गई जांच में 29 लाख से अधिक का फर्जीवाड़ा पाया गया है। पाया गया कि प्राथमिक विद्यालय के शौचालय मरम्मत के नाम से कार्ययोजना जारी की गई, मगर उक्त कार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय में कराकर 1.14 लाख से अधिक का भुगतान निकाल लिया गया। वहीं ग्राम पंचायत में विभिन्न रास्तों पर मिट्टी कार्य के नाम पर 4.43 लाख से अधिक का भुगतान निकाला गया। इसमें भी जांच के दौरान जिम्मेदार महज 1.56 लाख के बिल बाउचर दिखा सके। शेष धनराशि का कोई लेखा जोखा नहीं मिला। प्राथमिक विद्यालय में हैंडवाश यूनिट के नाम पर 2.58 लाख से अधिक के भुगतान संबंधी कोई पुष्टि नहीं हो सकी। कुल मिलाकर जांच में स्कूलों में कार्यों के नाम पर सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा होना पाया गया।

## फर्जी निकाहनामा बनाकर ब्लैकमेल कर रही महिला

**पूरनपुर, अमृत विचार:** विवाहित महिला ने एक युवक को अपने प्रेमजाल में फंसाकर फर्जी निकाहनामा बना लिया। अब महिला अपने परिजनों के साथ मिलकर युवक को धमकाकर मोटी रकम की मांग कर रही है। तहसील दिवस में शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर युवक की पत्नी ने एसपी से शिकायत की। कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर महिला समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव बिरहमपुर झांझरिया की रहने वाली किशमतुन की शादी कस्बे के शाहरुख खान से हुई है। आरोप है कि मोहल्ला बमनपुरी के रहने वाले यासीन की पत्नी शबनम ने उसके पति शाहरुख को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि महिला ने 22 जनवरी 2025 को एक फर्जी निकाहनामा भी तैयार कर लिया। उसके बाद से शबनम, उसका भाई तस्लीम, मुस्तकीम, मुजीब और सलीम मिलकर पति शाहरुख को धमका रहे हैं। आरोप है कि शबनम उसके जेठ अनवर खान और नंदोई आशिक को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फसाने की साजिश रच रही है। रुपये की मांग की जा रही है। कोतवाली पुलिस ने अब एसपी के आदेश पर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।




### भव्यता से मनाया प्रथम स्थापना दिवस



**पीलीभीत, अमृत विचार:** श्रीगौरी शंकर मंदिर में चिरंजीवी भगवान परशुराम के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम गणेश पूजन कर भगवान परशुराम के विग्रह का पंचामृत अभिषेक श्रृंगार पंडित विशेष मिश्रा और रूद्र शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रो से किया गया। पूजन कर भोग प्रसाद अर्पित किया गया। आरती के साथ ही भक्तों ने भजन गाए। अंत में प्रसाद वितरण हुआ। जिला उपाध्यक्ष पद पर दीपक पांडे, आलोक मिश्रा और कार्यकारिणी सदस्य पद पर रामऔतार का मनोनयन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट अशोक बाजपेई, दीपक शुक्ला, आकाश नारायण पाराशर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत



**बीसलपुर, अमृत विचार:** सड़क हादसे में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि 23 जून को बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर रम्पुरा चौराहे के पास की रहने वाली हीरालाल की पत्नी प्रेमवती रात करीब साढ़े 9 बजे मंदिर में पूजा करके घर आ रही थी। इस बीच दुपहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें वह घायल हो गई। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बरखेड़ा: सांड़ के हमले में ग्रामीण घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव पिपरा खास के निवासी 65 वर्षीय भीमसेन के बैलों पर हमला करने के लिए छुट्टा सांड दौड़ा। तभी भीमसेन ने उसे भगाने का प्रयास किया तो उन पर हमला कर दिया। घायल भीमसेन को सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### एंटी करप्शन टीम पहुंचने का मचा शोर

**माधोटांडा, अमृत विचार:** कलीनगर तहसील में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम की छापामारी का शोर मचा रहा। एक दूसरे से संपर्क कर लोग इसके बारे में जानकारी करते रहे। हालांकि कोई पुष्टि नहीं हो सकी। एसडीएम महिपाल सिंह का कहना है कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना रहा।

## आईलेट्स संचालक ने विदेश भेजने के नाम पर की ठगी

संवाददाता, पूरनपुर

- एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कस्बे के आईलेट्स सेंटर संचालक ने दंपति को इंग्लैंड भेजने के नाम पर लाखों रुपये ठग लिए। काम न होने पर रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने धमकी दी। पीड़ित ने जमीन बेचकर आरोपी को विदेश जाने के लिए रकम दी थी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद रामपुर की तहसील शाहबाद के गांव जनकपुर के महताब सिंह पुत्र सुखवंत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपना और पत्नी किरनदीप कौर का इंग्लैंड जाने के लिए कस्बे के कैंडिड केयर अकेडमी में वीजा अप्लाई किया था। इसके लिए कैंडिड केयर अकेडमी के संचालक एवं भाजपा नेता जगजीवन सिंह व उनकी पत्नी पिंदर कौर को अलग-अलग दिनों में 5.85 लाख रुपये दिए। पहले जगजीवन सिंह ने कॉलेज फीस के नाम पर नौ दिसंबर 2022 में 50 हजार रुपये ऑनलाइन लिए। इसके बाद बैंक खाते में फंड दिखाने के लिए मार्च 2023 में 03 लाख रुपये लिए। आरोप है कि 27 जुलाई 2023 में जगजीवन सिंह ने फीस डलवाने के लिए 2. 35 लाख रुपये महताब से और ले लिए। कुल 5.85 लाख रुपये लेने के बाद भी आईलेट्स संचालक जगजीवन सिंह ने महताब सिंह और उनकी पत्नी का वीजा नहीं लगवाया।

जब जगजीवन से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने इन्कार कर दिया। महताब सिंह ने बताया कि इंग्लैंड जाने के लिए उन्होंने अपनी जमीन बेचकर आरोपियों को रुपये दिए थे। रुपये वापस मांगने पर दोनों ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि आरोपी पर पूर्व में भी विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के कई मुकदमें दर्ज हो चुके हैं।

## एडीजी के आदेश पर हत्या की रिपोर्ट, नहर में मिला था शव

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** बरेली से दोस्तों के साथ मेला देखने आए युवक का शव नहर से बरामद हुआ था। इस मामले में एडीजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

बरेली जनपद के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला शाहदाना निवासी मनोज राणा अपने दोस्त मनीष, सूरज और गोपी के साथ 6 जून को दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के गांव इलावांस देवल में मेला देखने आए थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। दूसरे दिन उसका शव शारदा सागर खंड से निकली निगोही रजवाहा नहर में गाजना सिंधारपुर के पास से बरामद हुआ। परिवार ने हत्या की आशका जताई थी। अब एडीजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बारादरी बरेली के मोहल्ला शाहदाना निवासी मनीष सिंह पुत्र रामसिंह, सूरज पुत्र धर्म पाल, गोपी पुत्र मनोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


ललौरीखेड़ा ब्लॉक सभागार में हुई बैठक को संबोधित करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

- क्षेत्र समिति की बैठक में राज्यमंत्री ने अफसरों को फटकारा

**अमृत विचार:** गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शुक्रवार को ललौरीखेड़ा विकास खंड कार्यालय सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। उन्होंने जल जीवन मिशन के अफसरों को फटकार लगाई। कहा कि मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सड़कें या जमीन खोदकर गड्ढे बनाए गए। उनको तत्काल दुरूस्त कराएं। बरसात के दिनों वहां दिक्कत न होने पाए। ठीक से काम न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

राज्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की नीति के अनुसार विद्यालयों के विलीनीकरण की जो योजना चल रही है, उसमें भी यदि पास के दो स्कूलों के बच्चों की संख्या पर्याप्त होती है तो वहां समायोजन किया जाना चाहिए। राज्यमंत्री ने कृषि विभाग की ओर से बाजरा बीज की किट 150 ग्रामीणों को वितरित की।

बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत समिति के सदस्यों ने कई समस्याएं रखीं, जिनका समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कुछ सदस्यों ने राशन कार्ड संबंधी समस्याएं रखते हुए कहा कि कई जगहों पर सम्पन्न परिवार के लोगों को राशन कार्ड की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। ऐसी स्थिति में पात्रों को उनके राशन कार्ड न बनने की समस्या पैदा हो रही है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में सरकार पूरी तरह से साथ है। अगर कहीं कोई दिक्कत आ रही है तो उससे अवगत कराया जाए। ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने पिछली कार्य योजना की समीक्षा की और कार्य योजना के तहत जो कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें समय सीमा के भीतर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। संचालन बीडीओ लक्ष्मण प्रसाद ने किया। इस मौके पर गन्ना समिति चैयरमेन दिग्विजय सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, भाजपा जिला महामंत्री दिनेश पटेल, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमित, धर्मपाल, तोताराम, सत्यपाल, अश्वनी, विजयपाल, कुलदीप, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष शरद, ग्राम प्रधान चूड़ामणि, परमेश्वरी, रामपाल, अनिल राजा सहित आदि मौजूद रहे।

## टीम ने पहुंचकर कब्जामुक्त कराई जमीन

संवाददाता, मझोला


मौके पर पहुंचे यूपीसीडा के अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

- अमरिया तहसील क्षेत्र के भरा पचपेड़ा गांव का मामला

**अमृत विचार:** अवैध तरीके से कब्जा कर जमीन पर खेती शुरू कर दी गई। डीएम से शिकायत के बाद टीम ने पहुंचकर जमीन को कब्जामुक्त कराया। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

बीते दिनों क्षेत्र के भरा पचपेड़ा के रहने वाले हरपाल सिंह, रशपाल सिंह, किशनदेव, सतनाम, जगतार सिंह आदि ने डीएम से शिकायत की थी। इसमें बताया था कि भरा पचपेड़ा की करीब 1100 एकड़ भूमि यूपीसीडा को दी गई है। इसके अतिरिक्त करीब 20 एकड़ जमीन ग्राम समाज की है। उस पर बाहरी लोगों ने कब्जा कर रखा है। उस पर खेती की जा रही है। सात एकड़ यूपीसीडा की जमीन पर भी धान की रोपाई कर दी गई है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने पूर्व में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। गोशाला की जमीन पर भी धान की रोपाई की गई है। इस शिकायत पर एसडीएम अमरिया को जमीन कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। शुक्रवार को कार्रवाई करने के लिए टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद जमीन को कब्जा मुक्त कराया। कुछ लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन उनकी एक न चल सकी। इस मौके पर यूपीसीडा प्रबंधक गोपाल प्रसाद, सहायक प्रबंधक धर्मेंद्र कुशवाहा, लेखपाल जगदीश राजपूत, कानूनगो केके देवल, चौकी प्रभारी बिरहनी अजय तिवारी आदि थे।

## पति समेत 3 पर दहेज हत्या की रिपोर्ट, लखनऊ में हुई कार्रवाई

संवाददाता, पूरनपुर

- कृष्णा नगर थाना पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** शादी के आठ महीने बाद विवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए लखनऊ के कृष्णा नगर थाने में ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मृतका के भाई की ओर से की गई एफआईआर के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव रुद्रपुर के रहने वाले भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी बहन मीता सिंह की शादी 18 नवंबर 2024 को घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुर गांव निवासी रमेश सिंह पुत्र छोटेलाल से हुई थी। आरोप है कि बहनोई रमेश सिंह, देवर रामनरेश सिंह, ननद जनपद लखीमपुर खीरी के भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम फार्मटांडा निवासी रेखा देवी पत्नी उमेद सिंह अतिरिक्त दहेज में कार और लखनऊ में प्लॉट खरीदने के लिए 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद ही रमेश पत्नी मीता को लखनऊ ले गया और थाना कृष्णा नगर के ओशोनगर में किराए के मकान में रहने लगा। 2 जुलाई को बहनोई रमेश सिंह ने पार्सल आने के बारे में बताते हुए भूपेंद्र प्रताप को अपने आवास पर बुलाया। कुछ देर बाद पहुंचे तो बहन की मौत हो चुकी थी।

## ई-रिक्शा पलटा, युवती की मौत

संवाददाता, घुंघचिहाई

- मेले से वापस जाते वक्त हुआ हादसा
- एक अन्य गंभीर रूप से घायल


प्रियंका यादव

**अमृत विचार:** मेले से वापस लौटते वक्त सवारियों से भरा ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक युवती की मौत हो गई। बरेली ले जाते वक्त रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। आरोप है कि ई रिक्शा चालक नशे में था। शराब पीकर ई-रिक्शा चलाने का आरोप लगाया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा।

हादसा शुक्रवार दोपहर का है। घुंघचिहाई के रहने वाले तमाम लोग ई-रिक्शा में सवार होकर भगवतीपुर गांव में चल रहे मेले में गए थे। करीब दस महिलाएं-युवतियां गई थीं। दोपहर करीब 2 बजे मेले से वापस घर आ रहे थे। इस दौरान कढ़ैया कनपारा मोड़ के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में प्रियंका यादव (21) पुत्री गुड्डू यादव और संजना यादव (20) पुत्री राम बहादुर यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि उनके परिवार की ही सावित्री देवी, अंशिका, प्रिया, किरन आदि को मामूली चोट आई। गंभीर रूप से घायल दोनों युवतियो को पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया, वहां प्राथमिक इलाज के बाद प्रियंका को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए और फिर वहां से भी बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली ले जाते वक्त रास्ते में प्रियंका की मौत हो गई। परिजन शव को घर ले आए। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

### प्रियंका की तय हो चुकी थी शादी

इस हादसे के बाद परिवार का खुशनुमा माहौल मातम में बदल गया है। बताते हैं कि मृतक प्रियंका की शादी तय हो चुकी थी। उसकी गोद भराई की रस्म हो चुकी थी और उसकी शादी दिसंबर में होनी थी। इसे लेकर परिवार में तैयारियों के बीच खुशनुमा माहौल था। जब हादसे की सूचना लड़का पक्ष को दी गई तो वहां से भी तमाम लोग गमगीन परिवार के घर पहुंचे। उनका भी रोकर बुरा हाल रहा।

तैयारी | शासन से मिले निर्देश के बाद टाइगर रिजर्व प्रशासन तैयारियों में जुटा

# पीटीआर बनेगा ग्लोबल टाइगर डे के भव्य आयोजन का साक्षी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




- 29 जुलाई को होने वाले आयोजन में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बुलंदी का परचम लहरा चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व में ग्लोबल टाइगर डे (अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस) पर भव्य आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में देश के टाइगर रिजर्वों के अधिकारी और बाघों के संरक्षण में जुटे लोग शामिल होंगे। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद टाइगर रिजर्व प्रशासन इस भव्य आयोजन की तैयारियों जुट गया है।

हर साल 29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। इस दिन सभी टाइगर रिजर्वों में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही राज्य स्तर पर भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस बार आगामी 29 जुलाई को मनाए जाने वाले विश्व बाघ दिवस कार्यक्रम की मेजबानी का दायित्व पीलीभीत टाइगर रिजर्व को दिया गया है। इसमें देश के टाइगर रिजर्वों से अधिकारी और बाघों के संरक्षण में जुटे लोग शामिल होंगे। भव्य आयोजन के दौरान बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन पर चर्चा करने के साथ मानव-वन्यजीव घटनाओं और टाइगर कॉरिडोर आदि पर भी मंथन किया जाएगा।

शुक्रवार को शासन स्तर से मिले दिशा-निर्देश के बाद टाइगर रिजर्व प्रशासन 29 जुलाई को होने वाले भव्य आयोजन की तैयारियों में जुट गया है। कार्यक्रम स्थल समेत आयोजन के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

> इस वर्ष ग्लोबल टाइगर डे का उच्चस्तरीय कार्यक्रम पीलीभीत टाइगर रिजर्व में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंथन किया जा रहा है। – **मनीष सिंह,** डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

### टीएक्सटू अवार्ड हासिल कर चुका पीटीआर

महज चार साल में बाघों की संख्या दोगुनी होने के मामले में पीलीभीत टाइगर रिजर्व अंतरराष्ट्रीय टीएक्सटू अवार्ड हासिल कर चुका है। इसके अलावा बाघ संरक्षण में बेहतर योगदान पर कैट्स जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड भी टाइगर रिजर्व अपने नाम करा चुका है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 71 से अधिक बाघ पाए जाते हैं। यहां के बाघ अपनी कद-काठी को लेकर देश से लेकर विदेशों में मशहूर हैं। टाइगर रिजर्व से गुजरती नदियां व नहरें इसको और भी दिलचस्प बनाती हैं। जिसके दीदार के लिए देश-विदेश से सैलानी लाखों की संख्या में हर वर्ष पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं।



प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बवासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# नूरपुर गोशाला : वायरल वीडियो ने बढ़ाई टेंशन, सच्चाई परखने को दौड़े अधिकारी

## एसडीएम सदर ने टीम के साथ गोशाला पहुंचकर की जांच, डीएम को सौंपी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


नूरपुर गोशाला में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेतीं एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह।

**अमृत विचार:** गोशालाओं में गोवंशीय पशुओं की व्यवस्थाएं दुरुस्त होने के दावों के बीच एक दिन पूर्व सोशल मीडिया पर नूरपुर गोशाला से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अमले में खलबली मची रही। देर रात तक अधिकारी दौड़ते रहे और दूसरे दिन अफसर पहुंचकर जांच करते दिखे। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर गुरुवार देर शाम नूरपुर गोशाला पहुंची और निरीक्षण किया। हालांकि इसके बाद गोवंशों के लिए भूसा-हरे चारे आदि की व्यवस्था सही मिलने का दावा किया। अभिलेख में दर्ज पशु संख्या के सापेक्ष गोवंश भी पूरे होने की बात कही गई है। अंधेरा होने के कारण उन्होंने शुक्रवार सुबह भी गोशाला पहुंचकर जांच की। फिलहाल निरीक्षण के बाद जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई है।

मामला ललौरीखेड़ा ब्लॉक की नूरपुर गोशाला का है। बीते गुरुवार को नूरपुर गोशाला से जुड़े वीडियो और कुछ फोटोग्राफ सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। वायरल वीडियो में गोशाला के भीतर गदंगी के बीच कुछ पशु मरणासन्न हालत में पड़े दिखाई दे रहे थे। वहीं गोशाला के बाहर एक स्थान पर पशुओं के कंकाल और कुछ मृत पशु के शव भी पड़े दिख रहे थे, जिन्हें सही तरीके से न दफनाने की बात कही जा रही थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मच गई। इसके बाद प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने जांच के निर्देश दिए थे। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह गुरुवार देर शाम टीम के साथ नूरपुर गोशाला पहुंची। इस दौरान उन्होंने परिसर में गोवंशों के संबंध में जानकारी लेने के साथ भूसा, हरे चारे आदि की व्यवस्था को भी देखा। परिसर का भी जायजा लिया, मगर अंधेरा होने के चलते वे वापस लौट आई। इधर, शुक्रवार सुबह एसडीएम सदर ने गोशाला पहुंचकर दोबारा जांच की। गोशाला के स्टाफ और पशु चिकित्साधिकारी से गोवंशों के संबंध में जानकारी ली। गोवंशों की संख्या की भी जांच कराई गई। उनके अनुसार, अभिलेखों में दर्ज संख्या के सापेक्ष ही पशु मिले। निरीक्षण के दौरान जहां-तहां जलभराव और कीचड़ आदि मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जरुरी कार्य कराने के निर्देश दिए गए। फिलहाल निरीक्षण के बाद एसडीएम सदर ने जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है।

**• ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र की गोशाला का मामला, कीचड़ और जलभराव दूर कराने के निर्देश**

> नूरपुर गोशाला में भूसा, हरा चारा आदि की व्यवस्था के साथ परिसर का भी निरीक्षण किया गया। अभिलेख में दर्ज गोवंशों की संख्या के सापेक्ष ही गोवंश पाए गए। गोशाला परिसर में कुछ कार्य होना है। इसको लेकर संबंधित को निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी गई है।
> – **श्रद्धा सिंह**, एसडीएम सदर

# बरसिया : यज्ञ में दी आहुतियां सम्मानित किए गए मेधावी


कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाता छात्र। • अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बरसिया स्थित कुंवर झनकार सिंह इंटर कॉलेज में गायत्री यज्ञ और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। सुबह करीब नौ बजे बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के श्रद्धालु एकत्र हुए और यज्ञ में आहुतियां दी। यज्ञवेदी की परिक्रमा की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इसके बाद कॉलेज में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट बीसलपुर के मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी सत्यपाल सिंह यादव ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा के साथ विद्या की भी आवश्यकता है। शिक्षा हमें जीवन जीने के तौर तरीके सिखाती है। विद्या जीवन जीने की कला सिखाती है, जो आज के समय में महत्वपूर्ण है। बच्चों को संस्कार परक शिक्षा भी दी जाए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा, जिला पंचायत सदस्य शिव स्वरूप गंगवार, गायत्री गंगवार, रामकुमार, चेतराम, कपिल देव, प्रताप सिंह, देवकीनंदन, राजेंद्र कुमार, अनोखेलाल आदि मौजूद रहे। यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की गई। प्रबन्धक भूपेन्द्र कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# काजरबोझी गांव में तेंदुआ की चहलकदमी, दहशत में ग्रामीण

संवाददाता, बरखेड़ा

**• टीम के साथ पहुंचे रेंजर, ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव काजरबोझी में पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ की चहलकदमी देखी जा रही है। बीते बुधवार को तेंदुआ एक पालतू कुत्ते को भी उठा ले गया था। इधर शुक्रवार को क्षेत्रीय वनाधिकारी ने टीम के साथ पहुंचकर स्थिति का जायज लिया। टीम में एक खेत में तेंदुआ के पगमार्क भी मिले हैं। हालांकि वन अफसर पुराने पगमार्क होने की बात कह रहे हैं।

बता दें कि बीते 27 जून को गांव काजरबोझी के समीप गन्ने के खेत में तेंदुए की लोकेशन मिलने के साथ ही उसके पग मार्क भी मिले थे। गांव में तेंदुआ होने की सूचना पर वन एवं वन्यजीव प्रभाग बीसलपुर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी रोहित जोशी टीम के साथ गांव पहुंचे थे। इसके अगले दिन ही संबंधित स्थानों पर तेंदुआ की गतिविधि पर नजर रखने के लिए दो ट्रेप कैमरे भी लगवाए गए थे। हालांकि इसके बाद तेंदुआ का चहलकदमी न के बराबर ही दिखी थी। इधर बीते बुधवार रात तेंदुआ गांव से दौलापुर को जाने वाले मार्ग पर ओमपाल के घर के आसपास देखा गया था। बताते हैं कि तेंदुआ ने घर के अंदर घुसने का भी प्रयास किया। इस बीच तेंदुआ पालतू कुत्ते को उठाकर ले गया।

सूचना मिलने के बाद वनकर्मी भी मौके पर पहुंचे थे। टीम को पास के ही एक खेत में पगमार्क भी मिले थे। इधर शुक्रवार को क्षेत्रीय वनाधिकारी रोहित जोशी टीम के साथ तेंदुआ की चहलकदमी वाले स्थान पर जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान टीम को एक खेत में तेंदुआ के पगमार्क भी मिले। हालांकि पगमार्क पहले के होना पाए गए हैं। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने बताया तेंदुआ की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने को कहा गया है।

# कुछ देर की बारिश और मुसीबत बने अधूरे काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


असम चौराहा पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के चलते सड़क किनारे फैली कीचड़।


बारिश के बीच स्कूल से घर जाते बच्चे।

**• असम चौराहा फ्लाईओवर समेत कई जगह चल रहा है निर्माण**

**अमृत विचार:** मौसम का मिजाज इन दिनों बार-बार बदल रहा है। कभी धूप तो कभी तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। एक ही दिन में मौसम करवट ले रहा है। शुक्रवार दोपहर को भी कुछ देर तेज बारिश हुई और गर्मी से कुछ राहत मिली। मगर, सड़कों पर फैली अव्यवस्था राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई। आधे अधूरे निर्माण कार्य से दिक्कत अधिक रही।

शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप निकली रही, जिससे उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो गए। मगर दोपहर 12 बजे के आसपास अचानक मौसम बदला। बाछल छा गए और तेज हवा चलना शुरू हो गई। कुछ ही देर में बारिश हुई। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई। करीब आधे घंटे बाद बारिश रुक गई और सड़कों पर अव्यवस्था ने परेशान कर दिया। हल्की बारिश में ही कई जगह जलभराव हुआ। असम चौराहा के पास ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। बारिश के बाद यहां कीचड़ फैल गई, जिससे राहगीरों को दिक्कत हुई। डिग्री कॉलेज चौराहा, रोडवेज के पास भी निर्माणाधीन कार्यों के चलते कीचड़ रही।

टनकपुर हाईवे पर फुटपाथ में गड्ढों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बारिश के बाद यहां पर जलभराव और कीचड़ हो गई, जिससे सफर करने वाले खासकर दोपिहया वाहन चालकों को दिक्कत होती रही। इसके बाद दोपहर में दोबारा धूप निकली और फिर शाम 5 बजे के बाद मौसम बदला और कुछ देर रिमझिम बरसात हुई। जिससे गर्मी से कुछ राहत मिलती रही। मंडी समिति में भी बारिश के बाद कीचड़ फैली रही। जिसमें दुपहिया वाहन चालकों को हादसे का डर सताता रहा। तापमान अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फिलहाल आने वाले दिनों में भी बारिश के आसार बने हुए हैं।

### कई जगह हुए फाल्ट, टीमें दौड़ाई

बारिश के बीच बिजली कटौती की समस्या गहराई रही। ड्रमंड कॉलेज गेट पर लगे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हुआ। ललौरीखेड़ा पोषक पर भी फाल्ट हो गया। गुलाबी खेत इलाके में तार में खराबी आई। इसके अलावा टाउन नंबर दो फीडर की डिस्क पंचर हो गई। जिसका टीम भेजकर सुधार कराया गया। इस दौरान करीब दो घंटे बिजली सप्लाई बाधित रही। इसके बाद भी आंख मिचौली बनी रही।


ट्रांसफार्मर का फ्यूज बांधता कर्मचारी।

# स्कूलों की मर्जर प्रक्रिया के विरोध में निकाला जुलूस

संवाददाता, बीसलपुर

**• मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक को सौंपा**


विधायक विवेक वर्मा को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेसिक विद्यालयों में मर्जर प्रक्रिया चलाकर प्रधानाध्यापक के पदों को समाप्त करने के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने शुक्रवार को जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा को सौंपा गया।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मोहल्ला पटेल नगर स्थित जिला कैंप कार्यालय पर शिक्षक एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष दयाशंकर गंगवार की अगुवाई में जुलूस की शक्ल में शिक्षक नारेबाजी करते हुए विधायक के आवास पर पहुंचे और ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि मनमाने ढंग से विद्यालयों का विलय किया जा रहा है। कई प्रधानाध्यापक पद विहीन हो गए और रसोइयों की सेवाएं खत्म हो गई हैं। बच्चों को दूसरे विद्यालयों में पढ़ने जाने में परेशानी हो रही है। इस आदेश को निरस्त करने की मांग की। इस मौके ब्लॉक अध्यक्ष रामऔतार गंगवार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री जितेंद्र कुमार सिंह, गजेंद्र पाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, समाधान नहीं


ग्राम पंचायत बिठौराकलां में बंदरों का झुंड। • अमृत विचार

संवाददाता, बिठौराकलां

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान अरविंद कुमार और गोपाल मिश्रा ने बीडीओ मरौरी से की है, जिसमें बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

बीडीओ से की गई शिकायत में बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से बंदरों के झुंड ग्रामीणों पर हमलावर होते हैं। घरों में घुसकर सामान तोड़फोड़ करते हैं और फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन बंदरों के हमलों में अब तक तीन ग्रामीणों की जान जा चुकी है, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। मृतकों में कालीचरन पुत्र भजनलाल, डालचंद पुत्र हीरालाल और रामकुमार शामिल हैं। बच्चों को लेकर भी चिंता बनी रहती है। बीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव नेहा को समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। गए आदेश के तहत अब यह देखना होगा कि बंदरों को पकड़ने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं और ग्रामीणों को कब तक इस समस्या से स्थायी समाधान मिलता है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व प्रधान की पुत्री का सुपरवाइजर पद चयन



**पूरनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बिलंदपुर अशोक के रहने वाले पूर्व प्रधान बृजेश गंगवार की पुत्री मनीषा गंगवार का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत सुपरवाइजर पद पर हुआ है। बेटी की सफलता पर परिवार में हर्ष है। ग्रामीण भी परिवार को बधाई दे रहे हैं। मनीषा ने इस सफलता के पीछे माता-पिता का आशीर्वाद और कड़ी मेहनत को श्रेय दिया। बता दें कि मनीषा की छोटी बहन सोनम गंगवार वर्तमान में एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्रा हैं।

### सांड़ के हमले में ग्रामीण घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर निवासी उमेश चंद्र का पुत्र दीपक कुमार शुक्रवार को खेत पर फसल देखने गया था। वापस घर जाते वक्त रास्ते में छुट्टा सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और बचाया। घायल को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**माधोटांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरपुरी निवासी अनुज (15) पुत्र रामबहादुर गुरुवार शाम खेत पर गए थे। मेड़ पर बैठे हुए थे कि उन्हें सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिवार ने शव का पोस्टमासर्टम कराने से इन्कार कर दिया। हादसे के बाद चीख पुकार मची रही।

### लॉ कॉलेज में मेरिट लिस्ट चस्पा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** हाफिज रहमत खां लॉ कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर और उससे संबद्ध महाविद्यालय में 30 जून तक पंजीकृत छात्र छात्राओं का प्रथम चरण में प्रवेश होना है। इसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई है। लॉ कॉलेज में तजो अभ्यार्थी फार्म जमा कर चुके हैं, उसकी मेरिट लिस्ट घोषित कर दी गई है। इस सूची में जिनका नाम शामिल है, वह पांच जुलाई तक समस्त दस्तावेज मूल अंकपत्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व दो फोटो के साथ कॉलेज परिसर में सुबह पहुंचें।

### डीआरएम ने निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक ने पीलीभीत जंक्शन पर पहुंचकर स्टेशन परिसर समेत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेल अफसरों से भी जानकारी ली और गुणवत्तापरक कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा शुक्रवार शाम विशेष मोटर यान से पीलीभीत जंक्शन पर पहुंची। यहां उन्होंने भ्रमण कर स्टेशन परिसर पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्टेशन परिसर में चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों का निरीक्षण करने के साथ अब तक किए गए कार्यों के संबंध में रेल अफसरों से जानकारी ली। निरीक्षण के बाद उन्होंने बैठक कर रेल अफसरों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए। करीब दो घंटे के बाद मंडल रेल प्रबंधक बरेली लौट गई। हालांकि मंडल रेल प्रबंधक के निरीक्षण की जानकारी पहले ही स्थानीय रेल अफसरों को हो गई थी। इसके चलते स्टेशन परिसर पर पहले से ही सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ली गई थीं।

### इंद्रजीत को बनाया प्रदेश अध्यक्ष

**बिठौराकलां, अमृत विचार :** भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हर्ष महेश्वरी ने ग्राम पंचायत बिठौराकलां के रहने वाले इंद्रजीत सिंह पुत्र मोहनलाल को संगठन का युवा मोर्चा विंग का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है।

# जोन ऑफ एक्सीलेंस: 4 माह में भी परवान न चढ़ी डीएम की मुहिम

## सीतापुर हाईवे पर हादसे का कारण बन रहे अवैध कट, दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शुरू किया गया था अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए डीएम ने जोन ऑफ एक्सीलेंस की मुहिम शुरू की थी, जो लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई। आलम यह है कि चार माह बीत जाने के बाद भी शहर के एलआरपी चौराहे से लेकर ओयल में मोतीपुर मोड़ तक अभी भी अवैध कट बने हुए हैं। यह स्थिति तब है जब डीएम ने हाईवे से लेकर अन्य सड़कों पर अवैध कटों को अभियान का आरंभ करने के 15 दिन के भीतर बंद करने के निर्देश दिए थे।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले में होने वाले सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जोन ऑफ एक्सीलेंस मुहिम शुरू कर हाईवे से लेकर अन्य मार्गों पर बने अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए। इस मुहिम का उद्देश्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर हादसे का शार्ट कट बने अवैध कटों का बंद कराना था। डीएम ने स्वयं सात फरवरी को एलआरपी पहुंचकर सीतापुर रोड पर दो किलोमीटर तक बने अवैध कट बंद कराकर जिम्मेदारों को सात दिन में शेष रह गए कट बंद कराने के निर्देश दिए थे। मगर, चार माह बाद भी पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदारों ने सभी अवैध कट बंद कराना जरूरी नहीं समझा। यही वजह है कि एलआरपी से लेकर मोतीपुर जिला अस्पताल तक करीब 15 किलोमीटर की दूरी में आठ से 10 फिट चौड़े तीन से चार कट अब भी बने हुए हैं। इससे हर समय हादसे का डर रहता है।


सीतापुर हाईवे पर डिवाइडर में बना अवैध कट। ● अमृत विचार


मोतीपुर गांव की मोड़ से पहले पेट्रोल पंप के सामने अवैध कट। ● अमृत विचार


हाईवे पर मोहम्मदाबाद गांव के आगे बना अवैध कट। ● अमृत विचार

> जोन ऑफ एक्सीलेंस मुहिम के तहत अवैध कट बंद कराए गए हैं। कुछ अवैध कट बंद नहीं हो पाए हैं। जल्द ही जो अवैध कट रहे गए हैं, उन्हें भी बंद करा दिया जाएगा। –**अनिल कुमार यादव**, लोक निर्माण विभाग सीडी–श्री

- जनवरी– 2025 में जोन ऑफ एक्सीलेंस को लेकर कार्ययोजना बनी।
- 7 फरवरी को डीएम ने एलआरपी चौराहे पर जाकर बंद कराए थे अवैध कट।
- सीतापुर हाईवे पर चार माह बाद भी कायम हैं आठ से 10 फीट के तीन कट।

### मौतों के बाद भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार

सीतापुर जिले के गांव अमरैया निवासी हरिप्रसाद अपनी पत्नी पम्मी एवं तीन साल की बेटी प्रियांशी को लेकर बाइक से मोहम्मदी क्षेत्र के गांव सरैया विलियम में रिश्तेदर के घर जा रहे थे। बताया जाता है कि नेशनल हाईवे के इदलापुर गांव के निकट स्थित पेट्रोल पंप के सामने बने अवैध कट से पेट्रोल भरवाकर हरिप्रसाद हाईवे पार करने लगे। इस दौरान सीतापुर की ओर से आ रही इनोवा कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पम्मी को गंभीर हालत में सीतापुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने किए थे लंबे चौड़े दावे

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने जोन ऑफ एक्सीलेंस के तहत सड़क किनारे का अतिक्रमण हटवाना, इस एरिया में होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, सड़कों पर अनधिकृत कब्जे रोकना, डिवाइडरों के अवैध कट बंद कराने के लंबे चौड़े दावे किए थे। मगर, हकीकत में यह दावे रात गई बात गई की तरह होकर रह गए। यही वजह है कि चार माह बीत जाने के बाद भी हाइवे के कई कट अब तक बंद नहीं हुए।

### फरवरी तक जिले में 774 हादसों में 525 की गई जान

प्रदेश के 20 सर्वाधिक हादसे वाले जिलो में अपना जिला भी शामिल है। हालांकि इसमें नंबर एक पर हरदोई जिला है तो वहीं 11वें नंबर पर लखीमुपर खीरी है। एक आंकडे के मुताबिक गत वर्ष जिले में 774 सड़क हादसों में 525 लोगों की जान चली गई।

### जीरो मृत्यु दर लक्ष्य प्राप्त करने में पीडब्ल्यूडी का अड़ंगा

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नवाचार के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से 10 किमी की परिधि को जोन ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया था। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को शून्य करना था। इसके लिए जोन में आने वाले दो एनएच, दो स्टेट हाईवे, चार प्रमुख जिला सहित अन्य मार्ग शामिल किए गए थे। इसका उद्देश्य अवैध कट आदि बंद कराने के साथ लोगों को जागरूक कर जीरो मृत्यु दर का लक्ष्य पाना था। मगर, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की कारस्तानी के कारण डीएम की मुहिम को झटका लग रहा है।

# बिजली उपकेंद्र पर मारपीट व तोड़फोड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जेई की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** चार दिन पहले नई बस्ती पॉवर हाउस पर तोड़फोड़, कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने जेई की तहरीर पर एक युवक को नामजद कर अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नई बस्ती पॉवर हाउस के जेई अमरदीप कुमार ने बताया कि 30 जून दो बजे नई बस्ती पॉवर हाउस की 33 केवीए लाइन के तार टूट गए थे। सप्लाई बंद कर कर्मचारी उसे ठीक करने में लगे थे। फाल्ट दूर कराने के बाद लखीमपुर टाउन से सप्लाई शाम करीब छह बजे चालू करा दी थी, लेकिन लोड अधिक होने से नई बस्ती पॉवर हाउस से पांचों पोषक को सप्लाई देने में दिक्कतें आ रहीं थी। इसलिए एक पोषक को बंद कर दूसरे पोषक की सप्लाई चालू की जा रही थी। परिचालक रामवीर सिंह ड्यूटी पर थे। रात करीब 10:15 बजे मोहल्ला काशीनगर निवासी अमित महेंद्रा कई साथियों के साथ आए और गाली गलौज करने लगे। कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी। कंट्रोल रूम में घुसकर 11 केवी का पैनल क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की। सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए। इससे पूर्व भी 33, 11 केवी सप्लाई ब्रेकडाउन होती है या पोषक में ब्रेक डाउन होता है तो अमित महेंद्रा ही साथियों के साथ तोड़फोड़ करते हैं। प्रभारी निरीक्षक सदर हेमंत राय ने बताया कि जेई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस जांच कर रही है।

# भगवान भरोसे चल रहा लखीमपुर का रोडवेज बस अड्डा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** परिवहन निगम का रोडवेज बस अड्डा भगवान भरोसे चल रहा है। एआरएम के चोटिल होने से मेडिकल पर जाने के बाद बस अड्डे की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। शुक्रवार को डिपो के दोनों केंद्र प्रभारी गायब रहे, जिससे परिसर में अव्यवस्थाएं हावी रहीं और गंदगी भी फैली रही।

लखीमपुर बस अड्डे से बसों का समय पर संचालन होने के साथ व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहें। इसके लिए एआरएम से लेकर दो केंद्र प्रभारी शहीन जहां एवं सहदेव की तैनाती है। बावजूद बस अड्डे पर अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि न तो बसों का समय से संचालन हो पा रहा है और न ही परिसर साफ सुथरा रह पा रहा है। इसकी वजह जिम्मेदारों की अनदेखी एवं बस अड्डे से गायब रहना है। एआरएम गीता सिंह चोटिल होने के कारण मेडिकल पर हैं। ऐसे में रोडवेज बस अड्डे से बसों का समय पर संचालन से लेकर अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी केंद्र प्रभारियों की है।

मगर, शुक्रवार को दोनो केंद्र प्रभारी डिपो से नदारद रहे। ऐसे में पूछताछ कार्यालय के निकट रखा डस्टबिन गिराकर कुत्ते परिसर में गदंगी फैलाते रहे। इसे देखकर तमाम वहां पर बैठने से गुरेज करते रहे।


पूछताछ कार्यालय के निकट परिसर में फैली गंदगी। ● अमृत विचार

- एआरएम के मेडिकल पर जाते ही दोनों केंद्र प्रभारी भी गायब
- जिम्मेदारों के गायब रहने से परिसर में फैली रही गंदगी

> दोनो केंद्र प्रभारियों के डिपो से नदारद रहने की सूचना मिली थी। इस पर शाहीन जहां ने शुक्रवार को रेस्ट होना और दूसरे केंद्र प्रभारी सहदेव ने अवकाश पर जाना बताया। एआरएम की ना मौजूदगी में बिना पूर्व सूचना दिए डिपो छोड़ने के मामले में दोनो से स्पष्टीकरण तलब होगा। –**महेश चंद्र कमल**, प्रभारी एवं एआरएम गोला डिपो

### जिम्मेदारों का गायब रहना बना चर्चा का विषय

जिला मुख्यालय पर स्थित रोडवेज बस अड्डे से जिम्मेदारों का गायब रहना कर्मचारियों में चर्चा का विषय बन गया। रोडवेज के कर्मचारियों का कहना था कि डिपो पर कभी भी कोई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आ सकता है। ऐसे में उनके सवालों का जवाब कौन देगा। कहने के लिए तो डिपो पर दो केंद्र प्रभारी हैं, लेकिन दोनों के दोनों ही कार्यालय से गायब हैं।

# शारदा का जलस्तर बढ़ा, रास्तों पर भरा पानी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** उत्तराखंड एवं नेपाल के पहाड़ों पर हुई भारी वर्षा के बाद शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। शारदा का पानी उफनाकर कचनारा से इमलिया फॉर्म जाने वाले मार्ग पर चलने लगा है, जिससे करीब आधा दर्जन गांवों तक पहुंचना कठिन हो गया है। इसके अतिरिक्त इन गांवों के खेतों में लहलहाती फसलें जलप्लावित हो चली हैं। इससे यहां के किसान बेहद चिंतित हैं।

कई दिन से पहाड़ों पर अच्छी बरसात हो रही है। जिसका पानी सिमटकर तराई क्षेत्र की शारदा, सुहेली, नकौआ, मुहाना आदि नदियों में पहुंचकर उनके जलस्तर को बढ़ा रहा है। शारदा नदी में पहुंचा वर्षा और बाढ़ का पानी तहसील क्षेत्र के ग्राम कचनारा से इमलिया फॉर्म जाने वाले रास्ते तक पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं रास्ते पर तेज चल रहे करीब 2 फिट से 3 फीट तक पानी ने जहां ग्राम सभा सूरजपुर, जंगल नंबर 7, जमुनहा, ढकिया, कुंवरपुर, बझेड़ा तथा इमलिया फॉर्म जाने वालों का रास्ता बंद कर दिया है वहीं ग्रामों के अनेक किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर फसलें भी जलमग्न कर डाली हैं।

इससे इन ग्रामों के संबंधित किसान काफी परेशान हैं। वे तहसील प्रशासन द्वारा डूबी फसलों का सर्वे कराकर उनकी क्षतिपूर्ति की मांग करने की सोचने लगे हैं।


इमलिया फॉर्म जाने वाले मार्ग पर भरा पानी। ● अमृत विचार

- इमलिया फार्म सहित कई गांवों का रास्ता बंद
- बाढ़ के पानी से होकर निकलने को मजबूर लोग

## बाढ़ से बचाव के लिए राहत चौकी स्थापित

**सिंगाही, अमृत विचार:** बाढ़ की आशंका को लेकर नगर पंचायत में चौकी बनाई गई है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर पुलिस एवं राजस्व कर्मियों को लगाया गया है।

नायाब तहसीलदार सुधांशु शाही ने बताया कि एक चौकी कस्बे के मैरिज हॉल में बनाई गई है। बाढ़ राहत चौकी पर स्वास्थ्य एवं शिक्षा और पुलिस व राजस्व कर्मियों को लगाया गया है। जो गांव भैरमपुर, सिंगहा कला से सिनौहाना, मोतीपुर, निबौरिया, बथुवा आदि दर्जनों गांव के लोगों को बाढ़ की विभीषिकी से बचाने के साथ राहत सामग्री पहुंचाने का काम करेगें। चौकी प्रभारी आलोक रंजन मौर्य, लेखपाल दिलीप कश्यप, ग्राम रोजगार सेवक राम बहादुर (भेड़ौरा), मोहम्मद याकूब (शिकायत देहात), आशा कार्यकर्ता पूनम देवी (नौबना) और नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानपति पर बांका और बगौड़ी से किया हमला

संवाददाता, नकहा

**अमृत विचार:** थाना खीरी क्षेत्र में रास्ते पर दीवार बनाने से मना करना ग्राम पंचायत रुखिया के प्रधान पति को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने उन्हें घेरकर बांके और बगौड़ी से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिता उसके दो पुत्रों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर दोनों भाइयों को गिरफ्तार किया है।

ग्राम पंचायत रुखिया की ग्राम प्रधान नीलम देवी ने बताया कि गांव की साधन सहकारी समिति के रास्ते पर काशीराम अपने पुत्र सूरज व अमित के साथ दीवार बना रहे थे। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध किया था। इस पर उनके पति किशोरी लाल मौके पर पहुंचे और रास्ते पर निर्माण कार्य कराने से मना किया। इससे आरोपी भड़क उठे और गाली गलौज करने लगे। गाली देने का विरोध करने पर तीनों ने उनके पति किशोरी लाल पर बांका और धारदार गन्ना काटने वाली बगौड़ी से सिर पर प्रहार कर दिए। सिर फटने से पति खून से लथपथ हो गए। ग्रामीणों ने उनकी जान बचाई। गंभीर घायल प्रधानपति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि घायल की तहरीर पर सूरज, अमित व काशीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

# लोहिया पुल के पास बाघिन को देख बाइक छोड़कर भागा सवार

संवाददाता, बांकेगंज/कुकरा

**अमृत विचार:** शुक्रवार की सुबह गोला तथा जटपुरा बीट के बीच बांकेगंज कुकरा मार्ग स्थित लोहिया पुल पर बाघिन के आ जाने से बाइक सवार बाइक छोड़कर भागा। उसी समय कुकरा से बांकेगंज अपनी बेटी के साथ बाइक से आ रहा एक अन्य शिक्षक भी चीखते-चिल्लाते अपनी जान बचाकर भागा।

कुकरा निवासी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि वह बांकेगंज के एक निजी विद्यालय में कार्य करते हैं तथा वहीं उनकी बेटी पढ़ती है। सुबह करीब सवा सात बजे वह कुकरा से बांकेगंज विद्यालय के लिए निकले। जब लोहिया पुल के पास पहुंचे तो देखा कि सामने सड़क किनारे एक पल्सर बाइक गिरी पड़ी थी। लगभग 150 मीटर दूर आगे दो लोग खड़े हाथ हिला रहे थे जिससे उन्होंने पुल पर अपनी बाइक रोक दी। उसी समय उनकी बेटी दामिनी की नजर उनकी बाइक के नजदीक खड़ी बाघिन पर पड़ी। वह बहुत तेजी से चिल्ला उठी जिससे उन्होंने बाघिन को एक कदम पीछे हटते देखा। हिम्मत करके वह भी जोर-जोर से चिल्लाने लगे। बाघिन एक कदम और पीछे हटी और मुंह फैलाया। मौत को इतने करीब देखने के बाद वह पसीने से भीग गए। वह बाघिन के इतने नजदीक थे कि यदि बाइक छोड़कर भागते भी तो वह हमला कर देती इसलिए बाइक स्टार्ट की और तेजी से आगे निकल आए। इससे जान बच गई।

रत्नापुर के मनदीप सिंह ने बताया कि पल्सर बाइक बांकेगंज से कुकरा जा रहे शिक्षक कौशल किशोर की थी जो बाघिन को पुल पर देखकर बाइक छोड़कर भाग गए थे। बाघिन पुनः लगभग 11 बजे ढाका पुलिया के सड़क पार करती दिखाई दी। जिसका वीडियो भी उस समय वहां से चौपहिया वाहन से निकल रहे एक सिक्ख युवक ने बनाया। सड़क क्रॉस करने के बाद एक नाले में भरे पानी में कुछ देर के लिए बाघिन बैठ गई। उससे कुछ देर तक रोड पर यातायात बाधित रहा। आसपास खड़े लोगों ने सिक्ख युवक से वह वीडियो ले लिया, जो खूब वायरल हुआ। उस समय एक साइकिल सवार भी वहां से निकल रहा था।

ढाका ग्राम प्रधान ने बताया कि बाघिन कई बार सड़क पर से गई। उसके साथ उसके शावक भी हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई है। विद्यालय भी खुल चुके हैं तथा पढ़ाई शुरू हो चुकी है। ऐसे में गांव से कुकरा तथा बांकेगंज के विद्यालयों में पढ़ने जाने वाले बच्चे और उनके माता-पिता भयभीत हैं। वन विभाग को लोहिया पुल के पास एक स्थाई चौकी बना देनी चाहिए, जिससे कि लोगों का भय समाप्त हो जाए और बच्चे भी पढ़ने सुरक्षित जा सकें। वन विभाग कई दिन पहले से ही बाघिन को पकड़ने की कोशिश कर रहा है परंतु ऐसा लगता है कि वह महज दिखावा कर रहा है।

जब बाघिन दिखाई देती है तब वन कर्मी उसे ट्रैंकुलाइज करने या पकड़ने का प्रयास नहीं करते हैं तथा जब वह दूर निकल जाती है तब ड्रोन उड़ा कर लोगों को यह दिखाने का प्रयास किया जाता है कि विभाग को हमारी चिंता है। पूरे दिन में कई बार बाघिन के दिखाई देने के बावजूद वन कर्मियों ने कोई प्रयास नहीं किया। मौके पर आए जरूर परंतु जानकारी लेकर चले गए। ऐसे में यदि हम लोगों के साथ कोई हादसा होता है तो निश्चित ही ग्रामीण और किसान एकजुट होकर पुरजोर विरोध करेंगे। जटपुरा वन बीट के वन दरोगा राजाराम तिवारी ने बताया कि मेरे सामने से भी बाघिन निकली। वह कभी जटपुरा बीट में तथा कभी गोला पश्चिमी बीट में प्रवेश कर जाती है।


ढाका मार्ग पर सड़क पार करती बाघिन।


कुकरा मार्ग पर लोहिया पुल के पास खड़ी बाघिन।

- दिन भर लोहिया पुल के नजदीक रही बाघिन

## सार-संक्षेप

### दो स्कूली वाहन सीज, आठ का चालान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** संभागीय परिवहन विभाग के चलाए जा रहे 15 दिवसीय अभियान के तहत तीसरे दिन एआरटीओ ने नियम विरुद्ध संचालित दो स्कूली वाहनों का सीज किया है। वहीं आठ वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने बताया कि पहली जुलाई से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान की शुरुआत हुई है जो 15 जुलाई तक चलेगा। अभियान के तीसरे दिन भी टीमों ने विभिन्न मार्गों पर स्कूली वाहनों को रोककर चेकिंग की। कमियां मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### पुलिस मौजूदगी में तीसरे दिन हुआ खाद का वितरण

**बिझौली, अमृत विचार:** क्षेत्र में कई दिनों से यूरिया किल्लत बनी हुई थी। इससे किसान काफी परेशान थे। बुधवार सघन सहकारी समिति बिझौली पर 540 बोरी यूरिया बंटने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में किसानों की भी सहकारी समिति बिझौली पर उमड़ पड़ी। इससे यूरिया वितरण के दौरान अफरा तफरी मच गयी थी, जिससे वितरण बन्द कर दिया गया था। शुक्रवार को सुबह फिर भीड़ समिति पर इकट्ठा हुई लेकिन पुलिस व समिति अध्यक्ष आदित्य सिंह, सचिव रंजीत मौर्य ने किसानों को लाइन में खड़ा कर कर व्यवस्थित तरीके से यूरिया का वितरण शुरू कराया। अध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि 600 बोरी यूरिया की डिमांड लगी है। शाम तक पहुंचने की उम्मीद है।

### गजलकार श्रीकांत तिवारी जुलाई को होंगे सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कपिलास फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक और प्रवक्ता, स्थापित व्यंग्यकार, गजलकार श्रीकांत तिवारी कांत को 10 जुलाई को कैप्टन अभय कुमार आनंद स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### ईसानगर में गायत्री परिवार का महिला सम्मेलन कल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में लखीमपुर नगर में 29 अक्टूबर को विराट नारी उत्कर्ष समारोह होगा। इसके आयोजन को लेकर रविवार ईसानगर में ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन एवं कार्यकर्ता गोष्ठी होगी। ब्लॉक समन्वयक राकेश यादव ने बताया महिला सम्मेलन राधेश्याम जनता विद्यालय कुटी परिसर में सुबह 10 बजे से होगा। इसमें प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जय प्रकाश वर्मा मौजूद रहेंगे। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया कि सम्मेलन में अधिक से अधिक महिलाएं शामिल हों, गायत्री परिवार के लोग गांव–गांव जाकर महिलाओं का पंजीकरण कर शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

### आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में प्रवेश के लिए 10 तक पंजीकरण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता शुक्ला ने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक (संस्कृत व हिंदी) कक्षाओं में शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए छात्राओं को महाविद्यालय की वेबसाइट bakpgcollege.co.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। प्राचार्य ने बताया कि रजिस्ट्रेशन कराने के बाद छात्राओं को उसका प्रिंट निकलवाकर महाविद्यालय में जमा करना होगा। प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। इसके बाद पंजीकरण नहीं होगा। बिना पंजीकरण के प्रवेश प्रक्रिया में छात्राओं को शामिल नहीं किया जाएगा।

### रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव

**मैगलगंज, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव चपरतला के निकट शुक्रवार को एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के निकट पड़ा देखे जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। शव की मृतक बबलू )28) पुत्र राजाराम अपनी नानी के घर पर रहकर मजदूरी करता था। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार: 13 तक होंगे आवेदन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2025 से करेगा। इसके लिए शिक्षक 15 जुलाई तक भारत सरकार के पोर्टल nationalawardstoteachers.education.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि यूपी बोर्ड से लेकर सीबीएसई एवं सीआईएससीई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के ऑनलाइन नामांकन करने के बाद जिला स्तरीय कमेटी 16 जुलाई से 25 जुलाई तक शिक्षकों की रिपोर्ट राज्य स्तरीय कमेटी को भेजेगी। राज्य स्तरीय कमेटी 26 जुलाई से चार अगस्त तक बैठक कर राज्य से तीन शिक्षकों का चयन कर उनके नाम नेशनल स्तर पर भेजेगी। सात से 12 अगस्त तक नेशनल स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शिक्षकों से संवाद कर इनका प्रेजेंटेशन देखकर 13 अगस्त को राष्ट्रीय पुरस्कार–2025 के लिए चयनित शिक्षकों को पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।






खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत किया गया वृक्ष भंडारा कार्यक्रम

## राजकीय इंटर कॉलेज में डीएम, सीडीओ, डीएफओ ने बांटे पौधे, डीएम बोलीं- हर बच्चा बने पर्यावरण का प्रहरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत एक से सात जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम थीम पर राजकीय इंटर कॉलेज में भव्य वृक्ष भंडारा कार्यक्रम हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम ने न केवल हरियाली का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार व डीएफओ संजय विश्वाल ने बच्चों को छायादार, फलदार, औषधि पौध वृक्ष भंडारा के प्रसाद के रूप मे भेंट की। उन्हें पर्यावरण रक्षक बनने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में अधिकारियों व बच्चों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर धरती मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में जीआईसी व जीजीआईसी के छात्र-छात्राओं सहित स्काउट-गाइड कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, एसडीओ लखीमपुर अभय प्रताप सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ. जगत प्रकाश सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट)एवं शिक्षक जीआईसी विष्णु दत्त भार्गव आदि मौजूद रहे।

**नौ जुलाई को होगा वृहद पौधरोपणः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत नौ जुलाई को जिले में आबादी से दोगुनी संख्या में पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने आमजन से इस महाअभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। कहा कि अगर हर बच्चा एक पौधा लगाए और उसे ऐसे सहेजे जैसे कोई सपना, तो यही उसके राष्ट्र के प्रति सबसे बड़ा योगदान होगा। पौधा सिर्फ हरियाली नहीं, एक उम्मीद है, एक सांस है, जो हमारे और देश के भविष्य को सुरक्षित रखती है। बच्चों को पेड़ को अपना साथी बनाना चाहिए। जब यह सोच समाज में विकसित होगी, तभी पर्यावरण रक्षा एक जन आंदोलन का रूप ले सकेगी।

**सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार की ली शपथः** कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली। छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे कपड़े या जूट के थैले का उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही, शहर को स्वच्छ रखने और पर्यावरण को बचाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी वादा किया।



पौधरोपण करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार



पौधरापेड़ करते भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने मथना आश्रम में रोपे पौधे

**लखीमपुर खीरी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपाइयों ने जिले के विभिन्न स्थान पर फलदार पौधों का रोपण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने देवकली रोड पर मथना आश्रम में पौधरोपण किया। जिले के महामंत्री एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के जिला संयोजक आशू मिश्रा ने फरधान मंडल के अंतर्गत गांव कोरिया चमरू के प्राथमिक विद्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। वहीं मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने आम के पौधा लगाया। जिला संयोजक ने बताया कि कार्यक्रम जिले के 2890 बूथों के साथ 1896 स्थान पर किया गया।

### पलिया में ब्लॉक प्रमुख व पालिकाध्यक्ष ने किया पौधारोपण, लगाए ट्री गार्ड

**पलिया कलां।** निघासन रोड पर स्थित ग्राम टेहरा में वन विभाग ने पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता के हाथों पौधरोपड़ किया और ट्री गार्ड लगवाए, वहीं क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज सेमरी, बमनगर में ब्लॉक प्रमुख पलिया वीरेंद्र कुमार शुक्ल सहित शिक्षकों एवं वनकर्मियों ने पौधारोपड़ कर बच्चों को उसका महत्व समझाया। वन क्षेत्राधिकारी पलिया विनय कुमार सिंह व डिप्टी रेंजर शिवबाबू सरोज सहित कई वनकर्मी व ग्रामवासी पहले से मौजूद रहे। इस दौरान आम, अमरूद, सहजन, आंवला आदि के पौधों का रोपण कर किया।




पौधरोपण के बाद पानी डालतीं पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता व वनक्षेत्राधिकारी।

# कठपुतली शो से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता, मझगईं

● **स्कूली बच्चों ने किया पौधरोपण प्रतियोगिताएं भी कराईं**

**अमृत विचारः** मझगईं रेंज परिसर में गुरुवार को वन महोत्सव आयोजित किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी सौरीश सहाय ने स्कूली बच्चों के साथ रेंज परिसर में त्रिवेणी के साथ ही अन्य पौधों का रोपण किया। साथ ही कठपुतली शो के जरिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मझगई रेंजर अंकित सिंह ने की। राजकीय इंटर कॉलेज तिकोना फार्म, चंद्रानी सरस्वती शिशु मंदिर मझगईं और मेवालाल राम दुलारी इंटर कॉलेज मझगई के बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बफरजोन के डीएफओ सौरीश सहाय ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बच्चों और वन कर्मचारियों के साथ रेंज परिसर में त्रिवेणी समेत कई फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण किया। कठपुतली के माध्यम से कार्यक्रम में मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया।

डीएफओ सौरीश सहाय ने कहा कि प्रदेश भर में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला एक सप्ताह का उत्सव है, जो पेड़ों के महत्व को उजागर करता है।, लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्य उद्देश्य वनों के महत्व को फैलाना और वनों की कटाई के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरुकता पैदा करना है।

डीएफओ ने बताया कि एक तरफ विरासत वृक्षों के संरक्षण पर सरकार का जोर रहेगा तो वहीं दूसरी तरफ पौधरोपण से संबंधित जन जागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम में मझगई से सम्मानित व्यक्तियों ने प्रतिभाग लिया। इस दौरान बेलरायां वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



रेंज परिसर में पौध रोपण करते डीएफओ सौरीश सहाय व अन्य। ● अमृत विचार

# दर्जनों गांवों के किनारे पहुंचा शारदा का पानी

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** तहसील गोला क्षेत्र के गांव करसौर में शारदा नदी के किनारे बसे ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ने लगी हैं। जलस्तर बढ़ने से शारदा नदी उफना गई है। खेत जलमग्न हो गए हैं। पानी तटवर्तीय गांवों के किनारे पहुंच गया है। बाढ़ की आशंका से ग्रामीण अपना आशियाना छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर पलायन करने लगे हैं।

पहाड़ों पर हो रही बारिश के बाद उत्तराखंड के बनबसा बैराज से शारदा में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है इस कारण शारदा के दर्जनों निकटवर्ती गांवों में कटान का खतरा सताने लगा है। बाढ़ से बचाने के लिए लाखों रुपये बाढ़ खंड की ओर से प्रतिवर्ष खर्च किए जाते हैं। इसके अलावा करोड़ों रुपये की लागत से चैनेलाइजेशन का कार्य होता है लेकिन नदी के तटवर्तीय गांवों में ग्रामीणों को बाढ़ से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है।

शुक्रवार को करसौर गांव के ओम प्रकाश का घर नदी से कट गया। तटवर्तीय गांवों में पानी घुस रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर का जलस्तर कम नहीं हुआ तो फसलें बर्बाद हो जाएंगी साथ ही आबादी में बाढ़ के हालात बनना तय हैं। तटवर्तीय गांवों में बारिश शुरू होते ही ग्रामीणों की धड़कनें बढ़ जाती हैं।



करसौर गांव में कटान करती शारदा नदी। ● अमृत विचार

> एक मकान आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। उसकी फोटो मंगा ली है। बाढ़ चौकी, राहत शिविर, नाव क्यूबमेंट आदि तैयार हैं। आंगनबाड़ी आशा, लेखपाल मौके पर हैं साथ ही अन्य लोगों को भी आदेशित किया है। कटान पीड़ितों के लिए भोजन आदि की व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई हैं।
>
> **-युगांतर त्रिपाठी** एसडीएम गोला।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है



● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# चेयरमैन ने एसडीएम के साथ किया शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारःनगर** पालिका अध्यक्ष ने एसडीएम के साथ पौराणिक शिव मंदिर, गोकर्ण तीर्थ परिक्षेत्र का निरीक्षण कर यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कार्य में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए।

सावन माह की तैयारी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शुक्रवार को एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमचंद के साथ गोकर्ण तीर्थ परिसर, पौराणिक शिव मंदिर का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के अवर अभियंता विवेक वाजपेयी को सौंदर्यीकरण के कार्यों में शीघ्रता लाने के निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में सावन माह शुरू होने से पहले पौराणिक शिव मंदिर को आने वाली सड़कों, गलियों, नाला नाली आदि का कार्य पूरा हो जाए ताकि किसी भी श्रद्धालु को आवागमन में दिक्कतें न हो। उन्होंने गोकर्ण तीर्थ में भरा वर्षा का पानी निकलवाने के लिए आज दो पंपिंग सेट चलवाकर जल्द से जल्द पानी निकलवाने की व्यवस्था कराई है।

● **सावन मेले को लेकर तैयारियों को परखा, दिए निर्देश**

तीर्थ में सोमवार को तेज वर्षा होने के चलते आसपास के नाला नालियों का पानी भर गया था। चार दिन से तीर्थ से पानी निकलवाने के लिए पंपिंग सेट की व्यवस्था की गई है, जिससे जल्द ही गंदा पानी निकालकर तीर्थ सरोवर की साफ सफाई कराई जा सके और सावन माह के पूर्व ही उसमें स्वच्छ जल भरा जा सके। नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, बड़े बाबू अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, रविंद्र कटियार, लवकुश अवस्थी आदि मौजूद रहे।



गोला में शिव मंदिर परिसर में व्यवस्थाएं देखते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी। ● अमृत विचार

# नेपाल ले जा रहे 720 केले के पौधे बरामद, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, संपूर्णानगर

**अमृत विचारः** भारत - नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों ने भारत से तस्करी कर नेपाल ले जाए जा रहे केले की 720 पौध बरामद की हैं। जवानों ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को संपूर्णानगर क्षेत्र के सीमा से सटे बसही में तैनात 49 सी वाहिनी एसएसबी के कंपनी कमांडेंट गगनप्रीत सिंह के नेतृत्व में जवानों ने सुबह 9 बजे अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तम्भ 770/03 पर साइकिल से क्रेट में नेपाल ले जाई जा रही 720 केले के पौध बरामद कर राजेंद्र कुमार, कैलाश, पूरनलाल निवासी सिंगाही खुर्द के मजरा मिलिट्री फार्म को गिरफ्तार कर लिया।



केले की पौध के साथ गिरफ्तार तस्कर। ● अमृत विचार

# मोहर्रम को लेकर एसडीएम ने ली पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचारः** मोहर्रम को लेकर एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्रपाल गौतम के नेतृत्व में संसारपुर पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक कर दोनों समुदाय के संभ्रांत नागरिकों तथा धर्म गुरुओं के साथ समीक्षा करते हुए आमजन से सुझाव लेकर सभी संबंधितों को निर्देश दिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेंद्र गौतम ने कहा कि छह जुलाई को मोहर्रम है। ऐसे में सभी लोग आपसी सहयोग से मिलजुल कर मनाए। एसडीएम ने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। एक-दूसरे के त्यौहारों में शरीक होकर आपस में उत्साहवर्धन करें। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी धर्म संप्रदाय के संबंध में भड़काऊ टिप्पणी या पोस्ट करने से बचें। जूलूसमें कोई भी ताजिया 12 फीट की ऊंचाई से ज्यादा प्रतिबंधित रहेगा।

प्रभारी निरीक्षक मैलानी निराला तिवारी ने कहा कि पुलिस अराजक तत्वों पर नजर बनाए रहेगी, किसी ने शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार भीम चंद, कुकरा चौकी प्रभारी अवलीश पंवार, संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर, हेड कांस्टेबल जुल्फिकार अली, आरक्षी राजमन साहनी, चकित यादव, प्रधान पति रामप्रसाद देवल, सौंखिया प्रधान पुत्र निशार अहमद बरकाती, डाटपुर प्रधान प्रतिनिधि इंसाफ खान, सिसनौर प्रधान मुनीश वर्मा, बाबरपुर प्रधान कंधईलाल, ताजियादार नसीम सलमानी, मुर्तिजा, इकबाल आदि मौजूद रहे।



संसारपुर पीस कमेटी की बैठक में बोलते एसडीएम युगांतर त्रिपाठी। ● अमृत विचार

### मोहर्रम में 12 फीट से ऊंचा नहीं रहेगा ताजिया

**कुकरा, अमृत विचार :** कुकरा पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक में मोहर्रम के मद्देनजर सीओ गवेंद्रपाल गौतम, थाना अध्यक्ष मैलानी निराला तिवारी ने ताजिया बनाने, क्षेत्र के ताजियादारों और मुस्लिम समाज के लोगों के साथ सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर कहा कि ताजिए की ऊंचाई अधिकतम 12 फीट हो, जिससे कहीं बिजली के तार न फंसे और दुर्घटना से बचा जा सके। थाना अध्यक्ष ने कहा निर्धारित मापदंड का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने अपील की कि मोहर्रम को सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाया जाए। चौकी प्रभारी कुकरा अवलीश कुमार, मोहित पुंडीर, संतोष कुमार ने कहा कि गड़बड़ी फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कुकरा प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन उर्फ सिम्मी, प्रधान जनक यादव, मुस्तकीम अंसारी, शान मोहम्मद, रिजवान खान, मैराज खान, अशफाक, बरकतुल्ला, तहसीन मंसूरी, रईस खान, अयूब मास्टर, अलीउल्ला, शाबान, परवेज खान, दीवान अमरीश पटेल, कांस्टेबल सौरभ कुमार, चकित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस सहायता केंद्र में कांस्टेबल अरविंद की ड्यूटी की मांग

**केशवापुर, अमृत विचारः** हैदराबाद पुलिस द्वारा हर वर्ष बनाए जाने वाले अस्थाई पुलिस सहायता केंद्र में इस साल सन्नाटा पसरा रहने की उम्मीद है। साथ ही कांवड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं शीतल पेय व घावों पर मरहम पट्टी भी बंद रह सकती है।

थाना क्षेत्र की केशवापुर अस्थाई पुलिस चौकी में तैनात रहे कांस्टेबल अरविंद कुमार फौजी ने कई वर्षों से कांवड़ियों की सुरक्षा के साथ उनके लिए अपने पास से शीतल पेयजल, फल का वितरण के साथ उनके जख्मों पर मरहम-पट्टी कर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराते थे। साथ ही किसी भी हादसे में बिना समय गंवाए घायलों को अपने निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाने का कार्य भी करते थे। सावन नजदीक आते ही कस्बे के लोगों में इस बात को लेकर चर्चाएं हैं। कस्बेवासियों का कहना है कि कांस्टेबल अरविंद कुमार के बगैर कैम्प में सुविधाओं को मुहैया कराना संभव नहीं है। एसपी से सावन मेला भर के लिए आरक्षी अरविंद कुमार की पुनः तैनाती की मांग की है।

# बोलेरो से टक्कर मारी, फिर पीट-पीटकर मार डाला

## परिजनों ने बताया जमीन के विवाद में की हत्या, फिलहाल पुलिस बता रही हादसा, हत्या के बिंदु पर भी शुरू की जांच

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** घर से बाइक लेकर नीमगांव आ रहे थाना नीमगांव के गांव तिगोडवा निवासी 50 वर्षीय राजेंद्र की बाइक में हमलावरों ने बोलेरो से टक्कर मार दी। घटना के बाद बोलेरो भी अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में बाइक सवार राजेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने उसे आनन-फानन में घायल बताकर एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस इसे महज हादसा मान रही है, लेकिन परिजनों ने जमीन के विवाद में हत्या करने का दावा करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

गांव तिगोडवा निवासी राजेंद्र के तीन बेटे महेंद्र कुमार, बबलू और राहुल पंजाब में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। तीनों बेटे वर्तमान में पंजाब में हैं। वह अपनी पत्नी व अविवाहित बेटी सोनी के साथ रहते थे। परिवार वालों ने बताया कि राजेंद्र का गांव के जगदीश प्रसाद से जमीन को लेकर काफी पुराना विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे राजेंद्र किसी काम से नीमगांव जाने के लिए बाइक से घर से निकले थे।



मृतक के घर पर शोकाकुल परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

नीमगांव कस्बे में पेट्रोल पंप के पास पहले से एक बोलेरो खड़ी थी। बताते हैं कि जैसे ही राजेंद्र बाइक लेकर किसान इंटर कॉलेज के पीछे पहुंचा तभी पेट्रोल पंप पर खड़ी बोलेरो ने सामने से आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताते हैं कि घायल राजेंद्र ने भागकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी बीच मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने उसकी पीटकर हत्या कर दी। उधर टक्कर मारकर भागने के दौरान बोलेरो अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। घटना के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरबी ने राजेंद्र की सांस चलती देख उसे आनन-फानन में एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

> प्रथम दृष्टया हादसा प्रतीत हो रहा है। हादसे की सूचना पर पीआरबी मौके परगई थी। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हुई है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस हत्या के बिंदु पर भी अपनी जांच कर रही है।
> **-आलोक धीमान**, प्रभारी निरीक्षक थाना नीमगांव

मृतक की बेटी सोनी ने बताया कि आरोपियों ने उसके पिता की जमीन जोत ली थी। उसमें लगी गन्ने की फसल भी काट ले गए थे। इतना ही नहीं उसकी जगह में ही घूरा भी डालने लगे। पिता लड़ाई झगड़ा करने की बजाय कानून का सहारा ले रहे थे। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ जितेंद्र कुमार परिहार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिवार वालों और आसपास के लोगों से भी घटना की जानकारी ली।



घटना स्थल का निरीक्षण करते सीओ जितेंद्र कुमार परिहार। ● अमृत विचार

### बाइकों से भी रेकी कर रहे थे हत्यारोपी

मृतक के परिवार वालों ने बताया कि राजेंद्र के घर से निकलने के पहले से ही आरोपी पक्ष के कुछ लोग बाइकों से उनके घर के आसपास रेकी करते देखे गए थे, लेकिन किसी को यह आभास नहीं था कि आरोपी राजेंद्र की हत्या कर देंगे। राजेंद्र जब घर से कस्बा नीमगांव के लिए अपनी बाइक से निकले तभी उनके पीछे से आरोपियों के परिजन बाइक से रेकी करते हुए देखे गए। जिस बोलेरो से टक्कर मारकर हत्या की गई। वह बोलेरो सुबह 7:30 बजे से नीमगांव कस्बे में पेट्रोल पंप के पास खड़ी थी। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने सुबह से राजेंद्र की रेकी की और सुनियोजित तरीके से हत्या को अंजाम दिया।

# एएसपी ने पसगवां पहुंचकर की जांच

**पसगवां, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की चौकी मोहम्मदपुर ताजपुर के निकट विधवा का मकान ध्वस्त करने और दबंगई दिखाने के मामले में एएसपी पवन कुमार पसगवां पहुंचे। उन्होंने घटना के बारे में बारीकी से पड़ताल की। इसके अलावा मोहर्रम और सावन माह पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सोनकर को दिए।

एएसपी ने कहा कि कोई नई परंपरा न डाली जाए। कावंड़ यात्रा व ताजिए मार्गों को दुरुस्त करने के साथ ही उन पर सुरक्षा को लेकर मानकों को समय रहते पूरा कर लिया जाए। मोहम्मदपुर ताजपुर की घटना में पीड़िता सलमा की नामजद तहरीर पर पसगवां पुलिस ने गुरुपेज सिंह निवासी भिलावां थाना उचौलिया, अफसर अली निवासी कलवारी थाना उचौलिया, चांद बाबू निवासी महानंदा थाना सिधौली शाहजहांपुर और नाजिद निवासी मोहम्मदपुर ताजपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सोनकर ने बताया कि एएसपी ने त्योहारों की तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही कुछ जरूरी निर्देश दिए हैं। ताजपुर मामले में रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। वहां पर शांति व्यवस्था बनी हुई है, पुलिस नजर रखे हुए है।

# हॉकी का फाइनल कृषक समाज कॉलेज की टीम ने जीता



गोला के कृषक समाज कॉलेज में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● कृषक समाज में हुई अंडर-17 बालक वर्ग की प्रतियोगिता

**अमृत विचारः** स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत जूनियर नेहरू हॉकी अंडर 17 बालक वर्ग की जनपदीय हॉकी प्रतियोगिता में कृषक समाज इंटर कॉलेज की टीम विजयी रही।

कृषक समाज इंटर कालेज के खेल मैदान पर हुए हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि कालेज प्रबन्ध समिति के उप मन्त्री विनोदचंद्र मिश्र, विशिष्ट अतिथि जनपदीय क्रीड़ा समिति के पूर्व जिला सचिव प्रगट सिंह और कालेज प्रधानाचार्य अनन्त प्रकाश सरोज ने प्राप्त कर किया।

फाइनल मैच गुरु नानक इंटर कॉलेज लखीमपुर और कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला के मध्य खेला गया, जिसमें पहले हाफ के छठे मिनट में गोला के खिलाड़ी असद ने फील्ड गोल किया और दूसरे हाफ के 10वें मिनट में गोला के खिलाड़ी तौसीन ने गोल कर दिया, जिससे कृषक समाज इंटर कॉलेज की जूनियर हॉकी टीम ने फाइनल मुकाबला 2-0 से जीत लिया। मैच के अंपायर मकसूद अली और कदीर अहमद रहे। जज का दायित्व सरोज कुमार वर्मा और सुमित यादव ने निभाया। टेक्निकल ऑफीसर का दायित्व कपिल वर्मा ने निभाया। वीरेंद्र भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि विजेता टीम 7 व 8 जुलाई को खीरी की ओर से मंडलीय आयोजन में रायबरेली में प्रतिभाग करेगी। प्रधानाचार्य अनन्त प्रकाश सरोज ने संयोजक मंडल के सदस्यों व अतिथियों का आभार जताते हुए दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी।

# किशोरी को दिल्ली ले जा रहे युवक को पकड़ा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर शुक्रवार को एक वीडियो वायरल हो गया। बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के सिरसा चौराहा के पास किशोरी के साथ एक युवक को एक संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया था। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। युवक किशोरी को दिल्ली ले जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही हत्थे चढ़ा और उसकी पिटाई करने की चर्चाएं रहीं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खलबली मची रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is Rural Wellbeing there is Universal Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| ● M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| ● Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| ● Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| ● Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| ● Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| ● Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| ● Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| ● Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| ● Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| ● Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| ● B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| ● B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| ● B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| ● Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| ● Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| ● Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| ● Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| ● Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| ● M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| ● Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| ● Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| ● M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| ● B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| ● GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ● ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| ● Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| ● Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| ● BBA | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ● B.Com. (Honours) | 10+2 Any Stream | 4 Year |
| ● BA (Mass Communication/Journalism) | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ● B.C.A. (IT & Multimedia) | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ● M.A. (Mass Communication/Journalism) | B.A. in Respective Stream | 2 Year |
| ● M.A. (Eng/Hindi/Social/Psy/Pol/ Sci.) | B.A. in Respective Stream | 2 Year |
| ● Masters of Business Administration (MBA) | Graduation Any Stream | 2 Year |
| ● Master of Hospital Administration (MHA) | Graduation Any Stream | 2 Year |
| ● Master of Public Health (MPH) | Graduation Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| ● B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| ● M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# हाथियों के झुंड ने रौंदी गन्ने की फसल

संवाददाता, मझगई

**अमृत विचारः** दुधवा नेशनल पार्क सीमा से सटे गांवों के किसानों की मुसीबत एक बार फिर बढ़ गई है। दूसरे दिन भी बौधिया कलां और रमुआपुर में रात करीब दो बजे जंगल से निकलकर आ रहे हाथियों की चिंघाड़ सुनकर किसान दहल उठे। वह जब तक शोर मचाते और उन्हें खदेड़ते इससे पहले ही खेतों में घुसे हाथियों के झुंड ने उनकी कई एकड़ गन्ने की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दी। हाथियों के उत्पात से बर्बाद हो रही फसल को देखकर किसान काफी परेशान हैं।

गुरुवार की रात दुधवा नेशनल पार्क से हाथियों का झुंड बाहर निकल आया। हाथियों के झुंड में बच्चों को मिलाकर करीब 25 से 30 हाथी शामिल हैं। रात करीब दो बजे हाथियों के झुंड ने बौधिया कलां के खेतों की तरफ चिंघाड़ते हुए कूच किया। चिंघाड़ सुनकर किसानों में हड़कंप मच गया। किसान ट्रैक्टर-लाठी, डंडा और ढोल आदि लेकर जब तक खेतों पर पहुंचते इससे पहले ही हाथियों ने गन्ने की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। फसलों को रौंदते हुए हाथियों का दल पड़ोस के गांव रमुआपुर पहुंच गया और दोनों गांव के बीच में दिलीप कुमार, मन्नू सिंह, तीर्थराम, लेखपाल, कर्ताराम आदि किसानों के खेतों में जमकर तबाही मचाई। बौधिया कलां निवासी मन्नू सिंह ने बताया कि गांव के उत्तर पश्चिम में खेत में गन्ने की फसल खड़ी है। रात जंगल से निकले करीब 25 से 30 हाथियों ने खेत में खड़ी फसल रौंद दी। झुंड में कई बच्चे भी शामिल हैं। किसी तरह से ट्रैक्टर स्टार्ट कर उनके हॉर्न, ढोल आदि बजाकर और पटाखे दागकर किसी तरह से भगाया गया।

रमुआपुर वन चौकी इंचार्ज वन दरोगा चंद्रप्रकाश ने बताया कि गुरुवार रात करीब 2 बजे गांव के पश्चिम खेत में 20 से 25 हाथियों का झुंड जिसमें बच्चे भी हैं। खेत में आ गए थे, जिन्हें वन कर्मियों ने किसानों की मदद से गोले-पटाखे दागकर और शोर मचाते हुए उन्हें भगाया। स्टाफ पूरी तरह से निगरानी बनाए है।



किसानों के खदेड़ने पर खेतों से निकलकर जंगल की तरफ जाता हाथियों का झुंड।



हाथियों ने बर्बाद की गन्ने की फसल।

### किसानों की हाथियों के झुंड पर पड़ी नजर

किसानों ने बताया कि बुधवार रात हाथियों के झुंड ने गांव बौधिया कलां के छह से अधिक किसानों के खेतों में 10 एकड़ से अधिक की गन्ने की फसल को रौंद दिया था। इससे उम्मीद थी कि दूसरे दिन भी हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आशंका पर किसान कुछ ट्रैक्टरों पर सवार होकर खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच ट्रैक्टर की लाइट में किसानों को खेतों में टहलता हाथियों का झुंड दिखाई दिया। हाथी चिंघाड़ते हुए चल रहे थे। किसानों ने ट्रैक्टर के हॉर्न, ढोल आदि बजाकर और हल्ला मचाकर खेतों से किसी तरह से भगाया। हाथी रमुआपुर के खेतों में नुकसान करते हुए जंगल में चले गए।

## सार-संक्षेप

### जहरीला पदार्थ खाने से कोटेदार के पति की मौत



**फरधान, अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र के गांव करनपुर निबहा निवासी कोटेदार पति दीपक मिश्रा (28) ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की देर शाम घर पर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को जानकारी हुई। परिजन में दीपक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर आते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### घर में लगी आग से तीन लाख का सामान राख

**फरधान, अमृत विचार :** तहसील सदर क्षेत्र के गांव सिकटिहा में गुरुवार देर शाम एक घर में आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। आग से घर में रखी नकदी समेत करीब तीन लाख का सामान राख हो गया। गांव सिकटिहा निवासी हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि देर शाम उनके घर में अचानक आग लग गई। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही आग ने घर को चारों तरफ से घेर लिया। उन्होंने परिवार के साथ किसी तरह से भाग कर जान बचाई और शोर शराबा किया। शोर होने पर तमाम ग्रामीण मौके पर आ गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। घर में रखे 12000 रुपये, अनाज, बिस्तर, चारपाई, कपड़े, गहने सारा सामान जलकर राख हो गया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र में गुरुवार की शाम सड़क हादसे में घायल हुए गांव पिपरा करमचन्द निवासी युवक की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। थाना फरधान क्षेत्र के गांव पिपरा करमचंद निवासी जगजीवन (45) गुरुवार की शाम करीब चार बजे बाइक से क्षेत्रीय बाजार में खरीदारी करने गए थे। शाम करीब आठ बजे वापस लौट रहे थे। खंताताल चौराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### नलकूप ऑपरेटर का बेटा बना क्लास वन ऑफिसर



**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी नलकूप ऑपरेटर डालचंद वर्मा के बेटे तरुण प्रकाश ने अपने पहले प्रयास में ही आरबीआई की परीक्षा पास कर क्लास वन ऑफिसर बने हैं। उन्हें मुंबई हेड ऑफिस में बैंक मैनेजर के पद पर तैनाती मिली है। तरुण प्रकाश ने नगर के स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान से प्राइमरी शिक्षा प्राप्त कर मितौली के जवाहर नवोदय विद्यालय से हाईस्कूल की परीक्षा पास करने के बाद लखनऊ गोमती नगर स्थित स्कॉलर होम से इंटरमीडिएट परीक्षा पास कर आईआईटी कानपुर से की।

# अमरनाथ यात्रा पर गए श्रद्धालु की हुई मौत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



**अमृत विचारः** पंजाबी कॉलोनी रोड पर कांशीराम आवास कॉलोनी निवासी दिलीप श्रीवास्तव उर्फ दीपू (45) 27 जून को जत्थे के साथ बाबा बर्फानी अमरनाथ के लिए रवाना हुए थे। परिजनों एवं कॉलोनी के आसपास के निवासियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पहलगाम शेषनाग बेस में यात्रा के दौरान अचानक दिलीप की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें वहां के अस्पताल में जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अमरनाथ यात्रा को साथ में गए उनके सहयात्री लकी ने मौत की सूचना फोन पर उनके भाई दिनेश, संदीप और भतीजे आयुष को दी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों ने बताया कि दिलीप श्रीवास्तव अविवाहित थे और वह कई वर्षों से बाबा अमरनाथ की यात्रा पर जाते रहे हैं। परिजन शव लेने के लिए रवाना हो गए हैं। घटना की वजह ऑक्सीजन की कमी बताई जा रही है।

# दिव्यांग यूनियन का धरना पांचवें दिन जारी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** भारतीय दिव्यांग यूनियन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का विभिन्न समस्याओं को लेकर पांचवें दिन इंदिरा पार्क में धरना जारी रहा। यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दिव्यांगों के 30 जून से इंदिरा पार्क में हो रहे धरने पर किसी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया है, इसलिए उन्होंने यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शर्मा को धरनास्थल पर बुलाया है।

उनका निर्देश मिलने पर पांच जुलाई को प्रातः पांच बजे विशेष पदाधिकारी अपनी ट्राई साइकिल से और डीसीएम से लखनऊ रवाना होकर मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन कर घेराव करेंगे। पांचवें दिन धरने पर अमित कुमार, मिथिलेश कुमार, राजेश मौर्य, जावेद, तिलकराम वर्मा, जाहिर, दृगपाल, रामदयाल, तिलकराम वर्मा. धर्मेंद्र, रामदयाल, अल्ताफ, बसु आदि मौजूद रहे।



गोला के इंदिरा पार्क में धरने पर बैठे दिव्यांग। ● अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नं. M7971253 में मेरा नाम SALONI KATHALE दर्ज है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सलोनी विठ्ठल कठाले SALONI VITTHAL KATHALE है, उक्त दोनों ही एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में सलोनी विठ्ठल कठाले SALONI VITTHAL KATHALE के नाम से जाना व पहचाना जाये। **सलोनी विठ्ठल कठाले SALONI VITTHAL KATHALE पत्नी श्री जितेन्द्र खटीक JITENDRA KHATIK निवासी नियर पंचवटी कॉलोनी वी एम वी रोड (अमरावती) महाराष्ट्र**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अमना को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व किसी भी लेन-देन का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **हरिओम पुत्र पोशाकी लाल निवासी प्रहलादपुर तह. व जिला बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जागेश्वर डैवलेपर्स, पंजीकरण सं. BAR/0015362 दिनांक 09.06.2023 को हुआ। जिसका पता 5/116 सिविल लाइन्स चौपुला रोड, बरेली के दो भागीदार थे। जिसमें दिनांक 26.06.2025 को धर्मेन्द्र सिंह और लोटन सिंह को भागीदार बनाया गया तथा श्री अमित अग्रवाल पुत्र श्री लक्ष्मन सिंह अग्रवाल अपने निजी कारणों से दिनांक 26.06.2025 को इस फर्म से त्यागपत्र दे दिया है। अब इस फर्म से अमित अग्रवाल का कोई लेन देन नहीं है। वर्तमान में फर्म में तीन भागीदार राजीव कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार, लोटन सिंह है तथा सभी विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गयी है। राजीव कुमार गुप्ता पार्टनर मैसर्स जागेश्वर डैवलेपर्स, 5/116 सिविल लाइंस चौपुला रोड, बरेली

**मैसर्स जागेश्वर डैवलेपर्स**
**राजीव कुमार गुप्ता, पार्टनर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र गौरव पटेल, पुत्रवधू रुचि देवी के दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण मैने, मेरी पत्नी और बेटियों सहित उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। हम उनके किसी कृत्य के जिम्मेदार नहीं हैं और मेरा, मेरी पत्नी, बेटियों का उन दोनों से कोई सरोकार नहीं है। **मनोहरलाल पुत्र स्व0 भूपराम निवासी ग्राम जनकपुर थाना हैदराबाद, जिला-खीरी।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र दिलीप व उसकी पत्नी उमा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य से मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार पुत्र मुंशीलाल एवं अनीता देवी पत्नी राजकुमार नि. एकता नगर, नरऊ बुजुर्ग, बदायूं**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मनोज को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व किसी भी लेन-देन का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामदीन वाल्मीक पुत्र रम्मू वाल्मीक नि. ग्रा. धौरेरा माफी, थाना इज्जतनगर, तह. व जिला बरेली**

**सूचना**

मेरे छोटे भाई सुधांशु शर्मा व उसकी पत्नी खुशी शर्मा का मेरे प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। इस कारण मैं अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी खुशी शर्मा से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सतीश शर्मा पुत्र मुन्ना लाल शर्मा निवासी जसोली बरेली**

**सूचना**

मेरे छोटे भाई सुधांशु शर्मा व उसकी पत्नी खुशी शर्मा का मेरे प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। इस कारण मैं अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी खुशी शर्मा से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **जगदीश शर्मा पुत्र मुन्ना लाल शर्मा निवासी जसोली बरेली (उ.प्र.)**

ये ऽर्थाः स्त्रीषु समायुक्ताः प्रमत्तपतितेषु च।
ये चानार्ये समासक्ताः सर्वे ते संशयं गताः॥

आलसी, अधम, दुर्जन तथा स्त्री के हाथों सौंपी संपत्ति बरबाद हो जाती है। इनसे सावधान रहना चाहिए।

## संपादकीय

# ब्रिक्स सम्मेलन से उम्मीदें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच देशों की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव ब्राजील है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए ब्राजील जाएंगे। शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया संघर्ष, जलवायु के प्रतिकूल प्रभाव और साइबर खतरों सहित कई अनिश्चितताओं और चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसी स्थिति में ब्रिक्स से बहुत अधिक उम्मीदें हैं। शिखर सम्मेलन में आर्थिक सुधारों से परे, आतंकवाद विरोधी एकता को मजबूत करने पर जोर दिए जाने की उम्मीद है। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में, ब्राजील 'अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना' थीम पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। शुरुआत में इस संगठन में ब्राजील, रूस संघ, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, हाल ही में विस्तारित गठबंधन में अब मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल हैं। ब्रिक्स ऐसे देशों का समूह है जो विकासशील हैं और जिनके उद्देश्य विकसित देशों से भिन्न हैं। यदि ब्रिक्स मजबूत होता है तो विकासशील देशों की आवाज मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ब्रिक्स की बैठक में वैश्विक दक्षिण के हितों के रक्षक के रूप में भारत की छवि को बेहतर बनाने का कठिन काम है।

उम्मीद है प्रधानमंत्री कूटनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में हलचल पैदा करेंगे, जिससे ब्रिक्स वैश्विक मामलों में भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में और मजबूत होगा। हालांकि वैश्विक दक्षिण के बैनर तले जो नई वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इससे वैश्विक दक्षिण के भारतीय एजेंडे को नई धार मिलेगी। 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में होगा। शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी और वैश्विक दक्षिण के हितों को साझा करने से ब्रिक्स सदस्यों और सहयोगियों में यह विश्वास पैदा होगा कि भारत पर वैश्विक दक्षिण के प्रमुख नेताओं में से एक होने का भरोसा किया जा सकता है। निःसंदेह सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर है। यानी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने वाला है।

# पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए चुनौती



संजय सक्सेना
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है।



विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है।

भारत-पाकिस्तान के तल्ख रिश्तों के बीच पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मासिक रोटेशनल अध्यक्षता संभाले जाने से भारत के एक विशेष वर्ग में बहुत तीखी प्रक्रिया हो रही है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जैसे मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से पिट गई है। पहली नजर में यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण लगती है, लेकिन ऐसा है नहीं।

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है, विशेष रूप से तब जब पाकिस्तान लम्बे समय से कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए प्रयासरत है।

गौरतलब हो, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता एक रोटेशनल प्रक्रिया है, जिसमें 15 सदस्य देशों (5 स्थायी और 10 अस्थायी) को वर्णानुक्रम के आधार पर हर महीने यह जिम्मेदारी मिलती है। इस दौरान अध्यक्ष देश परिषद की बैठकों का एजेंडा तय करता है, प्रेसिडेंशियल स्टेटमेंट जारी करता है, और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा को दिशा देता है। वैसे पाकिस्तान ने अपनी अध्यक्षता की शुरुआत में ही कश्मीर मुद्दे को उठाकर भारत को असहज करने की कोशिश की है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रमुख कारण बताते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए खतरा करार दिया। यह कदम भारत की आशंकाओं को सही साबित करता है, जो पहले से ही मानता था कि पाकिस्तान इस मंच का दुरुपयोग भारत के खिलाफ प्रचार के लिए करेगा।

गौर करने वाली बात यह भही है कि पाकिस्तान की रणनीति में दो प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं, जो 22 और 24 जुलाई को आयोजित होंगे। पहला, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना और दूसरा, संयुक्त राष्ट्र और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बीच सहयोग पर केंद्रित है। इन दोनों बैठकों की अध्यक्षता पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है। लेकिन, यूएनएससी जैसे मंच पर इस मुद्दे को उठाने से पाकिस्तान वैश्विक समुदाय का ध्यान इस ओर खींच सकता है, जिससे भारत को अपनी स्थिति को और मजबूती से रखना होगा। दूसरा, पाकिस्तान की अध्यक्षता के दौरान भारत को अपनी कूटनीतिक रणनीति को और सशक्त करना होगा। भारत ने हाल ही में यूएन मुख्यालय में द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म प्रदर्शनी आयोजित कर पाकिस्तान की आतंकवाद में कथित भूमिका को उजागर किया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस दौरान स्पष्ट किया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को वैश्विक मंचों पर और मजबूती से उठाएगा। लेकिन, पाकिस्तान की अध्यक्षता भारत के लिए एक कूटनीतिक चुनौती पेश करती है।

तीसरा, भारत में विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस, ने इस घटना को मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता करार दिया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि पहलगाम में हाल के आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी मिलना भारत की विदेश नीति की नाकामी को दर्शाता है। इससे भारत में आंतरिक राजनीतिक दबाव भी बढ़ सकता है, जो सरकार के लिए एक अतिरिक्त चुनौती है। जबकि सरकारी पक्ष का कहना है भारत इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही सक्रिय है। वह वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा और यूएनएससी में अपने सहयोगी देशों, जैसे अमेरिका, रूस, फ्रांस, और ब्रिटेन, के समर्थन का उपयोग करेगा। ये देश पहले भी कश्मीर मुद्दे पर भारत के पक्ष में रहे हैं। इसके अलावा, भारत अपनी कूटनीतिक ताकत का उपयोग कर यह सुनिश्चित करेगा कि पाकिस्तान का कोई भी प्रस्ताव परिषद में समर्थन न पाए, क्योंकि किसी भी प्रस्ताव को पास होने के लिए सभी पांच स्थायी सदस्यों की सहमति आवश्यक है।

लब्बोलुआब यह है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए एक रणनीतिक चुनौती है, लेकिन इसका प्रभाव सीमित है। यह अध्यक्षता केवल एक महीने की है और इसमें कोई विशेष शक्ति नहीं है। फिर भी, भारत को सतर्क रहना होगा, क्योंकि पाकिस्तान इस मंच का उपयोग अपनी छवि सुधारने और भारत के खिलाफ प्रचार के लिए कर सकता है। भारत की मजबूत कूटनीति और वैश्विक समर्थन इस चुनौती का सामना करने में सक्षम है, लेकिन यह स्थिति भारत की विदेश नीति की मजबूती और सतर्कता की परीक्षा होगी।

## प्रसंगवश

# दिखावे की दौड़ में हांफ रही जिंदगी

अब ज़िंदगी केवल जीने की चीज नहीं रही, बल्कि निभाने की ज़िम्मेदारी बन गई है-वो भी उस रूप में, जैसा समाज देखना चाहता है। यह दिखावा सिर्फ सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालने तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर छोटे-बड़े निर्णय में शामिल हो चुका है। यह अब हमारी सोच, प्राथमिकताओं, खर्चों, रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य तक को नियंत्रित कर रहा है। हर व्यक्ति नजर आने के दबाव में है। कौन क्या पहन रहा है, कहां घूम रहा है, किस ब्रांड की चीज़ें इस्तेमाल कर रहा है, किस रेस्तरां में खा रहा है, किस स्कूल में बच्चे पढ़ा रहा है-ये सब निर्णय अब ज़रूरत के आधार पर नहीं, सामाजिक छवि के आधार पर लिए जा रहे हैं। यह छवि बनाए रखने की होड़ ने 'साधारण' को एक तरह का अपराध बना दिया है। लोग कमाते कुछ हैं, दिखाते उससे ज्यादा हैं। और इस अंतर को पाटने के लिए उधार, ईएमआई, 'बाय नाउ पे लेटर' सुविधा देने वाले ऐप्स, क्रेडिट कार्ड-सब अब सामान्य जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

यह सब केवल बड़े या मेट्रो सिटी कहलाने वाले शहरों तक सीमित नहीं बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी जीवन की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। पहले जहां ज़रूरतें साधनों के अनुसार तय होती थीं, अब निर्णय इस बात से प्रभावित होते हैं कि लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे, और सोशल मीडिया पर क्या दिखेगा। चाहे बच्चों की स्कूलिंग हो या घर का इंटीरियर, शादी-विवाह हो या मामूली बर्थडे पार्टी-हर आयोजन, हर खरीदारी, हर चयन अब 'इंप्रेशन' के हिसाब से होता है। लोग उन वस्तुओं और अनुभवों के लिए पैसे खर्च कर रहे हैं-या उधार ले रहे हैं-जिनका उपयोग नहीं, बल्कि प्रदर्शन अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। ब्रांडेड मोबाइल, फर्नीचर, गाड़ियों से लेकर हॉस्पिटल और ट्यूशन तक-सब कुछ अब 'कौन देख रहा है' से तय हो रहा है। इस एक झूठी प्रतिष्ठा के पीछे लोग अपने पूरे वित्तीय संतुलन को दांव पर लगाने लगे हैं। परिणामस्वरूप एक क्षण की तारीफ़ के पीछे वर्षों की तंगी, तनाव और पछतावा जमा हो रहा है।

जब यह आर्थिक बोझ बढ़ने लगता है, तब व्यक्ति दोहरी ज़िंदगी जीने लगता है-बाहर से चमकदार, भीतर से घुटता हुआ। किश्तों की तारीखें, कर्ज़ की सीमाएं, और तुलना की आग मिलकर ऐसा दबाव बनाती हैं जो आत्मग्लानि, चिंता और अवसाद को जन्म देती हैं। अब मुस्कुराहटें भरोसेमंद नहीं रहीं-क्योंकि ज्यादातर हंसी अब कर्ज़ के नीचे दबी हुई है। और यही वह मोड़ होता है जहां यह समस्या सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी बन जाती है।

इस दबाव का दूसरा पहलू और भी खतरनाक है-त्वरित और आसान कमाई की भूख। क्रिप्टो करेंसी, ऑनलाइन सट्टेबाज़ी, शेयर बाज़ार में रातों-रात अमीर बनने की कोशिशें, 'एक क्लिक में करोड़पति' बनने के सपने-यह सब उस मानसिकता से जन्म लेते हैं जो मेहनत की बजाय शॉर्टकट में विश्वास दिलाती है। सोशल मीडिया पर तैरती हुई सफलताओं की कहानियां, जिनमें संघर्ष का ज़िक्र नहीं होता, एक ऐसी छवि बनाती हैं कि हर कोई बस क़रीब है बड़ी सफलता के। जबकि सच्चाई यह है कि इन शॉर्टकट्स में ज्यादातर लोग सब कुछ हार बैठते हैं-पैसे भी, मानसिक स्थिरता भी और कई बार आत्म-सम्मान भी।

यह संकट अब एक आयुवर्ग या वर्ग-विशेष तक सीमित नहीं है। नौकरीपेशा से लेकर गृहिणियां तक, छात्र से लेकर रिटायर बुज़ुर्ग तक-हर कोई इस मानसिकता से संक्रमित हो चुका है कि 'साधारण दिखना ठीक नहीं'। व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर अब हर कोई अपनी लाइफ को कुछ इस तरह पेश कर रहा है जैसे उसमें कोई कमी ही न हो। लेकिन इन पोस्ट्स के पीछे जो चुप्पी है, जो मानसिक थकावट है, उसकी कोई तस्वीर नहीं होती। और जब यह थकावट हद से बाहर हो जाती है, तब कई बार इंसान ऐसे फैसले ले लेता है जिनके परिणाम बेहद गंभीर और दुखद होते हैं। पूरे देश में ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं जहां लोग मानसिक तनाव और कर्ज के दबाव में आत्महत्या कर रहे हैं, या परिवार सहित दुखांत को गले लगा रहे हैं। कभी अपराध, कभी आत्मविनाश-यह अब अपवाद नहीं, आम होती घटनाएं बन चुकी हैं। और यही वह जगह है जहां समाज को सिर्फ चिंता नहीं, आत्ममंथन की ज़रूरत है।

# वैश्विक अस्थिरता के बीच परिवार की सुरक्षा

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता ने निवेशकों के मन में कई तरह के सवाल पैदा कर दिए हैं। कभी यूक्रेन-रूस युद्ध, कभी पश्चिम एशिया में तनाव, तो कभी अमेरिका-चीन के बीच व्यापार विवाद -ये सब मिलकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर देते हैं। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों में बदलाव भी निवेशकों की नींद उड़ाने के लिए काफी हैं। ऐसे माहौल में सबसे जरूरी सवाल यही है कि कोई अपने निवेश पोर्टफोलियो को इन बाहरी झटकों से कैसे सुरक्षित रखे, और साथ ही भविष्य के लिए संपत्ति भी बना पाए।

सबसे पहली और मजबूत रणनीति है-पोर्टफोलियो में विविधताः हमारे यहां पुरानी कहावत है,'सारे अंडे एक ही टोकरी में मत रखो।' यही निवेश पर भी लागू होता है। अपने पूरे पैसे को एक ही एसेट में लगाना सबसे बड़ा जोखिम होता है। आपको इक्विटी, डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट और इंटरनेशनल फंड्स में अपना निवेश बांटना चाहिए। इक्विटी यानी शेयर बाजार लंबी अवधि में सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाला माध्यम है, लेकिन यह सबसे ज्यादा उतार-चढ़ाव वाला भी है। वहीं डेट फंड्स या बॉन्ड्स अपेक्षाकृत स्थिर रिटर्न देते हैं और जब बाजार गिरता है, तब आपके पोर्टफोलियो को संभालते हैं। सोना सदियों से आर्थिक संकटों में भी सुरक्षित विकल्प रहा है। अब डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसे साधनों ने इसे और आसान बना दिया है। साथ ही थोड़ी राशि अंतर्राष्ट्रीय इक्विटी या फंड्स में लगाकर एक देश विशेष के संकट के प्रभाव को कम किया जा सकता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलें : टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है।

दूसरा अहम कदम है- आपातकालीन फंड बनानाः कोविड महामारी ने यह सबक बहुत अच्छे से सिखा दिया कि जीवन में कोई भी संकट अचानक आ सकता है। इसीलिए कम से कम 12 से 24 महीने के खर्च जितनी राशि लिक्विड फंड या सेविंग अकाउंट में रखें, ताकि किसी इमरजेंसी में आपको अपने निवेश तोड़ने की नौबत न आए।

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलेंः टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है। स्वास्थ्य बीमा भी उतना ही जरूरी है। इलाज के बढ़ते खर्च से आप अच्छी हेल्थ पॉलिसी लेकर ही निपट सकते हैं। इससे आपको अपने निवेश को हॉस्पिटल के बिल में न तोड़ना पड़ेगा और आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। आपका पोर्टफोलियो तभी पूरी तरह असरदार होता है जब यह आपके जीवन के लक्ष्यों से जुड़ा हो।

बच्चों की पढ़ाई, शादी, अपने घर का सपना या रिटायरमेंट जैसी प्राथमिकताओं के हिसाब से निवेश करना चाहिए। लंबी अवधि के लिए इक्विटी फंड सबसे अच्छे माने जाते हैं, जबकि मध्यम अवधि में बैलेंस्ड या अल्ट्रा शॉर्ट टर्म फंड अच्छे रहते हैं। वहीं कम अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट या लिक्विड फंड बेहतर हैं।

बहुत सारे लोग बाजार में गिरावट देखकर घबरा जाते हैं और अपना निवेश निकाल लेते हैं। इतिहास गवाह है कि हर बार बाजार गिरे जरूर हैं, लेकिन कुछ सालों बाद उससे भी ऊंचे स्तर पर पहुंचे हैं। इसलिए अपने निवेश को समय दें और धैर्य रखें। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लॉन्ग टर्म में सही पोर्टफोलियो अच्छा रिटर्न देता है।

आज के समय में एसआईपी यानी सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान सबसे अच्छा विकल्प बनकर उभरा है। यह आपको बाजार के उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना नियमित निवेश की आदत डालता है और औसत लागत को भी कम करता है। लंबी अवधि में कंपाउंडिंग का असर इतना जबरदस्त होता है कि आप खुद चौंक जाएंगे।

इसके अलावा ध्यान रखें कि ज्यादा कर्ज न लें, क्योंकि कर्ज भविष्य के निवेश की क्षमता को कम कर देता है। हर साल अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करें ताकि जरूरत पड़ने पर उसमें बदलाव किया जा सके। टैक्स प्लानिंग को भी नजरअंदाज न करें। और हां, क्रिप्टो जैसे अत्यधिक जोखिम वाले निवेश में अगर पैसा लगाएं भी तो बहुत छोटी राशि ही लगाएं अन्यथा निवेश न करना ही बेहतर है । वैश्विक अस्थिरता के दौर में घबराने के बजाय समझदारी से निवेश करें। विविधता, बीमा, आपातकालीन फंड और लक्ष्य आधारित निवेश से न केवल आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। यही स्मार्ट इन्वेस्टमेंट की असली कुंजी है।


## सोशल फोरम

# खांटी धर्मनिरपेक्षता

खांटी धर्मनिरपेक्षता के लिए दो बातें ज़रूरी हैं। एक, आदमी में पूर्ण व्यक्तिगत ईमानदारी हो कि वह चीजों को साफ नीयत से और पूरी वस्तुपरकता से देख सके। किसी भी समूह या दल से जुड़ने और जुड़े रहने के लिए ऐसी ईमानदारी को बचा पाना कठिन हो जाता है।

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है।

दो, आदमी किसी भी धर्म के ऐसे अंश में विश्वास न करता हो जो बुद्धि-विवेक-सम्मत न हो या बुद्धि-विवेक से परे कहा जाता हो। ऐसे अंश में विश्वास होते ही मनुष्य के लिए इस प्रतीति से बचना असंभव नहीं तो मुश्किल तो हो ही जाता है कि वह और उसके सहधर्मी सत्य को पा चुके हैं, इसलिए सही हैं और बाक़ी सब ग़लत या अंधेरे में हैं। ऐसा आदमी लाख कोशिश करे, मनसा, वाचा, कर्मणा सौ टका धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है। इतिहास में टर्की के कमाल पाशा (बाद में कमाल अतातुर्क) इसके ज्वलंत और निरपवाद उदाहरण हैं जिन्होंने पूर्ण धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर लागू किया। स्वघोषित अज्ञेयवादी नेहरू को भी नरम धर्मनिरपेक्ष कहा जा सकता है। धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर उतारने की कोशिश उन्होंने नहीं की, उनके लिए संभव ही नहीं था। उन्होंने इसे अपनी प्रतीति तक सीमित रखा।

कोई 'धार्मिक' भी हो और पूर्ण 'धर्मनिरपेक्ष' भी, यह तो आदमी नाम के प्राणी से कुछ ज़्यादा ही अपेक्षा करना है। अपवाद स्वरूप ही ऐसे लोग धर्मनिरपेक्ष हो सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सहकारिता आंदोलन से बदलती लोगों की जिंदगी

भारत में सहकारिता आंदोलन से लाखों महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया हैं। यह आंदोलन, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, और सूक्ष्म वित्त में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी।

फिलहाल देश में 8 लाख से अधिक पंजीकृत सहकारी समितियां हैं, जिनसे लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हैं। 20 प्रतिशत कृषि ऋृण, 35 प्रतिशत उर्वरक वितरण और 31 प्रतिशत चीनी उत्पादन अब सहकारी संगठनों द्वारा संभाला जाता है। इसके अलावा, डेयरी सहकारी समितियां भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.5 प्रतिशत का योगदान देती हैं। अनुमान है कि 2030 तक सहकारी क्षेत्र 11 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्यक्ष और स्व-रोजगार दोनों शामिल हैं।

दरअसल केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से विकास का यह मॉडल न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में सफल हो रहा है। कुछ साल पहले तक ग्रामीण भारत में सबसे बड़ी समस्या यह थी कि छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए लोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था और उसका बड़ा हिस्सा बिचौलियों को देना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिल रही है। आज, दिल्ली से दूर राज्यों में रहने वाली आदिवासी महिलाएं भी सहकारी समितियों के माध्यम से अपने घरेलू खर्च आसानी से चला सकती हैं। वे पोल्ट्री, डेयरी और कृषि के जरिए सालाना 1.5 से 2 लाख रुपये कमा रही हैं। सहकारी समितियों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें आसान शर्तों पर कर्ज मिल रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा रही हैं और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बना रही हैं।

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, जैसे सहकारी समितियों में ऑडिट और जवाबदेही अनिवार्य करना।

दरअसल देश के सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने की शुरूआत नरेंद्र मोदी ने तब कर दी थी जब उन्होंने ग्रामीण विकास में सहकारिता के महत्व को समझते हुए इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। फिर अमित शाह को इसका मंत्री नियुक्त किया। जानकार जानते हैं कि 2014 से पहले सहकारी संगठनों से लोग निराश थे। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी थीं। उनके कामकाज में पारदर्शिता की कमी थी, लेकिन इस मंत्रालय ने अब एक सुसंगत, आधुनिक और डेटा-आधारित सहकारी संगठन का मॉडल स्थापित किया है।

जम्मू-कश्मीर में सहकारी आंदोलन का विस्तार, खासकर 2014 के बाद, विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, इस क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सहकारिता को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखा गया है। जम्मू-कश्मीर में सेब, केसर और अखरोट जैसे स्थानीय उत्पादों के लिए सहकारी समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों ने किसानों को बेहतर बाजार, भंडारण सुविधाएं और उचित कीमतें दिलाने में मदद की है।

उदाहरण के लिए, कश्मीर के सेब उत्पादकों के लिए सहकारी समितियों ने न केवल स्थानीय स्तर पर मार्केटिंग को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में भी मदद की है।

सहकारिता ने सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डाला है। महिलाएं सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्व की भूमिकाएं निभा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। ये समितियां सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देती हैं, जिससे महिलाएं सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी आवाज उठा रही हैं।

सहकारी संगठनों में बढ़ते जनविश्वास का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से कर्ज वितरण पिछले तीन वर्षों में पांच गुना बढ़ गया है। इसने 2021 में 25,000 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित किए थे, जबकि अब तक 1.28 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत और वितरित किए जा चुके हैं।

केंद्र सरकार का नारा, "सहकार से समृद्धि", इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सकता है। अमित शाह ने बार-बार जोर दिया है कि सहकारिता उन लोगों के लिए एक शक्तिशाली साधन है जिनके पास कम या कोई पूंजी नहीं है। यह समझना चाहिए कि भारत जैसे कृषि प्रधान और सामाजिक-आर्थिक रूप से विविध देश में, सहकारी आंदोलन की सफलता राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बच्चे की हत्या से भड़के संगठनों ने किया हंगामा, चौकी इंचार्ज लाइन

## एसडीएम और प्रभारी निरीक्षक से हुई नोकझोंक, आरोपियों के घर को घेरा, भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता, निघासन


गांव में प्रदर्शन करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। • अमृत विचार


एसडीएम को ज्ञापन देते भीम आर्मी के कार्यकर्ता। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली निघासन की पुलिस चौकी झंडी के गांव जुम्मन पुरवा उर्फ रघुवर नगर में अनुसूचित जाति के आठ साल के बच्चे की हत्या से गुस्साए भीम आर्मी, बजरंग दल आदि संगठनों के कार्यकर्ता शुक्रवार को गांव पहुंचे और हत्या पर जमकर हंगामा किया। इस दौरान उनकी एसडीएम और पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। उन्होंने पूरे गांव में घूमकर नारेबाजी की। गुस्साए लोग हत्यारोपियों की गिरफ्तारी और चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

एसपी ने चौकी इंचार्ज झंडी दुर्गेश शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है। पूरे दिन गांव में बवाल चलता रहा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बालक की मौत की वजह हैंगिंग आई है। हालांकि शव पर चोटों के दो निशान पाए गए हैं। घर लाए गे शव का परिवार वाले अंतिम संस्कार नहीं कर रहे थे। करीब तीन घंटे मशक्कत के बाद उनको किसी तरह अंतिम संस्कार के लिए पुलिस और प्रशासन ने राजी किया। भीम आर्मी की तरफ से एसडीएम को पांच सूत्रीय मांगपत्र दिया गया है।

गांव जुम्मनपुरवा निवासी जमुना का आठ साल का पुत्र पप्पू गुरुवार शाम गांव में ताजियों का जुलूस देखने गया था। इसके बाद वह देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। तलाश के दौरान उसका शव घर से कुछ दूर बबूल के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता पाया गया। जमुना का आरोप है कि गांव के नय्यूम व कय्यूम से उसका जमीन का विवाद चल रहा है। नय्यूम ने गांव के जाहिद, मुमताज, छोटे समेत कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर पप्पू की हत्या की और शव को फंदे से लटका दिया। पीड़ित परिवार ने झंडी पुलिस चौकी इंचार्ज दुर्गेश शर्मा पर दूसरे पक्ष की मदद करने का आरोप लगाया। रात करीब 11 बजे एएसपी पूर्वी पवन गौतम और एसडीएम राजीव निगम गांव पहुंचे। करीब दो घंटे समझाने के बाद शव उतारकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा।


मृतक पप्पू।


बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को समझाते एसडीएम निघासन राजीव निगम।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या और एससी-एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पप्पू की मौत का कारण हैंगिंग है। उसके शरीर पर दो चोटों के निशान भी मिले हैं। एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। चारों आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। अगर चौकी इंचार्ज का दोष सामने आता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

- **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगने से मौत की पुष्टि, शव पर चोटों के निशान**

### खेतों के रास्ते शव लेकर गांव पहुंची पुलिस

गांव में बढ़े तनाव और हंगामे के कारण पुलिस ने लोगों को चकमा दिया। सीओ महक शर्मा समेत तमाम पुलिसकर्मी झंडी चौराहा पर मुस्तैद रहे। इससे लोगों को आभास हुआ कि शव झंडी चौराहा से ही लाया जाएगा, लेकिन पुलिस ने लोगों को चकमा देकर पप्पू का शव खेतों में होते हुए गांव पहुंचा दिया। शव आने के बाद घर वालों ने उसका अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। बजरंग दल और भीम आर्मी समेत घर वालों को शव का अंतिम संस्कार करने को राजी करने के लिए एसडीएम, सीओ आदि अफसरों को कई घंटे मशक्कत करनी पड़ी। निघासन चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य भी संवेदना जताने परिवार से मिले। करीब तीन घंटे चली बातचीत के बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे भीम आर्मी के लोगों ने एसडीएम को मांगपत्र सौंपा। इसमें मुख्यमंत्री कोष से परिवार को 50 लाख रुपये की मदद दिलाने, डीएम से पांच लाख की मदद, परिवार को एक एकड़ जमीन और एक आवास 10 दिनों में देने, फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दोषियों को सजा दिलाने और परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस मुहैया कराने की मांगें रखी हैं।

> परिवार के लोगों ने सार्वजनिक भूमि से आरोपियों का अवैध कब्जा हटवाने और एससीएसटी एक्ट के तहत सरकारी सहायता दिलाने की मांग की थी। इस पर सहमति जताने के बाद उन्होंने अंतिम संस्कार के लिए हामी भर दी।
> –**राजीव निगम**, एसडीएम, निघासन

### पूरे दिन चलता रहा बवाल, पुलिस व अफसरों का छूटा पसीना

शुक्रवार को पूरा दिन जुम्मनपुरवा गांव में बवाल होता रहा। इसके पीछे पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई। दो समुदायों के बीच का मामला होने के बावजूद गांव में पुलिस तब पहुंची जब वहां बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। हालात बेकाबू देख निघासन के अलावा, पढ़ुआ, सिंगाही, तिकुनियां, मझगईं और शारदानगर आदि थानों की पुलिस बुलानी पड़ी। गांव पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। पूरे गांव में नारेबाजी करते हुए आरोपी के घर पहुंचकर उन्होंने प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे बाद पहुंचे पुलिस अफसरों ने उनको समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह लोग शांत नहीं हुए। उनका कहना था कि मिले हुए बसे जुम्मनपुरवा में केवल चार घरों को छोड़कर बाकी आबादी दूसरे समुदाय की है। इस कारण वे कम तादाद वाले लोगों को परेशान करते हैं। बजरंग दल कार्यकर्ताओं में रवि विश्वकर्मा, रचित शुक्ला, विशेष पांडे, अंकित वर्मा, लव सागर आदि आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग करते रहे। उधर भीम आर्मी के कौशल आंबेडकर, दीपक जाटव, रवि जाटव आदि कार्यकर्ता भी गांव पहुंच गए। उन्होंने भी पीड़ित परिवार के समर्थन में नारेबाजी की। उन्होंने परिवार वालों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# स्थापना दिवस पर किया रक्तदान बने महादानी


ब्लड बैंक में रक्तदान करते लोग।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित जीवन रेखा ब्लड बैंक में पहुंचकर बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने रक्तदान किया और महादानी बने। दूसरों को भी रक्तदान का महत्व बताते हुए जागरुक किया।

इस मौके पर संस्था के जिलाध्यक्ष संजीव मोहन अग्रवाल, महामंत्री अंकुर अग्रवाल,अंकुर गुप्ता ,रचित अग्रवाल,उपाध्यक्ष लव अग्रवाल,मनोज गुप्ता, दीप अग्रवाल,मनोज,अवधेश ,अर्पित अग्रवाल,मुदित, अर्पित, अमित, अमन , प्रिंस, आनंद, पूजा अग्रवाल, शोभित गुप्ता, मुकेश गुप्ता, साहिल गुप्ता, संगम अग्रवाल आदि ने रक्तदान किया। अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की ओर से रक्तदान प्रमाण पत्र दिए गए। ब्लड बैंक की ओर से डॉ.नीलम अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक शैशव अग्रवाल और लव अग्रवाल ने आभार जताया।

# गांव की समृद्धि और सुख शांति को हुई ग्रामदेवी की पूजा

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचार:** सदर तहसील के गांव बिझौली में शुक्रवार को गांव की समृद्धि, सुरक्षा एवं शांति के लिए हुई पूजा में गांव के प्रत्येक परिवार के सदस्य शामिल हुए।

रणवीर सिंह, चंदन सिंह के नेतृत्व में पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर हवन कराया। चंदन सिंह ने बताया कि प्रत्येक साल आषाढ़ी से पहले गांव में ग्राम देवी की पूजा का आयोजनहोता रहा है। इस बार भी हवन, भंडारा कर ग्राम देवता, दुर्गा भगवती से प्रार्थना की कि पूरे गांव में सुख समृद्धि बनी रहे। इस मौके पर रामेश्वर सिंह, रामकुमार सिंगज, रामऔतार सिंह, राकेश श्रीवास्तव, मुख्य कार्यकर्ता रणवीर सिंह, दिनेश सिंह (दरोगा), कृष्णपाल सिंह, उमेश सिंह बीडीसी, उमेश सिंह, जसवीर सिंह बृजेश सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहें।

दुर्गा मंदिर पर कन्या पूजन में अतुल सिंह, विपिन सिंह ने खीर, पूड़ी, बतासे, हलुवा, चना का भोग लगाया।

चंदन सिंह ने कहा की माता रानी से बढ़कर दुनिया में कोई शक्ति नहीं है। आज के युग की हर कन्या मां का रूप होती हैं और कन्यायों में हम सबको मां की छवि देखनी चाहिये। इस मौके पर दिविशा श्रीवास्तव, अनुप्रिया सिंह, डाली, तन्नू, अंजली सिंह आदि मौजूद रहीं।

# धीमी गति से सड़क निर्माण, व्यापारी बोले-श्रमदान को हम तैयार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** निरीक्षण के बाद डीएम के नाराजगी जताने पर गौरीशंकर मंदिर को जाने वाली सड़क के कुछ हिस्से का रातोंरात निर्माण करा दिया गया था, मगर अभी भी सड़क पर काम बाकी है। सावन माह नजदीक आ चुका है, ऐसे में प्राचीन मंदिर को जाने वाली सड़क पर आधे अधूरे काम को लेकर व्यापारी नेताओं ने नाराजगी जताई। डीएम से मुलाकात कर तेज गति से काम कराने की मांग की गई। ये भी कहा कि व्यापार मंडल इसमें श्रमदान करने के लिए भी तैयार है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी अनूप अग्रवाल की अगुवाई में शुक्रवार को व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान बताया कि सावन माह नजदीक है। कावंड़ यात्रा का पहला सोमवार 11 जुलाई को है, जिसमें चंद दिन बाकी है। मगर, अभी तक प्राचीन गौरी शंकर मंदिर तक जाने वाली रोड नहीं बन सकी है। गौरी शंकर बाबा सभी भक्तों के आराध्य हैं।


एडीएम से सड़क निर्माण के संबंध में वार्ता करते व्यापार मंडल पदाधिकारी। • अमृत विचार

- **सावन नजदीक व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी डीएम-एडीएम से की मुलाकत**

कांवड़िये बड़ी संख्या में पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में इस मार्ग के निर्माण की सुस्त गति से शिव भक्तों को दिक्कत आ सकती है। निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। अगर इसी धीमी गति से कार्य चलता रहा तो पूरे सावन कार्य ही चलता रहेगा। ये भी कहा कि अगर ठेकेदार कार्य जल्द कराने में असमर्थ हो तो व्यापार मंडल श्रमदान करने के लिए तैयासर है।

डीएम से आग्रह किया कि वह स्वयं जाकर निरीक्षण करें समाधान कराएं। इस पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने व्यापारी नेताओं संग निरीक्षण करने और सावन से पूर्व कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने एडीएम वित्त ऋतु पूनिया से भी इस मामले में मुलाकात की। उन्होंने भी सावन से पहले कार्य को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री अलाउददीन अंसारी, युवा नगर महामंत्री निमित्त अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ. शिखर भुवनेश्वर में सम्मानित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के जिरियाट्रिक फिजिशियन को भुवनेश्वर में हुई तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया। इसका आयोजन एक निजी मेडिकल कॉलेज में किया गया।

जिरियाट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया ने उड़ीसा के भुवनेश्वर में नेशनल मिडटर्म तीन दिवसीय सम्मेलन का आरंभ मुख्य अतिथि उड़ीसा के राज्यपाल हरी बाबू कमभमपति ने किया। इसमें जिले के जिरियाट्रिक फिजिशियन एमडी जिरियाट्रिक डॉ. शिखर वाजपेयी ने बुजुर्गों में होने वाली बीमारी फियर ऑफ फॉल यानि बुजुर्गों में गिरने का डर के कारण, लक्षण एवं उपचार को लेकर अपने अनुभव एवं इलाज आदि के बारे में देशभर से आए डॉक्टरों को जानकारी दी। कार्यक्रम सचिव डॉ. महेश रथ आदि ने डॉ. शिखर वाजपेयी को सम्मानित किया। जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ. शिखर वाजपेयी जिला अस्पताल में बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम के तहत मरीजों का इलाज कर रहे हैं।


भुवनेश्वर के मेडिकल कॉलेज में डॉ. शिखर वाजपेयी को सम्मानित करते डॉ. महेश रथ।

# टाह पौटा स्कूल में हुआ वाइल्ड स्काउट्स कार्यक्रम



वाइल्ड स्काउट्स कार्यक्रम में प्रतिभागी स्कूली बच्चों के साथ मौजूद वन अफसर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** चेस्टर जू, वन एवं वन्यजीव प्रभाग एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में वाइल्ड स्काउट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वृक्ष भंडारे में बच्चों को पौध वितरित किए और पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में 350 बच्चों ने हिस्सा लिया।

मरौरी ब्लाक के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में प्रकृति पर आधारित कहानी लेखन, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। वन एवं वन्य जीव प्रभाग की ओर से वृक्ष भंडारा कर स्कूल के सभी बच्चों को कलमी प्रजाति आम के पौधे का वितरण किया गया। इस दौरान महोगनी, जकरेंडा, सिंदूर,फाइकस बेंजामिना के पौधे भी रोपे गए। वन अफसरों द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके, उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वनाधिकारी विनीत प्रकाश श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी शेर सिंह, डब्ल्यूटीआई और चेस्टर जू संस्था के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान राम बेटी, प्रधान प्रतिनिधि संतराम, प्रधानाध्यापक अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

- **वृक्ष भंडारे में बच्चों को बांटे गए आम के पौधे, रोपे गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे**

# शिक्षक बनकर सीडीओ ने छात्रों की परखी पठन-पाठन की क्षमता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शुक्रवार को जिले भर के परिषदीय स्कूलों में स्कूल चलो अभियान को एक उत्सव के रूप में मनाया गया। सीडीओ ने स्कूल में बच्चों के साथ पौध रोपण ही नहीं किया, बल्कि शिक्षक बनकर उनके पठन पाठन का स्तर परखा। इसके अलावा कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को पुस्तकें वितरित कर मन लगाकर पढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

सीडीओ अभिषेक कुमार शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय रमुआपुर सत्ती पहुंचे। वहां पर नया प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक कर माला पहनाई और बच्चों से तालियां बजाकर स्वागत किया। सीडीओ ने शिक्षकों से कहा कि हर बच्चा जो स्कूल आता है, वह सिर्फ पढ़ने नहीं, बल्कि सपना देखने आता है। उसका सपना सहेजना शिक्षक की जिम्मेदारी है। सीडीओ ने बच्चों के साथ पौध लगाकर बताया कि एक पौधा, एक सांस एवं एक जीवन के बराबर होता है। जब हर बच्चा पौधा लगाएगा तभी पर्यावरण को बचाना संभव होगा। इस दौरान विद्यालय की साफ-सफाई, शिक्षकों की सजगता और डिजिटल बोर्ड आदि व्यवस्थाओं को देखकर सराहना की।

### सीडीओ ने प्रिज्म से दिखाया इंद्रधनुष

डिजिटल क्लास रूम में पहुंचे सीडीओ स्वयं शिक्षक बन गए। उन्होंने बच्चों को विज्ञान के प्रयोगों की जानकारी देकर प्रिज्म के माध्यम से सूर्य की किरणों को सात रंगों में विभाजित कर दिखाया। इसके बाद डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को रोचक ढंग से शिक्षण कार्य कराया।

# पीलीभीत के किसान करेंगे मोती की खेती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में खेत तालाब योजनान्तर्गत मोती की खेती को लेकर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों द्वारा किसानों को मोती की खेती के तौर-तरीकों एवं दिए जाने वाले अनुदान आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विकास भवन स्थित गोमती सभागार में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में मणिएग्रो हब कंपनी लखनऊ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अयूब हुसैन द्वारा मोती की खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मोती की खेती के बारे में सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि मोती की खेती करके किसान अपनी आय को तीन गुना तक बढ़ा सकते हैं। मोती की खेती 12 से 18 माह की अवधि की होती है। आर्थिक स्थिति के आधार पर कम से कम 5,000 सीपों की खेती से शुरुआत करनी चाहिए। एक सीप की लागत 62.00 रुपये होती है। इस प्रकार 310000 रुपये की लागत आती है। केंद्र सरकार द्वारा इस पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। इसके लिए 1365 वर्ग फीट तालाब पर्याप्त होता है। जब सीप 12 से 18 माह की हो जाती है तो 200 रुपये प्रति सीप की दर से बिकती है। बताया गया कि सीप का बीज देने से लेकर बाजार में बिक्री तक का पूरा प्रबंध कंपनी द्वारा किया जाता है। कंपनी इसके लिए किसानो से अनुबंध भी करती है। भूमि संरक्षण अधिकारी ने खेत तालाब योजना की प्रक्रिया एवं अनुदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार, भूमि संरक्षण अधिकारी इं. कौशल किशोर, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप सुरेंद्र कुमार, अवर अभियंता रामकुमार, ओमवीर समेत खेत तालाब योजना के लाभार्थी, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, मत्स्य पालक एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



- **किसानों को किया गया प्रशिक्षित मोती की खेती के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा**

# भाकियू भानु ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इसमें पूर्व में किए गए कुरा विभाजन के आदेश को निरस्त करने की मांग की गई।

ब्लॉक अध्यक्ष अंग्रेज सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ता पहुंचे और तहसीलदार आशीष गुप्ता को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के सदस्य एवं किसान जसवंत सिंह पुत्र जागीर सिंह, हरजिंद कौर पत्नी राजवंत , वीरेंद्र जीत सिंह पुत्र रजवंत सिंह, गगनदीप सिंह पुत्र रजवंत सिंह के विरुद्ध ग्राम सिसैइय्या साहब तहसील बीसलपुर के गाटा संख्या 100/3 जो मिनजुमला है, बिना नक्शा संशोधन के कुरा विभाजन नहीं किया जा सकता। लेकिन पूर्व एसडीएम-जे बीसलपुर द्वारा कुरा विभाजन के बाद विधि विरुद्ध तरीके से ऐसा कर दिया गया है। इसे निरस्त करने की मांग की गई। समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर मनप्रीत कौर, प्रेम सागर पटेल, सलमान, हरविंदर सिंह, छोटेलाल, धनपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# पहली बरसात में ही बह गया विकास कार्य

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार:** गोला तहसील के गांव बेलबोझी मे पहली ही बरसात में ही खुली विकास कार्यों की पोल खुल गई है। पुलिया के निकट इंटरलाकिंग सड़क धंस जाने से लोग निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरतने का आरोप लगा रहे हैं।

कुंभी ब्लाक के गांव बेलबोझी में एक महीने पहले क्षेत्र पंचायत निधि से लाखों रुपयों की लागत से गोला सिकंदराबाद हाइवे से पंचायत भवन तक इंटरलाकिंग सड़क और पुलिया का निर्माण कराया गया था। अधिकारियों को शिकायत भी भेजी गई लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, जिससे एक महीने बाद ही पहली बारिश में ही इंटरलाकिंग जमीन में धंसने लगी और पुलिया व उस पर बनी इन्टर लाकिंग सड़क पूर्णतया मिट्टी में धंस जाने के कारण उस सडक पर आवागमन बंद हो गया है।


बेलाबोझी में पुलिया के निकट धंसी सड़क। • अमृत विचार

> इस पुलिया व इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण क्षेत्र पंचायत सदस्य निधि से कराया गया है। हमसे इसमें कोई लेना देना नहीं है।
> –**मनोज वर्मा**, ग्राम प्रधान बेलाबोझी (तेन्दुहाई)

> बेलाबोझी गांव में सड़क और पुलिया अत्याधिक पानी भरने के कारण धंसने की सूचना मिली है। अतिशीघ्र ही उसको ठीक कराया जाएगा।
> –**विमल वर्मा**, ब्लॉक प्रमुख कुंभी (गोला) खीरी

# ग्रामीण पर किया धारदार हथियार से हमला, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव अलकथान निवासी डालचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक जून को वह अपने भाई डोरीलाल की ठेली के पास खड़े थे। इस बीच गांव का हरीश कुमार आया और पुरानी रंजिश के चले गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी।

पेट में धारदार हथियार से वार किया। आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### तमंचा दिखाकर धमकाने का आरोप

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूवी रामनगर कॉलोनी निवासी कन्हाईलाल की पुत्री शोभा ने बताया कि उसकी शादी 2012 में दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरदाह निवासी लक्ष्मण प्रसाद पुत्र मुरारीलाल से हुई थी। आरोप है कि पति नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। महिला पिछले दो वर्ष से मायके में अपने बच्चों को लेकर रह रही है। आरोप है कि सात मई की रात साढ़े सात बजे पति आया और तमंचे के बल पर धमकाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### युवक से चाकू बरामद, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में तैनात दरोगा शरद कुमार यादव, कांस्टेबल रवि और सन्नी भ्रमण पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि राजकीय महाविद्यालय वाले मार्ग पर भट्ठे के सामने पेड़ के नीचे एक युवक अवैध चाकू लिए खड़ा है। वह किसी घटना को अंजाम दे सकता है। इस पर पुलिस ने दबिश दी और एक युवक को पकड़ा था। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपी बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र के ग्राम ककराकला निवासी बबलू पुत्र नन्कूलाल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# बरेली में पति को छोड़ प्रेमी संग रह रही महिला की गला दबाकर हत्या

## दूसरे समुदाय के युवक के साथ रहती थी मीरा, घटना को अंजाम देकर प्रेमी फरार

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हाथ से गला दबाने की हुई पुष्टि
- पुलिस ने जांच के बाद आरोपी की तलाश शुरू की

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ बिथरी

**अमृत विचार :** पति को छोड़कर दूसरे समुदाय के प्रेमी के साथ विवाह करने वाली प्रेमिका की उसके दूसरे पति ने ही गला दबा कर हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हाथ से गला दबा कर हत्या करने की पुष्टि हुई है।


मृतक मीरा।

भुता थाना क्षेत्र के गांव मल्हपुर निवासी पवन शर्मा के साथ मीरा शर्मा (30) की शादी हुई थी। जो एक वर्ष पहले पति पवन शर्मा से अलग होकर अपने चार साल के बेटे गोविंदा के साथ दूसरे समुदाय के प्रेमी गुड्डू उर्फ़ आशिक निवासी शाहजहांपुर के साथ ईडब्ल्यूएस रामगंगा नगर कालोनी के सेक्टर-सात में रहती थी। पड़ोसियों ने शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना दी की मीरा की लाश उसके कमरे में पड़ी है। सूचना पर सीओ हाईवे नीलेश मिश्रा और इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों ने पूछताछ में बताया कि पति-पत्नी में में आए दिन गाली-गलौज और मारपीट होती रहती थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला दबा कर हत्या करने की पुष्टि हुई।


घटनास्थल पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंच कर जांच करते सीओ हाईवे।

### बेटा गोविंदा बोला- मामा ने मां को मार डाला

मीरा को पहले पति पवन शर्मा से दो बेटे हैं। एक बेटा पवन के साथ रहता है, जबकि दूसरा चार वर्षीय बेटा गोविंदा अपनी मां के साथ रहता था। जो गुड्डू को मामा कहता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब पूछताछ की तो बेटे गोविंदा ने बताया कि मामा ने उसकी मां का गला दबा कर मार डाला। बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ल ने बताया कि गुड्डू की तलाश की जा रही है। मीरा के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर अभी तक नहीं मिली है।

### पहला पति बोला- मेरा कोई लेना-देना नहीं

पुलिस ने जब पहले पति पवन शर्मा को फोन कर मीरा की हत्या की सूचना दी तो उसने कहा कि मेरा उस महिला के साथ अब कोई वास्ता नहीं है। वह मुझे और मेरे बच्चे को छोड़ कर चली गई थी। उसने मुझे धोखा दिया था, उसके साथ तो ऐसा होना ही था। वह बाहर रहकर कहीं पर मजदूरी करता है। हालांकि, पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है। दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नहीं हुआ था दोनों किरायेदार का सत्यापन

एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर थाना क्षेत्र में रहने वाले लोगों का समय-समय पर पुलिस सत्यापन करती है। जिससे पुलिस को क्षेत्र में रहने वाले लोगों की जानकारी रहे। इसके लिए बीच-बीच में लंबा अभियान भी चलाया जाता है, लेकिन बिथरी थाना क्षेत्र में कौन रह रहा है, इसकी जानकारी बिथरी पुलिस को नहीं है। थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि दोनों का पुलिस सत्यापन नहीं हुआ था, जबकि इससे पहले भी सेक्टर-सात में हत्या जैसी घटनाएं हो चुकी हैं।

> महिला पति को छोड़ कर अपने प्रेमी के साथ विवाह कर एक साल से साथ में रह रही थी। चार वर्षीय बेटा गोविंदा ने बताया कि मामा ने उसकी मां की गला दबा कर हत्या कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल अभी तक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।
> –निलेश कुमार मिश्रा, सीओ, हाईवे

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने दी जान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र में पत्नी से अनबन होने पर पति ने अपने पिता के क्लीनिक पहुंचकर फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मरने वाले युवक के पिता ने मृतक की पत्नी और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के मोहल्ला धोबियान कैलेंडर वाली मस्जिद निकट निवासी डॉ. समीर के बड़े बेटे जुनैद को मंडोवाला निवासी इशरत अली की बेटी सोनम से प्यार हो गया, जिसके बाद परिजनों ने उसकी शादी बीती 21 अप्रैल को सोनम परवीन के साथ करा दी।

बताया गया कि कुछ दिन सब ठीक रहा, इसके बाद पति-पत्नी में अनबन शुरू हो गई। शुक्रवार की सुबह लगभग 6:00 बजे काशीपुर रोड स्थित डॉ. समीर के शिफा क्लीनिक के दो मंजिल बिल्डिंग के कमरे में बेटा जुनैद पंखे से लटका मिला।युवक के पिता ने लड़की पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच कर रही है।

## बरेली कॉलेज : स्नातक की पहली ओपन मेरिट जारी

- बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीकॉम की मेरिट में शामिल छात्रों को आज से लेना होगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज ने शुक्रवार को स्नातक पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीबीए और बीसीए में प्रवेश के लिए पहली ओपन मेरिट लिस्ट जारी कर दी। सभी पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष अधिक आवेदन आने से मेरिट काफी हाई रही। बीए, बीएससी जीव विज्ञान और बीकॉम की मेरिट में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए 5 से 6 जुलाई रात 12 बजे तक कॉलेज के पोर्टल बीसीबी ऑनलाइन एडमिशन पर लॉग इन कर प्रवेश लेना होगा। शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना होगा। बाद में सीटों की उपलब्धता के अनुसार आगे की मेरिट जारी की जाएगी। बीकॉम आनर्स, बीबीए और बीसीए में विद्यार्थियों विभाग में 5 से 7 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि स्नातक में प्रवेश के लिए पहले चरण में बीए की 1840 सीटों के लिए 5099, बीएससी गणित की 880 सीटों के लिए 718, बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 2096, बीकॉम की 1040 सीटों के लिए 1444, बीकॉम आनर्स की 120 सीटों के लिए 390, बीबीए की 120 सीटों के लिए 627 और बीसीए की 160 सीटों के लिए 764 आवेदन आए हैं। बीएससी गणित में पहले से प्रवेश हो रहे हैं। इसके अलावा अन्य सभी की ओपन मेरिट जारी की गई है। उन्होंने बताया कि मेरिट में शामिल छात्रों का कॉलेज के पोर्टल पर प्रवेश लेने के बाद यदि ऑनलाइन पेमेंट फेल होता है तो छात्र छह घंटे बाद फी कन्फर्मेशन पर क्लिक करें।

### ओपन मेरिट पर्सेंटाइल में

बीए की ओपन मेरिट 98.800 से 72.600, बीएससी जीव विज्ञान की 96.600 से 78.658, बीकॉम की 95.400 से 69.600, बीबीए की 95.062 से 75.720, बीकॉम आनर्स की 98.60 से 82.92, बीसीए की 79.424

### फर्जी तरीके से प्रवेश की कोशिश, 15 के भारांक संदिग्ध

स्नातक में प्रवेश के लिए कई छात्रों ने मेरिट में आने के लिए फर्जीवाड़ा किया है। प्रवेश समिति को 15 आवेदनों के भारांक संदिग्ध मिले हैं। इनमें किसी ने एनएसए, दिव्यांग, स्पोर्ट्स सहित अन्य प्रमाणपत्र लगाए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। प्रो वंदना शर्मा ने बताया संदिग्ध प्रमाणपत्रों की जांच की जा रही है। यह छात्र यदि ऑनलाइन प्रवेश लेते हैं तो इन्हें प्रवेश समिति के समक्ष बुलाया जाएगा। इनके ओरिजिनल प्रमाणपत्र देखने व पूछताछ के बाद ही सीट लॉक पर विचार किया जाएगा।

## शिया समुदाय ने कदीमी जुलूस निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** हजरत अब्बास की शहादत की याद में 8 मोहर्रम को शिया समुदाय ने ऐतिहासिक और कदीमी जुलूस निकाला। जुलूस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा से शुरू हुआ। मजलिस को दिल्ली से आए मौलाना नेमत अली कुम्मी ने खिताब किया। जिन्होंने हजरत अब्बास की बहादुरी और करबला की तपिश भरी रातों को बयान किया। उनकी तकरीर सुनकर मोमिनों की आंखें नम हो गईं।

ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि जुलूस किला चौकी, दूल्हा मियां मजार, इंग्लिशगंज, जामा मस्जिद रोड, चिड़ीमार कुआं, शबाब जैदी के इमामबाड़ा, जसोली नाला होते हुए मलूकपुर इमामबाड़ा फतेह निशान पहुंचा। वहां अंजुमनों ने नौहख्वानी की। इसके बाद जुलूस दरगाह आला हजरत रोड, इंदिरा मार्केट, कुमार टाकीज गली होते हुए जज साहब के इमामबाड़ा पहुंचा। यहां भी नौहख्वानी हुई। कुमार टाकीज रोड पर अंजुमन शमशीर ए हैदरी और ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी ने जंजीरी व कमा का मातम कर गम-ए-अब्बास मनाया।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स अल्ट्राएग्रीटेक बायोऑगेनिक्स पता 93, सिटी हार्ट कालोनी, स्टेडियम रोड, बरेली उत्तर प्रदेश जिसकी पंजीकरण सं-BAR/0014211 में दो साझेदार श्री सनी अग्रवाल पुत्र श्री सतीश चन्द अग्रवाल व श्रीमती गरिमा अग्रवाल पत्नी श्री सनी अग्रवाल स्वेच्छा से व अन्य साझेदारों की सहमति से दिनांक 01.03.2025 को सम्मलित हो गये हैं। नये साझेदारों के सम्मलित होने के पश्चात पूर्व दोनों साझेदार ए आइटवों बिजनेस एसोसियेटस प्राइवेट लिमिटेड (बतौर डायरेक्टर गरिमा अग्रवाल) व श्रीमती शैल अग्रवाल पत्नी श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल दिनांक 1.03.2025 को ही स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गये। सेवानिवृत्ति के पश्चात दोनों सेवानिवृत्त साझेदारों का फर्म पर या फर्म का सेवानिवृत्त दोनों साझेदारों पर कोई शेष बकाया नहीं है। वर्तमान में उपरोक्त फर्म में कुल दो साझेदार क्रमशः 1-सनी अग्रवाल 2-गरिमा अग्रवाल है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में मेरे द्वारा समस्त विधिक औपचारिकतायें पूर्ण कर ली गयी है।

गरिमा अग्रवाल-साझेदार
मैसर्स अल्ट्राएग्रीटेक बायोऑगेनिक्स
पता 93 सिटी हार्ट कालोनी, स्टेडियम रोड, बरेली उत्तर प्रदेश जिसकी
पंजीकरण सं.-BAR/0014211


## एलएचबी बोगियों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

- प्रथम चरण में 100 एलएचबी बोगियों में कैमरे लगाए जाएंगे
- तीन ट्रेनों में होगा ट्रायल, यात्रियों की सुरक्षा और पुख्ता होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इज्जतनगर मंडल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लगातार कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में अब मंडल की तीन ट्रेनों में एलएचबी बोगियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पहले चरण में 100 एलएचबी बोगियों में कैमरे लगाए जाएंगे। ट्रायल के लिए इज्जतनगर मंडल की तीन प्रमुख ट्रेनों को चुना गया है, जिनमें कैमरे लगाकर उनकी कार्यक्षमता की जांच की जाएगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इन कैमरों की मदद से बोगी के भीतर हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी। इसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा, क्योंकि किसी संदिग्ध हरकत या आपराधिक गतिविधि की स्थिति में फुटेज का उपयोग पहचान और साक्ष्य के तौर पर किया जा सकेगा। कैमरों से प्राप्त फोटो और वीडियो को रेलवे की सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अपराधियों के राष्ट्रीय डेटाबेस से भी जोड़ा जाएगा, जिससे पुराने या वांछित अपराधियों की पहचान आसान हो सकेगी।

ट्रायल सफल रहने के बाद इस योजना को अन्य एलएचबी बोगियों में भी विस्तारित किया जाएगा। एलएचबी कोचों में कैमरे लगने से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और अकेले यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा में और अधिक मजबूती होगी। रेलवे का यह कदम प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना और 'स्मार्ट रेलवे, सुरक्षित रेलवे' के तहत उठाया गया है। प्रत्येक एलएचबी कोच में चार से छह हाई-डेफिनिशन कैमरे लगाए जाएंगे, जो लाइव फीड रिकॉर्ड करेंगे। ये कैमरे न केवल वीडियो रिकॉर्ड करेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर ऑडियो कैप्चर की सुविधा भी होगी।

## सावनः कांवड़ रूटों पर लगेंगे शिविर दौड़ेंगी एमएमयू

**बरेली, अमृत विचार :** 11 जुलाई को सावन मास आरंभ हो रहा है। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। शहर के नाथ मंदिरों में स्वास्थ्य टीमें तैनात रहेंगी। पूरे माह के हर सोमवार को टीमें मंदिरों में कांवड़ियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। सीएमओ के आदेश पर 11 टीमें गठित कर दी गई हैं। प्रशासन की ओर से जो कांवड़ रूट निर्धारित किए गए हैं, उन पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात रहेंगी।

## बेटा चला रहा था गाड़ी, पिता पर चढ़ी, मौत

- रामपुर जिले के बिलासपुर क्षेत्र के खौंदलपुर की घटना

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

**अमृत विचार:** गलती से एक पुत्र की अनियंत्रित सेंट्रो कार पिता के ऊपर चढ़ गई। इस हादसे में पिता की इलाज को लेकर जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। परिवार में हुई अचानक मौत से कोहराम मच गया है।

नगर से सटे गांव खौंदलपुर में शुक्रवार शाम एकाएक अफरा तफरी मच गई। एक अनियंत्रित सेंट्रो कार तेज रफ्तार से घर के बाहर कुर्सियों पर बैठे दो वृद्ध व्यक्तियों पर चढ़ गई। इस हादसे से मौके पर चीख पुकार मच गई। आनन फानन में घायलों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजन घायलों को उठाकर इलाज के लिए नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गया। जहां से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया।

मगर इलाज को लेकर जाते समय घायल नजीर अहमद 55 वर्षीय ने दम तोड़ दिया। दूसरे घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। परिवार में हुई अचानक मौत से कोहराम मच गया।

## भारत गौरव ट्रेन कराएगी तीर्थ स्थलों के दर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** भारत गौरव ट्रेन 28 जुलाई से एक बार फिर रवाना होने जा रही है। इस बार यह विशेष ट्रेन बरेली जंक्शन से चलेगी और दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा कराएगी। इससे यात्री तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे मंदिरों के दर्शन कर सकेंगे।

भारत गौरव ट्रेन कुल 13 दिन की यात्रा पर रवाना होगी। 9 अगस्त को बरेली लौटेगी। इस धार्मिक यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रेन में तीन श्रेणियों में सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। हर श्रेणी के यात्रियों को यात्रा के दौरान नाश्ता, भोजन, ठहरने की व्यवस्था और गाइड की सुविधा भी दी जाएगी।

## चार्जिंग स्टेशन को जमीन की होगी तलाश

- रोडवेज के बेड़े में 30 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी
- आरएम ने जमीन चिह्नित करने को गठित की कमेटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोडवेज के बेड़े में 30 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी। मुख्यालय से इसकी मंजूरी पिछले महीने ही मिल चुकी है। वहीं, अब आरएम ने मुख्य प्रधान प्रबंधक के निर्देश पर इन बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने की कवायद शुरू कर दी है। चार्जिंग स्टेशन के लिए जिले में जगह चयनित की जानी है। इसके लिए क्षेत्रीय कमेटी गठित की है। जिसमें सेवा प्रबंधक के अलावा बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो के एआरएम को शामिल किया गया है। यह अधिकारी स्टेशन के लिए जगह चिह्नित कर प्रस्ताव बनाकर आरएम कार्यालय भेजेंगे। मौका मुआयना कर जमीन फाइनल की जाएगी।

जिले में अभी केवल 24 सिटी बसों का संचालन हो रहा है। इन बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन मिनी बाईपास स्थित सिटी बस डिपो में है। चूंकि अब रोडवेज के बेड़े में 30 साधारण इलेक्ट्रिक बसें शामिल होने वाली हैं। इन बसों के लिए कोई चार्जिंग स्टेशन नहीं है। ऐसे में बसों के आने के बाद संचालन कहीं प्रभावित नहीं हो, इसलिए चार्जिंग स्टेशन बनाने का निर्णय लिया गया है। इन बसों का संचालन रुहेलखंड, बरेली, बदायूं व पीलीभीत डिपो की ओर से किया जाएगा।

### नगर निगम शहर में बनवाएगा 16 चार्जिंग स्टेशन

शहर में ई-वाहनों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर शहर में 16 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने हैं। चार अप्रैल को मंडलायुक्त ने इसके लिए भूमि चयन करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने सर्वेक्षण शुरू करा दिया है। इसमें निर्माण विभाग के अभियंता स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। इसके बाद स्थान चिह्नित कर सूची मुख्यालय को भेजी जाएगी। मुख्यालय से चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए टेंडर निकाले जाएंगे।

## निजीकरण के समर्थन में जारी विज्ञापन से कर्मचारियों में गुस्सा

- विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बैठक कर बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के समर्थन में जारी विज्ञापन से बिजली कर्मचारियों, अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों में गहरा रोष है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में हुई।

संघर्ष समिति के संयोजक राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि यह विज्ञापन भ्रामक तथ्यों और अंतर्विरोधों से भरा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि निजीकरण पर कोई अंतिम निर्णय लेने से पहले संघर्ष समिति को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि निजीकरण की प्रक्रिया लाखों करोड़ की सरकारी परिसंपत्तियों को कौड़ियों के भाव बेचने की साजिश है, जिसमें पॉवर कारपोरेशन के कुछ उच्च अधिकारी निजी घरानों से मिले हुए हैं। विपुल शुक्ला ने कहा कि विज्ञापन में विश्वसनीयता की दुहाई देकर खुद ही यह मान लिया गया है कि मौजूदा प्रबंधन अपनी विश्वसनीयता खो चुका है। उत्तर प्रदेश खेतिहर मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव राजीव शांत ने कहा कि विज्ञापन में 2012 से अब तक बिजली व्यवस्था में हुए सुधारों का बखान करने के बावजूद निजीकरण को बेहतर विकल्प बताना असंगत है। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मेहता ने इसे जनविरोधी कदम करार दिया। सभा में निजीकरण विरोधी 'जेल भरो आंदोलन' की तैयारियों की समीक्षा की गई। गिरफ्तारी के लिए तैयार कर्मचारियों की सूची भी बनाई गई। अध्यक्षता इंजीनियर अमित श्रीवास्तव और जबकि संचालन रविंद्र कुमार ने किया।

## संगठन की शक्ति बढ़ाने के लिए व्यापारी नेताओं को जोड़ा

- यूपी ट्रांसपोर्ट यूनियन ने की बैठक, अफसरों पर अनदेखी का आरोप
- पदाधिकारियों ने विभाग पर लगाए कई गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट यूनियन ने शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित एक हाल में बैठक हुई। जिसमें संगठन की शक्ति बढ़ाने और ट्रांसपोर्टर्स की आवाज और बुलंद करने के लिए शहर के कई व्यापारी नेताओं को संगठन से जोड़ा। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट हित में कई फैसले भी लिए गए।

संगठन में व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा को संरक्षक, राजकुमार राजपूत को जिला प्रभारी, अनिल अग्रवाल को जिलाध्यक्ष, विशाल गोयल को जिला महामंत्री और नवी यार खां को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर संरक्षक विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को ट्रांसपोर्टर और व्यापारियों के हित में काम करने के आदेश दिए हैं, मगर जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अनावश्यक रूप से ट्रांसपोर्टरों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष राम कृष्ण शुक्ला ने कहा कि परिवहन विभाग ट्रांसपोर्ट्स का लगातार उत्पीड़न कर रहा है। अफसर ओवरलोड ट्रक चलवाकर सारा व्यापार खराब कर रहे हैं। जिस कारण ट्रांसपोर्ट्स परेशान हैं। उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। इस दौरान दीपक द्विवेदी, प्रभजीत सिंह, राजन सिंह, फरहत अली, जिशान खान, सनी बग्गा, लईक अहमद आदि मौजूद रहे।


# कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

पृ.सं. 257/जि.पं.नि.अनु./2025-26

## ई-निविदा सूचना

दिनांक: 04.07.2025

संशोधित निर्माण नियमावली के क्रम में जिला पंचायत, सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहांपुर को प्राप्त शासकीय अनुदानों की धनराशि से निम्न कार्यो की अलग अलग ई-निविदायें दिनांक 25.07.2025 को समय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई-निविदायें www.etender.up.nic.in पर अपलोड/डाउनलोड की जा सकती है। ई-निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 26.07.2025 को 11:00 AM से टेंडर समिति समक्ष खोली जायेगी। ई-निविदा की शर्ते निम्नवत् है शेष शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

1. टेंडर के साथ रजिस्ट्रेशन का प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी.एस.टी. सर्टिफिकेट, लेबर पंजीकरण, घोषणा पत्र, टेंडर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त इसकी हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करनी होगी।
2. टेंडर शुल्क बड़ौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक के खाता संख्या 56370100007586 आईएफएससी कोड BARB0BUPGBX में आरटीजीएस अथवा DD के रूप में जमा किया जायेगा।
3. 2 प्रतिशत अर्नेस्टमनी बड़ौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक में नगद रूप से उपरोक्त खाते में अथवा FD/NSC जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो संलग्न करना होगा।
4. अपूर्ण या सशर्त ई-निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
5. सार्वजनिक निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनि कर्म विभाग द्वारा समय समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
6. पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिए जाने के पश्चात् कभी भी यह संज्ञान में आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियां, असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा एवं इस आशय का शपथपत्र 100 रू. के स्टैम्प पर टेन्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. प्रत्येक निविदा के साथ पंजीयन नवीनीकरण की रसीद/पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित है।
9. आमंत्रित निविदाओं के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर जारी किये जायेंगे आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | धनराशि जी.एस.टी. रहित | 2% धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क मय जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | भावलखेड़ा | सुतनेरा ग्राम मुडिया में 100 मी. | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 02. | निगोही | निगोही छतेनी के मकान से दुर्गेश के मकान तक नाला | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 03. | मदनापुर | फाजिलपुर में 100 मी. नाला | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 04. | बंडा | ग्राम कुंडरा में अमृत सरोवर | 21.10 | 42200 | 1200 | 3 माह |
| 05. | मदनापुर | मदनापुर गिरधरपुर में नाला 200 मी. | 11.00 | 22000 | 1200 | 3 माह |
| 06. | ददरौल | मधवामई से घुसगवां तक नाला | 21.50 | 43000 | 1200 | 3 माह |
| 07. | भावलखेड़ा | हथौड़ा में स्टेडियम के पीछे 150 मी. नाला | 8.80 | 17600 | 1200 | 3 माह |
| 08. | जलालाबाद | देवीपुर नगला हलू में संजय के मकान से सेडा तक 100 मी0 नाला | 5.50 | 11000 | 1200 | 3 माह |
| 09. | खुदागंज | ग्राम सूथा में इंटरलॉकिंग | 21.50 | 43000 | 1200 | 3 माह |
| 10. | भावलखेड़ा | हथौड़ा में स्टेडियम रोड पर अवशेष नाला निर्माण। | 10.60 | 21200 | 1200 | 3 माह |

अभियन्ता
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

### एक नजर

## हर जिले में बढ़ेगी जन औषधि केंद्रों की संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का राज्य में संचालन स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज़) द्वारा किया जाएगा। राज्य सरकार ने शुक्रवार को साचीज को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। यह जानकारी साचीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अर्चना वर्मा ने दी, उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब तक 793 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। उप्र. शासन का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी जिलों में कुल 1,110 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण नॉन-ब्रांडेड जेनरिक दवाएं बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है।

# सिर्फ निगरानी तक सीमित रहेगा आउटसोर्स सेवा निगम

## जिस निगम का 11 लाख संविदाकर्मियों से लेकर बेरोजगार कर रहे थे इंतजार, उसका ढांचा बदल गया

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- नियुक्ति पत्र देने और 60 साल में सेवानिवृत्ति जैसे प्रावधान हटे, बन सकते थे स्थाईकरण का आधार
- एजेंसियां करेंगी तीन साल के लिए नियुक्ति, आरक्षण, वेतन-पीएफ आदि की होगी सख्त निगरानी

**अमृत विचार :** जिस आउटसोर्स सेवा निगम का राज्य के 11 लाख संविदाकर्मियों से लेकर युवा पीढ़ी को बेसब्री से इंतजार था, अब उसका ढांचा ही बदल गया है। यह निगम न पहले से काम कर रहे कार्मिकों को कोई नया नियुक्ति पत्र देगा, न ही 60 साल में सेवानिवृत्त की गारंटी। अब सिर्फ तीन साल तक नियुक्ति पत्र देने वाली आउटसोर्स एजेंसियों के चयन से लेकर उनके द्वारा समय से वेतन, नियुक्ति में आरक्षण, ईपीएफ व ईएसआई आदि मामले में सख्त निगरानी करेगा।

अमृत विचार ने एक जून के अंक में 'आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े आ रहे श्रम कानून' शीर्षक से सारी स्थितियां स्पष्ट कर दी थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गुरुवार की देर शाम हुई उच्चस्तरीय बैठक में इसपर मुहर भी लग गई। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि आटसोर्स सेवा निगम को रेगुलेटरी बॉडी की भूमिका में रखा जाए जो एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निगरानी करे और नियमों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबारमेंट, पेनाल्टी और वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करे।

हालांकि मुख्यमंत्री योगी ने इस साल फरवरी माह के विधानसभा सत्र में संविदा कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए जब आउटसोर्स एजेंसियों को समाप्त करके आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान किया था, तो बेरोजगार युवकों ने खासा उत्साह दिखाया। इसका एक शासनादेश भी सामने आया, जिसमें कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन का ब्योरा था।

इसमें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निदेशक मंडल, उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, प्रशासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए चार श्रेणी के कार्मिकों को कुल 93 विभागों में नियुक्ति का मसौदा था। साथ ही निगम के संचालन व प्रशासन की पूरी गाइडलाइन थी।

### अप्रैल में हुई बैठक में उठे थे सवाल

मुख्यमंत्री की आउटसोर्स सेवा निगम को लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस व प्रमुख सचिव के साथ हुई बैठक में ही श्रम कानूनों के मद्देनजर सवाल उठे थे।

### आपत्ति के बाद आउटसोर्स सेवा निगम का बदला चेहरा

दरअसल सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। ऐसे में नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत आउटसोर्स सेवा निगम की ओर से प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) जनरेट करके संबंधित विभाग की चयन समितियों के अध्यक्ष के डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक देने की व्यवस्था से न्याय व श्रम विभाग सहमत नहीं हुआ। उनका तर्क था कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार होगा। साथ ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

## खाद की किल्लत नहीं 27 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कई जिलों से खाद की कालाबाजारी किए जाने की आ रही सूचनाओं के बीच राज्य सरकार ने दावा किया है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए अब तक 27 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हो चुकी है।

10 लाख मीट्रिक टन यूरिया और आपूर्ति की जा रही है, कुल उपलब्धता 37 लाख मीट्रिक टन तक रहेगी। पिछले वर्ष खरीफ में 32.84 लाख मीट्रिक टन यूरिया की खपत हुई थी, इस बार अधिक स्टॉक मौजूद है। कृषि मंत्री एसपी शाही ने लोकभवन में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी।

# आठ जिलों में बनेंगे एकीकृत आयुष अस्पताल

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई नेशनल आयुष मिशन उप्र. की 11वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजीपुर, चित्रकूट, भदोही फिरोजाबाद सीतापुर, बहराइच और चंदौली में बनेंगे अस्पताल
- आकांक्षी जिलों में 32 सरकारी आयुष औषधालयों का होगा निर्माण, कार्ययोजना अनुमोदित

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेशनल आयुष मिशन उत्तर प्रदेश की 11वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई। शुक्रवार को लोकभवन में हुई इस बैठक में आयुष सेवाओं के लिए 519.70 करोड़ रुपये, आयुष शिक्षा संस्थानों के लिए 86.17 करोड़ रुपये, फ्लैक्सी पूल के लिए 30.92 करोड़ रुपये और व्यवस्थापन लागत के लिए 15.01 करोड़ रुपये सहित कुल 651.81 करोड़ रुपये की राज्य वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 को स्वीकृति मिली।

आयुष सेवाओं में 19448 लाख रुपये नये प्रस्तावों, 214.78 करोड़ रुपये आवर्ती व्यय (आयुष दवाइयां, मानव संसाधन आदि), 110.43 करोड़ रुपये पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं की शेष राशि (अनावर्ती) पर व्यय किये जायेंगे। नवीन प्रस्तावों के तहत गाजीपुर, चित्रकूट, भदोही, महाराजगंज, फिरोजाबाद, सीतापुर, बहराइच और चंदौली में 8 नए 50 बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए गैर-आवर्ती राशि 15 करोड़ रुपये प्रति अस्पताल निर्धारित की गई है।

आकांक्षी जिलों में 32 सरकारी आयुष औषधालयों (आयुर्वेद-21, होम्योपैथी-6, यूनानी-5) का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक औषधालय के लिए गैर-आवर्ती राशि 30 लाख रुपये निर्धारित की गई है। प्रदेश के 100 जिला अस्पतालों में को-लोकेटेड आयुष फैसिलिटी स्थापित की जाएंगी। प्रत्येक सुविधा के लिए कुल 23.3 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। कौशांबी, हाथरस, वाराणसी और आगरा में 4 सरकारी आयुर्वेदिक 15/25 बेड वाले अस्पतालों का उन्नयन किया जाएगा। प्रत्येक अस्पताल के लिए गैर-आवर्ती राशि एक करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। बुलंदशहर, फतेहपुर, उन्नाव और हरदोई में 4 पचास बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों के लिए प्रति अस्पताल 1.5 करोड़ रुपये की आवर्ती सहायता प्रदान की जाएगी। बहराइच, आजमगढ़ और मिर्जापुर में तीन नए तीस बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 10.5 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। वाराणसी में लसीका फाइलेरियासिस के लिए रुग्णता प्रबंधन और अक्षमता रोकथाम के लिए राष्ट्रीय आयुष कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस पर 8 लाख रुपये व्यय किये जायेंगे। आयुष शिक्षा संस्थानों के अंतर्गत वाराणसी में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के लिए 70 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसी प्रकार अयोध्या में स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के 4.89 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। फ्लैक्सीपूल में नवीन प्रस्तावों के अंतर्गत इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ में 6 पंचकर्म और योग केंद्र स्थापित किए जायेंगे।

प्रत्येक केंद्र के लिए 31 लाख रुपये निर्धारित की गई है। लखनऊ के स्टेट यूनानी और होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज तथा गोरखपुर के आयुष विश्वविद्यालय में ई-संजीवनी के तहत टेलीमेडिसिन हब स्थापित किए जाएंगे। एक टेलीमेडिसिन हब की स्थापना पर 10.49 लाख रुपए व्यय किया जायेगा। 15/25 बेड वाले आयुर्वेदिक अस्पतालों में 11 पंचकर्मा केंद्र स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रत्येक केंद्र के लिए 10.6 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है।

### 11 पंचकर्म केंद्र व आयुष सूचना सॉफ्टवेयर का होगा विकास

15/25 बेड वाले आयुर्वेदिक अस्पतालों में 10.6 लाख रुपये प्रति केन्द्र की लागत से 11 पंचकर्म केंद्रों की स्थापना की जायेगी। आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए 2 करोड़ रुपये की लागत से आयुष सूचना सॉफ्टवेयर विकसित और संचालित किया जायेगा। आयुष स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं (एचसीएफ) के लिए कायाकल्प कार्यक्रम के लिए 15 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। ये परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, स्थानीय और पर्यावरणीय पर्यटन को बढ़ावा देने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# पैमाइश और मेड़बंदी जैसे मामलों में न दिखे उदासीनता : मुख्यमंत्री



प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों से अपने लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने 45 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को किया सचेत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। कहा कि भूमि विवाद, पैमाइश और मेड़बंदी जैसे मामलों में उदासीनता न दिखे। इनमें देरी से जनता में निराशा आती है। लोगों को त्वरित न्याय दिलाना कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने आवास पर शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि यूपी जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। योगी प्रशिक्षण के उपरांत प्रारंभिक 5-6 वर्षों का व्यवहार, दृष्टिकोण और कार्यशैली आने वाले तीन-चार दशकों की दिशा तय कर देता है।

# आरोपी डॉक्टर व कर्मियों पर कसी नकेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्राइवेट प्रैक्टिस करने वालों की होगी जांच : ब्रजेश पाठक
- महिला चिकित्सक पर निजी प्रैक्टिस करने का आरोप
- मरीजों से अवैध वसूली के आरोप में नर्स निलंबित

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मरीजों से अवैध वसूली के आरोपों में फर्रुखाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात उपचारिका (नर्स) को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही कुशीनगर मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप में महिला डॉक्टर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल संस्थान में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की शिकायतों को संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। मालूम हो कि फर्रुखाबाद स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात नर्स विदेह कुमारी पर मरीजों से अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। साथ ही अस्पताल में अराजकता फैलाने के भी आरोप हैं। शिकायतों का उप मुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया। नर्स को निलंबित करते हुए बहराइच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनाती के आदेश दिए गए हैं। साथ ही प्रमुख सचिव को निर्देश दिए हैं कि नर्स को आरोप पत्र देकर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि कुशीनगर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आब्स एण्ड गायनी विभाग में सहायक आचार्य के पद पर तैनात डॉ. रूचिका सिंह पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को डॉ. रूचिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि आजमगढ़ सीएचसी में तैनात डॉ. सुरजीत सिंह द्वारा हरदोई के जिला चिकित्सालय में तैनाती के दौरान मरीजों से दुर्व्यवहार एवं दूसरी गम्भीर शिकायतें मिली हैं। डॉ. सुरजीत पर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि बहराइच की पीएचसी गंगवल में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. विकास वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-पयागपुर में गलत मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया था। जांच के बाद डॉ. विकास की एक वेतनवृद्धि एक वर्ष के रोकते हुए परिनिंदा का दंड दिया गया है। उधर, हमीरपुर मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. गीतम सिंह ने महोबा में उप्र विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासनिक विलंब समिति की बीते 25 अप्रैल की बैठक में सूचना सहित प्रतिभाग न किये जाने के आरोप लगे हैं। यह शासकीय व पदीय दायित्वों में लापरवाही एवं उदासीनता है। लिहाजा डॉ. गीतम से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### मरीजों से अभद्रता पर स्पष्टीकरण तलब

रायबरेली के खीरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. इफ्तिखार अहमद पर महिला रोगियों से अभद्रता किये जाने के आरोप हैं। उच्चादेशों की अवहेलना करने का भी आरोप है। डॉ. इफ्तिखार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## लॉटरी से नियुक्ति पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर बिहार में पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में 'लॉटरी सिस्टम' से प्रधानाचार्य व शिक्षकों की नियुक्ति किए जाने की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्राधानाचार्य की नियुक्तियों को सही ठहराना, क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू होगी।

# पीड़िता के कपड़े उतारना दुराचार का ही प्रयास: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सत्र अदालत ने अभियुक्त को दस साल जेल की सजा सुनाई थी

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दुराचार के प्रयास के एक मामले में अभियुक्त को सत्र अदालत से मिली सजा को बरकरार रखते हुए कहा है कि पीड़िता के कपड़े उतारना दुराचार का प्रयास ही है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति रजनीश कुमार की एकल पीठ ने प्रदीप कुमार उर्फ पप्पू उर्फ भूरिया की अपील को खारिज करते हुए दिया। मामला अलीगंज थाना क्षेत्र का है।

वर्ष 2004 में एफआईआर दर्ज कराते हुए पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि उसकी 16 साल की बेटी को अभियुक्त बहला-फुसला कर भगा ले गया है। दौरान विवेचना पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया, पीड़िता ने भी अपने बयान में अभियुक्त पर जबरन उसे ले जाने व रिश्तेदार के घर 20 दिनों तक रखने तथा उसके कपड़े उतार के दुराचार करने के प्रयास की बात कही। सत्र अदालत ने अभियुक्त को दस साल कारावास की सजा सुनाई थी।वहीं, अभियुक्त की ओर से दलील दी गई कि पीड़िता व अभियुक्त के पहले से प्रेम सम्बंध थे।

यह भी कहा गया कि अभियोजन के आरोप यदि सिर्फ बहस के लिए मान भी लिया जाए तो अभियुक्त पर सिर्फ कपड़े उतारने का आरोप है। इसे लज्जा भंग का अपराध माना जा सकता है, लेकिन दुराचार के प्रयास का नहीं। कोर्ट ने इस दलील को अस्वीकार कर दिया व कहा कि पीड़िता के बयान से स्पष्ट है कि अभियुक्त ने उसके कपड़े उतारे। लेकिन उसके विरोध के चलते वह शारीरिक सम्बंध नहीं बना सका। लिहाजा अभियुक्त के इस कृत्य को दुराचार का प्रयास ही माना जाएगा।

# पंचायत चुनाव में अति पिछड़ी जातियों को मिले अलग से कोटा : राजभर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राजमंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को पार्टी के महासचिव अरूण राजभर के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात के दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी और अनुसूचित जाति आरक्षण में इन वर्गों की अति व सर्वाधिक पिछड़ी जातियों को अलग से कोटा दिए जाने की मांग उठाई। साथ ही कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उनके सामने प्रस्ताव रखेंगे।

लंबे समय से ओबीसी के आरक्षण कोटे में बंटवारे की मांग करने वाले कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी और अनुसूचित जाति में अति व सर्वाधिक पिछड़ी जातियों के लिए अलग से सीटें आरक्षित किया जाना समय की मांग है।

### वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है; पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।




### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | ■ | 2 सं | पा | त |
| दि | ■ | ■ | ■ | को | ■ | ■ |
| र | ■ | ■ | ■ | च | ■ | 3 गो |
| ■ | 4 अ | पो | 5 ह | न | ■ | टी |
| ■ | भि | ■ | म | ■ | 6 ठे | ■ |
| 7 ख | जा | ■ | 8 पा | ठि | क | ■ |
| ■ | त | ■ | या | ■ | ना | ■ |

### सुडोकू -29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 3 | | | |
| | 8 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| 9 | | 7 | | 5 | 1 | | 8 | 6 |
| | | 2 | 3 | 9 | | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | 7 | 8 | | |
| 6 | 1 | | 5 | 2 | | 7 | | 9 |
| | 5 | | 8 | | 9 | | 4 | |
| | | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 28 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी-18.58 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 19.51 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज व्यापार को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन को विवाह को लेकर प्रपोज कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के बीच आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे।

**वृष** – आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन** – आज आपके व्यक्तित्व में सुधार आयेगा। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क** – आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश क्रोधित हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी समस्या होगी। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**सिंह** – आज प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जॉब में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है। अचानक घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कन्या** – आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। प्रेम संबंधों में समस्या का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का वातावरण अत्यधिक अनुशासित रहने वाला है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवाएं। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें।

**धनु** – आज आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। दिन शांति और सुकून से व्यतीत होगा। लोग आपके विचारों को अत्यधिक महत्व देंगे।

**मकर** – आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत सक्रिय रहेंगे। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**कुंभ** – आज धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। आत्मिक सुख की अनुभूति होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको आह्लादित करेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है।

**मीन** – आज दिन की शुरुआत काफी नकारात्मक रहने वाली है। नया कार्य आरंभ करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में टोका-टाकी न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए।


# अमेरिका से व्यापार समझौता 9 जुलाई से पहले

## कृषि और वाहन क्षेत्र के कुछ लंबित मुद्दे अब भी सुलझाने की जरूरत, चर्चा जारी रहेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के बाद भारतीय दल वाशिंगटन से लौट आया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है, लेकिन कृषि और वाहन सेक्टर में कुछ मुद्दों को अभी भी सुलझाए जाने की जरूरत है, इसलिए चर्चा जारी रहेगी। भारतीय दल का नेतृत्व मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल कर रहे हैं। वे वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव हैं।

अधिकारी ने कहा कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है, जो भारत सहित कई देशों पर लगाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाबी शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन की अवधि का अंतिम दिन है। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वाशिंगटन से आ गई है। वार्ता जारी रहेगी। कृषि और वाहन क्षेत्रों में कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है। भारत ने वाहन क्षेत्र में 25% शुल्क का मुद्दा उठाया है। इसने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सुरक्षा समिति में इस मामले को उठाया है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को यह भी बताया है कि उसने इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखा है।



● अंतरिम व्यापार समझौते पर वार्ता के बाद भारतीय दल लौटा

भारत ने विश्व व्यापार संगठन को भेजे पत्र में कहा है कि 26 मार्च, 2025 को अमेरिका ने भारत में बने या वहां से आयातित यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25% मूल्यानुसार शुल्क वृद्धि के रूप में एक उपाय अपनाया है। वाहन कलपुर्जों पर यह उपाय 3 मई, 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू होगा। पिछले साल अमेरिका ने वैश्विक स्तर पर 89 अरब डॉलर के वाहन कलपुर्जों का आयात किया। इसमें मेक्सिको का हिस्सा 36 अरब डॉलर, चीन का 10.1 अरब डॉलर और भारत का हिस्सा सिर्फ 2.2 अरब डॉलर का था। कृषि क्षेत्र में, अमेरिका डेयरी उत्पादों, सेब, वृक्षों से प्राप्त मेवों और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों जैसे उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण, भारत के लिए कृषि क्षेत्र में कोई रियायत देना कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने अब तक जितने भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, उनमें से किसी भी व्यापारिक साझेदार के लिए डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है।

### समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं, राष्ट्र हित सबसे ऊपर: गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह अंतिम रूप ले लेगा, ठीक से संपन्न होगा और राष्ट्रहित में होगा। गोयल ने कहा कि भारत यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, अमेरिका, चिली और पेरू सहित विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर कहा कि यह एफटीए तभी संभव है जब यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो। गोयल ने कहा, राष्ट्रीय हित हमेशा सबसे ऊपर होना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए यदि कोई समझौता होता है तो भारत विकसित देशों के साथ करार करने को तैयार है। गोयल ने कहा, भारत कभी भी समयसीमा या निर्धारित समय पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है। जब समझौता अच्छी तरह होगा, पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा और देश के हित में होगा, तभी हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की कोई योजना नहीं है।

# क्रिप्टोकरेंसी : डिजिटल वित्त की नई दिशा

बात काम की



क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा है, जो क्रिप्टोग्राफी तकनीक पर आधारित होती है और सरकार या केंद्रीय बैंक के नियंत्रण से मुक्त होती है। यह विकेन्द्रीकृत प्रणाली से संचालित होती है, जिसमें ब्लॉकचेन तकनीक से लेनदेन को सुरक्षित और पारदर्शी रूप से रिकॉर्ड किया जाता है। बिटकॉइन, एथेरियम, और लाइटकॉइन जैसे कई क्रिप्टोकरेंसी बाजार में उपलब्ध हैं। इसका उपयोग ऑनलाइन भुगतान, निवेश और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए किया जाता है।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल मुद्रा है, जिसे सुरक्षित करने को क्रिप्टोग्राफी (गोपनीय गणना) का उपयोग होता है। यह इंटरनेट पर आधारित होती है और इसका संचालन किसी भी केंद्रीय संस्था जैसे बैंक या सरकार के नियंत्रण में नहीं होता।

### ब्लॉकचेन तकनीक

क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती हैं, जो एक ओपन, पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल बहीखाता होता है। इसमें हर लेनदेन का रिकॉर्ड एक ब्लॉक में दर्ज होता है और ये ब्लॉक आपस में शृंखला (चेन) के रूप में जुड़े रहते हैं।

### प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी

- **बिटकॉइन** : पहली और सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी।
- **एथेरियम** : स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए लोकप्रिय।
- **लाइटकॉइन**, रिपल, डोजकॉइन आदि भी अन्य प्रमुख क्रिप्टो टोकन हैं।

### इसकी उपयोग

● ऑनलाइन भुगतान और खरीदारी ● अंतर्राष्ट्रीय फंड ट्रांसफर ● निवेश और ट्रेडिंग ● स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स और डीऐप्स (विकेन्द्रीकृत ऐप्स)

### निवेश के लाभ

तेजी से और सस्ते लेनदेन, बिचौलियों की आवश्यकता नहीं, गोपनीयता और पारदर्शिता, वैश्विक पहुंच और नियंत्रण से मुक्ति।

### जोखिम का दें ध्यान

कीमत में उतार-चढ़ाव, कानूनी स्थिति अस्पष्ट (कुछ देशों में प्रतिबंधित), साइबर हमलों और धोखाधड़ी का खतरा, तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता

# सेबी ने हेरफेर पर जेन स्ट्रीट पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया है और कंपनी को 4,843 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया है। यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्देशित अब तक की सबसे अधिक वसूली गई राशि हो सकती है।

कंपनी पर सूचकांक विकल्पों में भारी मुनाफा कमाने के लिए समाप्ति के दिनों में सूचकांक स्तर में कथित रूप से हेरफेर करने का आरोप है। सेबी ने अंतरिम आदेश में जेएसआई इन्वेस्टमेंट्स, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट ग्रुप (जेएस ग्रुप) की जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग (ऑनलाइन कारोबार) को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। जेन स्ट्रीट ग्रुप की स्थापना 2000 में हुई थी। यह एलएलसी वित्तीय सेवा उद्योग में एक वैश्विक स्वामित्व वाली 'ट्रेडिंग' कंपनी है। यह अमेरिका, यूरोप और एशिया में 5 कार्यालयों में 2,600 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती है और 45 देशों में ट्रेडिंग का संचालन करती है। सेबी द्वारा गुरुवार को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार, जेएस समूह की संस्थाओं ने एनएसई के सभी उत्पाद श्रेणियों और खंडों में जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक एनएसई पर सूचकांक विकल्पों से 44,358 करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाया। संस्थाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से धोखाधड़ी, हेरफेर या अनुचित व्यापार में शामिल होने या किसी ऐसी गतिविधि में शामिल होने से बचने का निर्देश दिया गया, जो मानदंडों का उल्लंघन करती हो।



● अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी को 4,843 करोड़ के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश

# ट्राई ने निर्यात को बने फोन में विदेशी सिम के प्रयोग की रूपरेखा पर मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने केवल निर्यात को बनाए गए संचार उपकरणों में विदेशी सिम के उपयोग की अनुमति देने को लेकर एक प्रारूप बनाने के संबंध में शुक्रवार को परामर्श पत्र जारी किया। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने उद्योग जगत के अनुरोध पर दूरसंचार विभाग की तरफ से मांगे परामर्श पर यह पत्र जारी किया है।

परामर्श पत्र 'निर्यात उद्देश्यों के लिए बनाए उपकरणों में उपयोग के लिए विदेशी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम/ ई-सिम कार्ड की बिक्री के लिए नियामकीय रूपरेखा पर केंद्रित है। ट्राई ने कहा कि यह पत्र उसकी वेबसाइट पर है। मौजूदा नियमों के तहत, विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों द्वारा उपयोग के लिए विदेशी दूरसंचार परिचालकों के सिम की बिक्री की अनुमति है।

# आईटीसी फर्जीवाड़ा रोकने पर जीओएम ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के राजस्व विश्लेषण पर गठित मंत्री-समूह (जीओएम) की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की आईटीसी(इनपुट टैक्स क्रेडिट) धोखाधड़ी रोकने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की गई।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में गठित जीओएम ने जीएसटी लागू होने से पहले और बाद के राजस्व रुझानों, इलेक्ट्रॉनिक बिल और उत्पादों के स्रोत एवं गंतव्य की निगरानी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली में सुधार पर तुलनात्मक विश्लेषण पर चर्चा की। मंत्री समूह ने राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य-विशिष्ट नीतिगत सुझावों और जीएसटी चोरी को रोकने के लिए केंद्र और राज्य कर प्रशासन के बीच समन्वय पर भी चर्चा की।

सावंत ने एक्स पर कहा, जीएसटी राजस्व विश्लेषण पर बने जीओएम की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें राज्यवार राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा हुई और बेहतर जीएसटी संग्रह के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों को चिह्नित किया गया। जीओएम ने जीएसटी के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों में की जाने वाली धोखाधड़ी को प्रमुख मुद्दा बताया और राज्यों ने इसे रोकने के लिए उपाय सुझाए। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री समूह ने दो लाख करोड़ की आईटीसी धोखाधड़ी को चिह्नित किया, जिसमें गुजरात, तेलंगाना और राजस्थान जैसे राज्यों ने जीएसटी राजस्व बढ़ाने के तरीकों पर प्रस्तुतियां दीं। जीओएम की जल्द दोबारा बैठक होगी और वह जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। जीएसटी संबंधी मामलों में शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने मार्च में जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण पर जीओएम बनाया था।



● जीएसटी विश्लेषण को गठित मंत्री-समूह की बैठक में राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा

## राष्ट्रीय

# हम धर्मनिरपेक्ष, कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी : रीजीजू

## केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने व गुमराह करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने के लिए उनकी गरीबी दूर न करने तथा गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा धर्मनिरपेक्ष है और मुख्य विपक्षी दल तथा उसकी सहयोगी पार्टियां सबसे बड़े सांप्रदायिक हैं।

उन्होंने हज समीक्षा बैठक के बाद यह भी कहा कि वोटबैंक बनने से मुसलमानों को नुकसान हुआ और कांग्रेस को इसका राजनीतिक फायदा। रीजीजू ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे देश में 6 अल्पसंख्यक समुदाय हैं और कांग्रेस उन्हें डराने तथा गुमराह करने की कोशिश नहीं करे। उनका कहना था, यहां किसी को कोई दिक्कत नहीं है। अल्पसंख्यकों को वही सुविधा मिलती है जो हिंदुओं को मिलती है। अल्पसंख्यकों को अतिरिक्त संरक्षण मिलता है। दुनिया का कोई देश अल्पसंख्यकों को इतनी सुविधा नहीं देता है। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राजनीतिक खेल खेला जा रहा है जो ठीक नही है।

रीजीजू ने दावा किया, मुसलमानों को गरीब कांग्रेस ने बनाया है। बिहार में एआईएमआईएम द्वारा महागठबंधन में शामिल होने की पेशकश पर मंत्री ने कहा, सेकुलर हम हैं जो धर्म और जाति देखकर काम नहीं करते हैं। सबसे बड़ी कम्यूनल पार्टी कांग्रेस और ये लोग हैं जो मुसलमानों को डराकर, उनकी गरीब दूर न कर उनका वोट हासिल करते हैं।



● हज समीक्षा बैठक में शामिल हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

### हमने हज का सर्वश्रेष्ठ आयोजन किया, अगले साल और सुधार करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि 2025 में हज का अब तक का सबसे बेहतरीन आयोजन हुआ तथा अगले साल उनका मंत्रालय इसमें और सुधार करने का प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि इस साल हज के दौरान 64 भारतीय हजयात्रियों की मौत हुई जबकि 2024 में 200 से अधिक की मृत्यु हुई थी। हज समीक्षा बैठक के बाद रीजीजू ने कहा कि जिंदगी में एक बार हज करना हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है और इसको पूरा करने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र को लेकर चल रही है। 2026 के हज के लिए आवेदन जल्द शुरू होगा और इस यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए। रीजीजू ने कहा, इस बार कुल 64 लोगों की मौत हुई, पिछली बार 200 से अधिक जानें गई थीं।

# हिमाचल-उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी दो हफ्ते में 45 लोगों की मौत, कई हुए लापता

नई दिल्ली, एजेंसी

दो सप्ताह में हिमाचल में हो रही बारिश की घटनाओं में 43 लोगों की मौत हो गई है और 37 लोग लापता हैं। वहीं, गुरुवार को उत्तराखंड के भीमताल में उफनती झील में भारतीय वायुसेना के दो कर्मी डूब गए। ओडिशा के भुवनेश्वर में निचले इलाकों में जलभराव से लोग परेशान रहे।

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को दस्तक दी तथा बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से राज्य को अब तक 5,000 करोड़ का नुकसान हो चुका है। राज्य में जान गंवाने वाले 43 लोगों में से 14 की मौत बादल फटने से, 8 की अचानक आई बाढ़ में और एक की मौत भूस्खलन में हुई, जबकि 7 लोगों की डूबने से मौत हुई। सबसे अधिक 17 मौतें मंडी जिले में हुईं, जहां मंगलवार को बादल फटने, अचानक आई बाढ़ तथा भूस्खलन की 10 घटनाओं ने तबाही मचाई। वहीं भारी बारिश उत्तराखंड में चारधाम यात्रा बाधित हुई है और उत्तरकाशी के कई गांवों में खाद्यान्न की कमी हो गई है।

### अमित शाह को सीएम धामी ने स्थिति से कराया अवगत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की और केदारनाथ धाम सहित आपदा के लिहाज से राज्य के संवेदनशील जिलों की स्थिति का जायजा लिया। धामी ने एक्स पर कहा कि गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र की आपातकालीन राहत एजेंसियों एनडीआरएफ/आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) आदि को तैनात किया जाए ताकि चारधाम यात्रा बाधित न हो और श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

### कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी

स्थानीय मौसम विभाग ने 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जिसमें शनिवार से मंगलवार तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच भीमताल में उफनती झील में भारतीय वायुसेना के दो कर्मी डूब गए। क्षेत्राधिकारी प्रमोद शाह ने बताया कि पठानकोट (पंजाब) के प्रिंस यादव (22) और बिहार के मुजफ्फरपुर के साहिल (23) वायुसेना के 8 कर्मियों के उस समूह में शामिल थे जो नैनीताल में छुट्टियां मनाने गया था। करीब एक घंटे बाद यादव और कुमार के शवों को झील से बाहर निकाल लिया गया।

## एक नजर

### हिमाचल:सिलेंडर विस्फोट में मुरादाबाद के मजदूर की मौत

**हमीरपुर (हिप्र)।** हमीरपुर के जल शक्ति विभाग के पंप हाउस में रसोई गैस सिलेंडर फटने से मुरादाबाद निवासी प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कमरे में मौजूद 6 अन्य मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे। मजदूरों का समूह गुरुवार शाम हमीरपुर पहुंचा और उखली गांव में जल शक्ति विभाग के पंप हाउस के कमरे में ठहरा था। जब विस्फोट हुआ तब मजदूर खाना बना रहे थे। हादसे में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमरे में मौजूद छह अन्य बाहर भागने में सफल रहे।

### मंत्री के काफिले पर हमले में पांच लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के नेता सिद्दीकुल्लाह चौधरी के काफिले पर पूर्वी बर्धमान जिले में हुए हमले में शुक्रवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। टीएमसी से जुड़े कुछ लोगों ने गुरुवार को सिद्दीकुल्लाह के वाहन पर पत्थरबाजी की, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने इस संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया।

### पीसीआई प्रमुख के परिसरों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय भेषजी परिषद (पीसीआई) के अध्यक्ष मोंटू एम पटेल के परिसरों पर छापेमारी की है, जिनके खिलाफ फार्मेसी कॉलेजों के निरीक्षण और अनुमोदन प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार एवं प्रणालीगत अनियमितताओं के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## भारी बारिश से बाढ़, डूबे ट्रक




मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। तेज बहाव में सड़क पर खड़े ट्रक पानी में डूबे हुए नजर आए। बाढ़ जैसे हालात से जनजीवन प्रभावित हो गया है, जिस पर प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। एजेंसी

# नेशनल हेराल्ड: सोनिया ने कोर्ट में ईडी के मामले को अजीब बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को कहा कि ईडी का मामला वास्तव में एक अजीब मामला है। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा 3 जुलाई को मामले में दायर आरोपपत्र के बिंदु पर दलीलें पूरी किए जाने के बाद सिंघवी ने यह बात कही।

सिंघवी ने कहा, यह बिना किसी संपत्ति, बिना किसी उपयोग या संपत्ति प्रयोजन के, धनशोधन का एक कथित मामला है। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 2,000 करोड़ की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश व धनशोधन का आरोप लगाया है।



● ईडी के आरोपपत्र पर सोनिया गांधी के वकील सिंघवी ने कहा- बिना किसी संपत्ति के धनशोधन का यह एक कथित मामला है

# हाईकोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर आप नेताओं से मांगा जवाब

आबकारी नीति का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आप नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को 2021-22 शराब नीति मामले में दस्तावेज उपलब्ध कराने के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

आरोपियों को नोटिस जारी करते हुए न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा ने कहा कि वह इस मामले पर विस्तृत आदेश पारित करेंगे। सीबीआई ने निचली अदालत के 22 मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें जांच एजेंसी को निर्देश दिया गया था कि यदि एजेंसी सुनवाई में उन पर भरोसा नहीं कर रही है, तो वह गवाहों और अभियुक्तों को भेजे नोटिस और लिखित संचार को, प्राप्त जवाबों के अलावा, अप्रमाणित दस्तावेजों की सूची में शामिल करे।

# निजी मेडिकल कॉलेजों के नियामक ढांचे में हेरफेर

नई दिल्ली, एजेंसी

● सीबीआई ने सरकारी अधिकारियों समेत 34 पर दर्ज किया मामला

सीबीआई ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जो भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में हेरफेर सहित कई कृत्यों में शामिल थे।

एजेंसी ने प्राथमिकी में 34 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के 8, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का एक अधिकारी और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के निरीक्षण दल से जुड़े 5 डॉक्टर शामिल हैं। टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डी पी सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के चेयरमैन रविशंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया का नाम भी प्राथमिकी में शामिल है।

# मणिपुर के पहाड़ी जिलों में 200 से अधिक हथियार बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के 4 पहाड़ी जिलों में सुरक्षा बलों 200 से अधिक हथियार और युद्ध संबंधी सामग्री बरामद किए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त अभियान में बरामद विस्फोटकों में इंसास राइफलें, सेल्फ-लोडिंग राइफलें (एसएलआर) और परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) शामिल थे। एडीजीपी लहरी दोरजी ल्हाटू ने कहा, कई स्थानों पर हथियार छिपाकर रखे जाने की जानकारी पर अभियान चलाया गया।

# हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वकील के बयान पर कहा कि हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें। वकील ने कहा था कि वह न्यायाधीशों में भगवान देखते हैं। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और के विनोद चंद्रन ने उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

इस प्रकरण में उपस्थित वकील ने मामले से मुक्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल उनकी बात नहीं सुन रहा है। वकील ने दावा किया कि उन्हें अपने मुवक्किल से एक नोटिस मिला है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वकीलों के माध्यम से न्यायाधीशों से सांठगांठ की जा रही है। इसे बहुत अपमानजनक करार देकर वकील ने दुख जताते हुए कहा, अगर हमें लगता है कि कोई बेईमानी हो रही है तो हम मामले से हट जाते हैं। हम अपने न्यायाधीशों में ईश्वर को देखते हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, हममें ईश्वर को मत देखिए। कृपया न्याय में ईश्वर को देखिए। पीठ ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और वकील को मामले से मुक्त कर दिया।

# नीट-यूजी 2025 के नतीजों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक प्रश्न में कथित त्रुटि से नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसने दो दिन पहले इसी तरह की एक याचिका खारिज की थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, हमने समान मामलों को खारिज कर दिया है। हम सहमत हैं कि कई सही उत्तर हो सकते हैं। लेकिन हम उस परीक्षा में हस्तक्षेप नहीं कर सकते जिसमें लाखों अभ्यर्थी बैठते हैं।

## एक नजर



किदांबी श्रीकांत। ● एजेंसी

### श्रीकांत, श्रीयांशी व मुथुसामी क्वार्टर फाइनल में

**ओंटारियो :** तीन भारतीय शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चल रहे अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन इवेंट कनाडा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। किदांबी श्रीकांत, श्रीयांशी वलीशेट्टी और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने अपने-अपने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में सीधे गेम में जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर 1 श्रीकांत, जो इस साल की शुरुआत में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में उपविजेता रहे थे, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वांग पो-वेई को 40 मिनट से भी कम समय में 21-19, 21-14 से हराया। 18 वर्षीय वैलिशेट्टी ने ओंटारियो में भी अपना प्रभाव जारी रखा और महिला एकल ड्रॉ में मलेशिया की करुपाथेवन को 21-15, 21-14 से हराया।

### भारतीय भारोत्तोलक पुंगनी तारा ने रजत पदक जीता

**अस्ताना :** भारतीय भारोत्तोलक पुंगनी तारा ने शुक्रवार को एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में युवा लड़कियों के 44 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। तारा ने टूर्नामेंट के पहले दिन कुल 141 किग्रा (60 किग्रा+81 किग्रा) वजन उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 81 किग्रा के वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता। महाद्वीपीय, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भारोत्तोलन के लिए अलग-अलग पदक दिए जाते हैं।

### भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के नये कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खराब फॉर्म से जूझ रही पुरुष टीम के नये मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। स्पेन के मानोलो मारकेज के जाने के बाद नये कोच की तलाश शुरू की गई। मारकेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। वह पिछले साल ही टीम से जुड़े थे। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच एआईएफएफ महासचिव को रिपोर्ट करेगी और सभी मैचों और टूर्नामेंटों में टीम के प्रदर्शन के लिये जवाबदेह होगा। इसमें कहा गया मुख्य कोच राष्ट्रीय टीम विभाग, राष्ट्रीय टीम निदेशक और तकनीकी निदेशक के साथ मिलकर काम करेगा।

### भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 37वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर यहां 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। एशियाई टूर पर 11 जीत के साथ सबसे सफल भारतीय भुल्लर मौजूदा एशियाई टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन जॉन कैटलिन से चार शॉट पीछे हैं। भुल्लर ने तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाये।

### एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन में भारत ने जीता रजत पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान) :** भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग (युवा बालिका) में रजत पदक जीता। पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी।

# इंग्लैंड ने फालोआन बचाया, भारत ने कसा शिकंजा

## ब्रुक और स्मिथ के तेज शतक से इंग्लैंड ने की वापसी, मोहम्मद सिराज ने छह और आकाश दीप ने झटके 4 विकेट

**6 विकेट**




मोहम्मद सिराज।

**बर्मिंघम, एजेंसी**

मोहम्मद सिराज (70 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (88 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 407 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाये थे जिससे उनके पास 180 रन की बढ़त है। इंग्लैंड के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने नाबाद 184 रन की पारी खेलने के साथ ही तीसरे विकेट के लिए हैरी ब्रुक के साथ 303 रन की साझेदारी कर मैच में इंग्लैंड की मैच में वापसी कराई। स्मिथ ने 207 गेंद की नाबाद पारी में 21 चौके और चार छक्के लगाये। ब्रुक ने अपने 234 गेंद की पारी में एक छक्का और 17 चौके लगाये। भारत ने नयी गेंद लेने के बाद 20 रन के अंदर इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट झटक लिये। जिससे दिन के आखिरी सत्र में टीम की पारी खत्म हुई। इंग्लैंड के छह बल्लेबाज खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।

इससे पहले हैरी ब्रुक और जैमी स्मिथ की शतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन फालोआन बचा लिया। सुबह के सत्र में 172 रन लुटाने के बाद भारतीय गेंदबाज रन-रेट को नियंत्रित करने में सक्षम रहे, लेकिन ब्रुक और स्मिथ के बीच लंबी साझेदारी को तोड़ने के लिए पर्याप्त मौके नहीं बना पाए। इंग्लैंड ने दिन के दूसरे सत्र में बिना कोई विकेट गंवाये 28 ओवर में 106 रन बनाये। ब्रुक ने दूसरे सत्र के चौथे ओवर (पारी के 51वें ओवर) में प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ चौका जड़कर 137 गेंद में अपना शतक पूरा किया। सुबह के सत्र में शॉर्ट बॉल की रणनीति विफल होने के बाद, भारतीय तेज गेंदबाजों ने रणनीति बदल दी और खासकर ब्रुक को ऑफ स्टंप से बाहर गेंदबाजी करना शुरू कर दिया। इस योजना को हालांकि ज्यादा देर तक जारी नहीं रखा गया। भारत को लंच के बाद सत्र का एकमात्र मौका तब मिला जब ऋषभ पंत ने नीतीश रेड्डी की गेंद पर स्मिथ का मुश्किल कैच अपनी दाहिनी ओर डाइव लगाते हुए छोड़ दिया। सुबह के सत्र में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी ब्रुक का एक कैच छोड़ा था। वह भी हालांकि मुश्किल मौका था। ब्रुक ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर जोर से प्रहार किया था और गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप की ओर गयी जहां गिल समय पर प्रतिक्रिया नहीं दे पाए और गेंद उनके सिर पर लगी। दिन के शुरुआती सत्र में सिराज ने लगातार दो विकेट चटकाए थे लेकिन स्मिथ ने बेहद आक्रामक रवैया अपनाकर मैच का रुख इंग्लैंड की ओर मोड दिया। टीम ने लंच तक पांच विकेट पर 249 रन बना लिए थे। इंग्लैंड ने दिन के पहले दो घंटे में 27 ओवरों में 172 रन बनाए। दिन की शुरुआत 77 रन पर तीन विकेट से करते हुए इंग्लैंड ने सुबह के सत्र के दूसरे ओवर में ही दो और विकेट गंवा दिये जब सिराज ने जो रूट (22) और बेन स्टोक्स (शून्य) को विकेट के पीछे कैच कराया। रूट विकेट के पीछे ऋषभ पंत के द्वारा लपके गये जबकि स्टोक्स पहली ही गेंद पर तेजी से ऊपर उठती गेंद से हैरान रह गए और गेंद उनके दस्तानों से टकरा कर पंत के हाथों में चली गयी। इंग्लैंड 84 रन पर पांच विकेट गंवा चुका था, लेकिन स्मिथ और ब्रुक ने लगातार आक्रामक रूख अपना कर भारतीय गेंदबाजों पर दबाव डाला। प्रसिद्ध कृष्णा को छह क्षेत्ररक्षकों के साथ शॉर्ट गेंद योजना लागू करने के लिए लाया गया था, लेकिन वह विफल रहे। स्मिथ ने दिन के 12वें ओवर में उन पर 23 रन बटोरे। उन्होंने इस ओवर में चार चौके और डीप स्क्वायर लेग पर एक छक्का लगा।




इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ और हैरी ब्रूक अपनी शतकीय पारी के दौरान एक-दूसरे को बधाई देते हुए। ● एजेंसी

**भारत पहली पारी : 587/10**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**407/10 (89.3 ओवर)**

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉउली का नायर बो सिराज | 19 |
| बेन डकेट का गिल बो आकाश दीप | 00 |
| ओली पोप का राहुल बो आकाश दीप | 00 |
| जो रूट का पंत बो सिराज | 22 |
| हैरी ब्रुक बो आकाश दीप | 158 |
| बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज | 00 |
| जेमी स्मिथ नाबाद | 184 |
| क्रिस वोक्स का नायर बो आकाश दीप | 05 |
| ब्राइडन कार्स पगबाधा सिराज | 00 |
| जोश टंग पगबाधा सिराज | 00 |
| शोएब बशीर बो सिराज | 00 |

**गेंदबाजी :** आकाश दीप 20-2-88-4, सिराज 19.3-3-70-6, प्रसिद्ध 13-1-72-0, नितीश 6-0-29-0, जडेजा 17-2-70-0, सुंदर 14-0-73-0

### उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसी बचपन में करता था : गिल

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे अपने शुरुआती दिनों में करते थे। बल्लेबाजी में लय और लुत्फ दोनों पर फोकस था। यह पूछने पर कि शृंखला से पहले क्या उन्होंने अपनी तकनीक में बदलाव किया है। गिल ने मेजबान प्रसारक से कहा मैंने आईपीएल के आखिर में और इस शृंखला से पहले इस पर काफी काम किया। मैंने मूल रूप से शुरुआती मूवमेंट पर काम किया। इससे पहले मुझे लगता था कि बल्लेबाजी अच्छी हो रही है। मैं 30-35-40 रन लगातार बना रहा था, लेकिन शीर्ष फोकस टाइम की कमी लग रही थी। उन्होंने कहा इस शृंखला में मैने अपने बेसिक्स पर लौटने की कोशिश की।

### अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए जल्दी पहुंचे थे जडेजा

**बर्मिंघम :** रविंद्र जडेजा एडबस्टन टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से काफी पहले अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंच गए थे जिसका फायदा भी उन्हें मिला चूंकि कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर उन्होंने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जडेजा और गिल ने 203 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से भारत ने दूसरे दिन दो विकेट पर 587 रन बना लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने उन्हें काफी शॉर्ट गेंदें फेंकी लेकिन जडेजा इसके लिए तैयार थे। भारतीय खिलाड़ियों को टीम बस से जाना था लेकिन समझा जाता है कि जडेजा ने मैदान पर जल्दी पहुंचने के लिए विशेष अनुमति ली थी।

# कोहली की राह पर शुभमन पंत और जायसवाल : वॉन

**बर्मिंघम, एजेंसी**

● **इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा भारत को नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिला सकते हैं तीनों खिलाड़ी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि विराट कोहली की अनुपस्थिति में भारतीय टेस्ट टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को मिलकर उठानी होगी। वॉन ने कहा कि कोहली ने अपने समय में अकेले ही यह जिम्मेदारी उठाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी क्रम कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आराम से आगे बढ़ रहा है। लेकिन वॉन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि अच्छी शुरुआत का यह मतलब नहीं है कि काम पूरा हो गया है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने वॉन ने कहा गिल, जायसवाल और पंत को भारतीय टेस्ट टीम को उसी तरह आगे ले जाना होगा जैसा विराट कोहली अकेले करते थे। मैं देख रहा हूं कि इनका ग्रुप सही तरीके से खेल रहा है। उन्होंने कहा इनके पास शानदार मौका है कि वे उसी तरह ही विरासत छोड़े जैसा विराट कोहली भारतीय टेस्ट टीम के लिए छोड़कर गए हैं। अगर ये खिलाड़ी नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिलाने वाली कोहली की ऊर्जा और इतने लंबे समय तक पड़े उनके प्रभाव के करीब भी पहुंच सके तो उनका काम अच्छा होगा। कोहली और रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट से संन्यास की घोषणा की और वॉन ने कहा कि भारत में हमेशा ही प्रतिभा की भरमार रहेगी लेकिन कोहली जैसे खिलाड़ी को पाना आसान नहीं है। वॉन ने कहा आप दो महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने या टीम से बाहर जाने के बाद आप अचानक आगे नहीं बढ़ सकते। शुभमन ने कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर शानदार शुरुआत की है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी के मामले में मुझे नहीं लगता कि टीम को बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा यह वह प्रतिस्पर्धी ऊर्जा है जो विराट टेस्ट टीम में लेकर आए। वह वो जज्बा और उत्साह लेकर आए जिसकी आपको जरूरत होती है। वह रणनीतिक रूप से भी बहुत अच्छे थे। हालांकि कप्तान के तौर पर शुभमन इसमें बेहतर हो सकते हैं।



## भारत का बांग्लादेश दौरा स्थगित होने की संभावना

**नई दिल्ली :** भारतीय टीम का बांग्लादेश का आगामी दौरा स्थगित होने की संभावना है क्योंकि बीसीसीआई देश में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित है।

पिछले साल राजनीतिक अस्थिरता के बाद बांग्लादेश के हालात तनावपूर्ण हैं, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया गया था। भारत को 17 से 31 अगस्त तक चटगांव और ढाका में तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया बीसीसीआई जाहिर तौर पर राजनीतिक अस्थिरता और प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क है। हालांकि यह शृंखला रद नहीं हुई है, लेकिन यह बाद की तारीख में 2026 में आयोजित की जाएगी क्योंकि विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए वनडे चैंपियनशिप अंक इससे जुड़े हैं। समझा जाता है कि बीसीसीआई चाहता है कि बांग्लादेश में आम चुनाव होने के बाद ही दौरा आगे बढ़े तथा कानून-व्यवस्था का ख्याल रखने के लिए वहां एक स्थिर सरकार हो।

# नाओमी का सफर तीसरे दौर में खत्म

**लंदन, एजेंसी**

पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही विम्बलडन के तीसरे दौर से बाहर हो गई। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है। उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है। ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकॉर्ड वहां 5-4 का था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था।



नाओमी ओसाका।

### वांग शिनयू दूसरे दौर में बाहर

चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने गुरुवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया। वांग ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा 4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

### बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

**लंदन :** दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को यहां विम्बलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

# डूरंड कप फुटबॉल 23 से, 24 टीमें हिस्सा लेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान, भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं।



# नीरज को भारत में भाला फेंक क्रांति की उम्मीद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

**नीरज चोपड़ा क्लासिक**




बेंगलुरु : भाला फेंक खिलाड़ी जर्मनी के थॉमस रोहलर, भारत के नीरज चोपड़ा और सचिन यादव भारत (बाएं से) पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

तीन ओलंपिक भाला फेंक पदक विजेताओं नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर और जूलियस येगो के साथ बैठे हुए सचिन यादव काफी उत्साहित दिख रहे थे लेकिन चमचमाते मंच पर देश के स्टार की मौजूदगी ही काफी अहमियत रखती है। यह चोपड़ा के उस ख्वाब की ताबीर है जिसमें वह भाला फेंक को पूरे देश में हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं। इस लिहाज से शनिवार को होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक भारत में मोंडो क्लासिक के बराबर हो सकती है जो विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक चैंपियन अर्मांडो डुप्लांटिस द्वारा स्वीडन में अपने गृहनगर उप्साला में होने वाला पोल वॉल्ट टूर्नामेंट है। डुप्लांटिस अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की इच्छा से प्रेरित रहते हैं और अभी तक 15 दफा ऐसा कर चुके हैं। लेकिन चोपड़ा की महत्वकांक्षा इससे बड़ी है। चोपड़ा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों की अगली पीढी को प्रेरित करने के अपने विचार पर बात करते हुए भावुक हो गए और उन्होंने कहा सबसे पहले मैं जूलियस, थॉमस और भारत के सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी मेरे अच्छे दोस्त हैं और यहां आने के लिए आपका शुक्रिया। आखिरकार हम इतने महान भाला फेंक खिलाड़ियों के साथ यहां बैठे हैं। मैं बहुत खुश हूं कि भारत में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मेजबान देश का प्रतिनिधित्व भी अच्छा रहे जिससे उनके और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन के अलावा रोहित यादव, साहिल सिल्वाल और यशवीर सिंह इसमें खेलेंगे। ये सभी युवा भारतीय भाला फेंक एथलीट जर्मनी के 2016 ओलंपिक पदक विजेता रोहलर से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि उन्होंने उनके लोकप्रिय यूट्यूब चैनल से काफी गुर सीखे हैं। रोहलर ने कहा कि उभरती हुई प्रतिभाओं से अपने अनुभव और जानकारी साझा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा मैं हमेशा ही जानकारी साझा करना पसंद करता हूं क्योंकि तभी मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। मेरे लिए दूरी, पदक और ये सभी चीजें बस कागज पर लिखे नंबर हैं। मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। इसलिये मुझे प्रतिभाओं से बात करने में हिचक नहीं होती। मैं खुश हूं कि मैं इनमें से कईयों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता हूं। चोपड़ा को अपने प्रयासों की बदौलत सहयोग मिलना भी शुरू हो गया है और काफी प्रायोजक इन टूर्नामेंट का प्रायोजन करने के इच्छुक हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक को जेएसडब्ल्यू और बीपीसीएल का समर्थन मिला है।

## मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है : कार्लसन



**जगरेब :** विश्व चैंपियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।

भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद 'टेक टेक टेक' से कहा ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।

# अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को रूस ने दी मान्यता

- विदेश मंत्रालय ने द्विपक्षीय संबंध मजबूत होने की जताई उम्मीद

**मास्को, एजेंसी**

रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता दे दी है। रूस की मीडिया ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट कहा, हमारा मानना है कि अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात सरकार को आधिकारिक मान्यता देने से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने में गति मिलेगी।

इस्लामी आतंकवादी समूह तालिबान ने अमेरिका समर्थित सरकार को गिराने के बाद अगस्त 2021 में अमेरिकी और नाटो बलों की वापसी के उपरांत अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया था। तास न्यूज एजेंसी ने रूस के विदेश मंत्रालय के अधिकारी दिमित्री झिरनोव के हवाले से कहा, राष्ट्रपति पुतिन ने विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की सिफारिश पर अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात को मान्यता देने का फैसला किया है, ताकि मास्को के संबंधों को विकसित करने के इरादे को दिखाया जा सके।

उन्होंने कहा, यह एक ऐसा निर्णय है, जो रूसी विदेश मंत्री के सुझाव पर राष्ट्रपति ने सैद्धांतिक रूप से लिया है। यह अफगानिस्तान के साथ व्यापक साझेदारी स्थापित करने की रूस की इच्छा को दर्शाता है। इससे पहले उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने रूस में अफगानिस्तान के नये राजदूत गुल हसन से परिचय पत्र स्वीकार किए।

# मोदी को त्रिनिदाद टोबैगो का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो से नवाजा गया।

इसके साथ मोदी कैरेबियाई देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पहले विदेशी नेता बन गए। यह किसी देश का मोदी को दिया गया 25वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है। एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने मोदी को उनके नेतृत्व कौशल, ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं का समर्थन करने तथा दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में योगदान के लिए त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा।

# सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पाने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक लगभग 24 देशों की ओर से सर्वोच्च नागरिक सम्मान या उच्चस्तरीय सम्मानजनक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। हाल ही में उन्हें घाना, त्रिनादाद एवं टोबैगो में सम्मानित किया गया है। मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। किसी एक देश के नेता को इतने देशों से सम्मान मिलना एक दुर्लभ उपलब्धि तो है ही, विश्व में उसकी स्वीकार्यता विश्वनेता के तौर पर उभरती छवि का भी प्रतीक है। मेजबान देशों की ओर से ये पुरस्कार आमतौर पर विदेश नीति, द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक प्रभाव को मान्यता देने के लिए दिए जाते हैं। मोदी को मिले ये सम्मान सिर्फ भारत की प्रतिष्ठा नहीं बढ़ाते, बल्कि दूसरे देशों के साथ सामरिक और आर्थिक सहयोग को भी गहरा करते हैं।



### भारत के लिए महत्व

वैश्विक मान्यता के तौर पर देखा जाए तो मोदी को इतने देशों में सम्मान मिलना दिखाता है कि भारत का नेतृत्व और विदेश नीति प्रभावी रही है। इसे सॉफ्ट पावर में वृद्धि के तौर पर भी देख सकते हैं क्योंकि इन सम्मानों से भारत की छवि वैश्विक नेता के रूप में मजबूत होती है। भारत और सम्मानित करने वाले देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्तों में गहराई का संकेत मिलता है लिहाजा इन्हें द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती भी कह सकते हैं।

### मोदी को मिले प्रमुख सम्मान

- 2015 में बांग्लादेश का मुक्ति युद्ध सम्मान।
- 2016 में अफगानिस्तान का अमीर अमानुल्लाह खान अवार्ड।
- 2016 में सऊदी अरब का किंग अब्दुल अजीज साश।
- 2018 में इंडोनेशिया का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान।
- 2019 में श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान।
- 2019 में रूस का ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवार्ड।
- 2019 में यूएई का ऑर्डर ऑफ जायद सम्मान।
- 2019 में मालदीव का निशान इज़्ज़ुद्दीन सम्मान।
- 2020 में अमेरिका में लिजियन ऑफ मेरिट अवार्ड।
- 2021 में भूटान का ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो अवार्ड।
- 2023 में पापुआ न्यू गिनी का कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर।
- 2023 में फिजी का कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी।
- 2023 में पलाऊ का ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द की।
- 2023 में फ्रांस का ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर।
- 2023 में मिस्र का ऑर्डर ऑफ नाइल।

### कूटनीतिक परंपरा

दरअसल, यह कूटनीतिक परंपरा है कि देश अपने विशेष सहयोगी देशों के नेताओं को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देते हैं। ऐसा उस स्थिति में होता है जब द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की मंशा होती है और वैश्विक मंचों पर एक-दूसरे के साथ सक्रिय भूमिका निभाने की इच्छा भी। इससे दो देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी पनपती है। इसीलिए देश दूसरे देशों के नेताओं को सम्मानित करते हैं।

### मंडेला सर्वाधिक सम्मानित

दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला पहला नाम हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 250 से ज्यादा सम्मान मिले हैं। रूस के व्लादिमीर पुतिन को भी कई देशों में नागरिक और सैन्य सम्मानों से नवाजा जा चुका है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को शांति के नोबल के अलावा कई अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भई सोवियत लैनिन शांति पुरस्कार समेत कई सम्मान हासिल किए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को मरणोपरांत कई देशों ने अपना सर्वोच्च आदर्श माना।

## एक नजर

### माइक्रोसॉफ्ट ने बंद किया पाकिस्तान में कार्यालय

**कराची।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने कार्यबल में कटौती की अपनी वैश्विक रणनीति के तहत पाकिस्तान में अपने सीमित परिचालन को बंद करने की घोषणा की है। शुक्रवार को विभिन्न पक्षों ने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत बताया। माइक्रोसॉफ्ट ने 25 साल बाद पाकिस्तान में कार्यालय बंद करते हुए वैश्विक पुनर्गठन और क्लाउड-आधारित, साझेदार-नेतृत्व वाले मॉडल में बदलाव का हवाला दिया। माइक्रोसॉफ्ट ने 2023 के बाद से अपने सबसे बड़े छंटनी दौर में दुनिया भर में लगभग 9,100 नौकरियों में कटौती की है।

### पंजाब: रिश्वत की पेशकश पर डीएसपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के फरीदकोट में एक डीएसपी को अपने खिलाफ दर्ज शिकायत दबाने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी के कर्मचारी को एक लाख रुपये की रिश्वत की पेशकश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी राजनपाल सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। सिंह फरीदकोट में महिलाओं के विरुद्ध अपराध प्रकोष्ठ मे तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि सिंह ने एक वैवाहिक विवाद में कार्रवाई करने के लिए एक लाख रुपये लिए थे।

### रोम में गैस स्टेशन पर धमाका, 25 लोग घायल

**रोम।** दक्षिण-पूर्वी रोम में शुक्रवार सुबह एक गैस स्टेशन पर विस्फोट हो गया। इस घटना में नौ पुलिस अधिकारियों और एक अग्निशमन कर्मी सहित कम से कम 25 लोग घायल हो गए। विस्फोट सुबह करीब आठ बजे हुआ और इसकी आवाज दूर तक सुनी गई। विस्फोट के बाद उठा काला धुआं और आग का गोला दूर से ही दिख रहा था। रोम पुलिस की प्रवक्ता ने बताया कि 16 निवासी घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोलर की हड़ताल, फ्रांस में उड़ानें रुकीं

**पेरिस।** हवाई यातायात नियंत्रकों की हड़ताल से पेरिस के सभी हवाई अड्डों पर शुक्रवार को लगभग 40 प्रतिशत उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा हुई। ये लोग बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। हड़ताल से फ्रांस के आसपास के हवाई अड्डों पर बृहस्पतिवार को उड़ानें प्रभावित हुईं लेकिन शुक्रवार को यह समस्या और बढ़ गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने विमानन कंपनियों से पेरिस के चार्ल्स डी गॉल, ओरली एवं ब्यूवैस हवाई अड्डों पर शुक्रवार को 40 प्रतिशत, नाइस में 50 फीसदी और कुछ अन्य शहरों में 30 प्रतिशत उड़ानें रद्द करने को कहा।

# परमाणु कार्यक्रम जारी रखने पर ईरान को आरपार की चेतावनी

## संरा में इजराइल के राजदूत ने कहा- भविष्य में हम सिर्फ अंतिम परिणाम देखेंगे

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसी स्थिति में अंतिम परिणाम देखेंगे।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजराइल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा, हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं तो हमें निर्णय लेना होगा। डैनी डैनन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे। इजराइल के साथ अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा।

इजराइल के राजदूत ने कहा, हमारा रुख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की। अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे।



गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी गुरुवार को भी जारी रही।

### आईएईए की टीम वियना मुख्यालय लौटी

**वियना/तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों की टीम शुक्रवार को ईरान से रवाना होकर वियना में अपने मुख्यालय में वापस आ गई। एजेंसी ने घोषणा में कहा कि तेहरान के उसके साथ सहयोग निलंबित करने के बाद टीम वियना मुख्यालय लौट आई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने आईएईए के अपरिहार्य निगरानी और सत्यापन कार्य को जितनी जल्दी हो सके फिर से शुरू करने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के महत्व को दोहराया है।

### गाजा में इजराइली हमले से मारे गए 35 लोग

**दीर अल-बलाह।** गाजा में शुक्रवार को तड़के इजराइली हवाई हमलों में 15 फलस्तीनी मारे गए, वहीं राहत सामग्री के लिए इंतजार कर रहे 20 अन्य लोगों की भी गोलीबारी में मौत हो गई। मृतकों के शवों को जिस अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है उसने 'एपी' को यह जानकारी दी। इजराइली हवाई हमलों में मारे गए 15 लोगों में आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। नासेर अस्पताल के अनुसार, राहत सामग्री के लिए इंतजार करते समय 20 अन्य लोगों को गोली मार दी गई। गोलीबारी में जान गंवाने वाले लोगों में से दो लोग राफा स्थित राहत सामग्री वितरण स्थल के पास मारे गए जबकि 18 लोग अन्य स्थान पर तब मारे गए जब वे दक्षिणी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। ये घटनाएं ऐसे समय हुई हैं जब 21 महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के प्रयास आगे बढ़ते दिख रहे हैं। हमास ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह मिस्र और कतर के मध्यस्थों द्वारा प्रस्तुत युद्ध विराम प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अन्य फलस्तीनी गुटों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर रहा है।

# उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

- सुरक्षा बलों की ओर से तीन जिहादियों की हत्या का लिया प्रतिशोध

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी।

रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी। हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की। स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है।

इस क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय सैन्य गठबंधन, बहुराष्ट्रीय संयुक्त कार्य बल के लेफ्टिनेंट कर्नल ओलानियी ओसोबा ने कहा कि गुरुवार को इस्लामिक स्टेट वेस्ट के अफ्रीका प्रांत के जिहादियों ने सीमावर्ती शहर मालम फतोरी पर हमला किया और विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर पर गोलीबारी की, जिसमें 11 मारे गए, 20 घायल हो गए, जिन्हें सीमा पार नाइजर के बोसो स्थित एक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# ट्रंप की युद्धविराम की अपील के बाद रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

- रात भर में किए 550 ड्रोन और मिसाइल हमले, कीव के कई शहरों में हुआ भारी नुकसान

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ गत तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के तहत शुक्रवार की रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर सबसे बड़ा हवाई हमला किया जिसमें 23 लोग घायल हो गए और राजधानी के कई जिलों में नुकसान हुआ है।

रूस की वायुसेना के मुताबिक उसने रात में यूक्रेन पर 550 ड्रोन और मिसाइल हमले किये। अधिकतर हमले शाहिद ड्रोन से किये गए जबकि 11 मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। कीव में तैनात एपी के संवाददाताओं के मुताबिक पूरी रात ड्रोन की गड़गड़ाहट, धमाकों तथा मशीन गन से तीव्र गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं।

महापौर विटाली क्लिटस्को ने बताया कि रूस के इस हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। उन्होंने बताया कि इसमें कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 की हालत गंभीर है और वे अस्पताल में भर्ती हैं। यूक्रेन की वायु रक्षा ने दावा किया कि उसने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 लक्ष्यों को मार गिराया। उसके मुताबिक अन्य 208 लक्ष्य रडार से गायब हो गए और माना गया कि वे जाम हो गए हैं। रूस ने नौ मिसाइलों और 63 ड्रोनों से आठ स्थानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। रोके गए ड्रोनों का मलबा कम से कम 33 स्थानों पर गिरा।

यह हमला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने तथा यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अपने प्रशासन के निर्णय पर पहली सार्वजनिक टिप्पणी करने के कुछ घंटों बाद हुआ। रूसी प्रशासन के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से फोन पर करीब एक घंटे लंबी बातचीत की थी। इस दौरान उनकी युद्धविराम की अपील पर पुतिन ने दो टूक जवाब दिया था कि सैन्य लक्ष्य पूरे होने तक उनका देश यूक्रेन में युद्धविराम नहीं करेगा।

# सीजेआई का कॉलेजियम प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता का आश्वासन

- मुंबई बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में योग्यता पर कभी समझौता न करने का भरोसा दिलाया

**मुंबई, एजेंसी**



सीजेआई बीआर गवई ने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाने का शुक्रवार को आश्वासन दिया, जिसमें योग्यता को लेकर कभी समझौता नहीं किया जाएगा और समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

पिछले महीने देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति गवई ने देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर उनकी पदोन्नति के सम्मान में मुंबई बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि क्योंकि उनके पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति संजीव खन्ना प्रधान न्यायाधीश थे, इसलिए कॉलेजियम ने नियुक्तियों के मामलों में अधिक पारदर्शिता लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज दीपांकर दत्ता ने पिछले सप्ताह नागपुर में एक कार्यक्रम में कॉलेजियम के कामकाज में हस्तक्षेप के बारे में बात की थी। सीजेआई ने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि हम पूर्ण पारदर्शिता की प्रक्रिया अपनाएंगे। योग्यता से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। हमारे पास समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि होंगे।


उन्होंने कहा कि जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए उनके नाम की सिफारिश की गई थी तो कॉलेजियम में एक न्यायाधीश इसके पक्ष में नहीं थे। न्यायमूर्ति गवई ने न्यायाधीश का नाम बताने से इन्कार करते हुए कहा, उन न्यायाधीश को लगता था कि उनके पदोन्नत होने से मुंबई के कुछ वरिष्ठ वकीलों में बेचैनी पैदा हो सकती है। हालांकि, मुंबई बार एसोसिएशन के कई वरिष्ठ वकीलों ने दिल्ली में उन न्यायाधीश से मुलाकात की और उन्हें बताया कि उनकी धारणा गलत है।

# दलाई लामा के संबंध में भारत का टिप्पणी से इन्कार

**नई दिल्ली।** तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के हाल के बयान के संदर्भ में भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह आस्था और धर्म की मान्यताओं तथा प्रथाओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाता है और न टिप्पणी करता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दलाई लामा के अपने उत्तराधिकारी से संबंधित बयान के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, भारत सरकार आस्था और धर्म की मान्यताओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाती और न बोलती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा भारत में सभी के लिए धर्म की स्वतंत्रता बरकरार रखी है और वह इसे जारी रखेगी। दलाई लामा ने कहा था कि उनके उत्तराधिकारी का फैसला उनका कार्यालय करेगा। इस पर चीन ने कड़ा एतराज जताया था।

## केदारनाथ यात्रा



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में प्राकृतिक आपदाओं के बाद केदारनाथ धाम का मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस वजह से केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से इस मार्ग पर बचावकर्मियों को तैनात किया गया है जो श्रद्धालुओं को भूस्खलन और भारी बारिश से खराब रास्ते पर श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। एजेंसी

# अमरनाथ यात्रा : तीसरे जत्थे में 6,400 तीर्थयात्री जम्मू से रवाना




शुक्रवार को जम्मू से अमरनाथ यात्रा के लिए कश्मीर रवाना हुआ एक जत्था।

**जम्मू, एजेंसी**

दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए 6,400 से अधिक तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था शुक्रवार को दो अलग-अलग काफिलों में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

पहलगाम और बालटाल से यात्रा शुरू होने के बाद 14,000 तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंची पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके है। 4,723 पुरुषों, 1,071 महिलाओं, 37 बच्चों और 580 साधुओं-साध्वियों समेत 6,411 का तीसरा जत्था 291 वाहनों में रवाना हुआ। यह जत्था भगवतीनगर यात्री निवास से दो समूहों में बृहस्पतिवार देर रात सवा तीन बजे और शुक्रवार तड़के चार बजे बालटाल और पहलगाम रवाना हुआ।

# उड़ान भरने से ऐन पहले एअर इंडिया का पायलट बेहोश हुआ

**मुंबई।** बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले एअर इंडिया के एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हुए पायलट को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

एयरलाइन को यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे पायलट की व्यवस्था करनी पड़ी। एअर इंडिया ने इस बात की पुष्टि की है कि चार जुलाई की सुबह उसके एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, चार जुलाई की सुबह हमारे एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। नतीजतन, पायलट बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान एआई 2414 का परिचालन करने में असमर्थ थे और ऐसी स्थिति में उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

## दास्तान-ए-जंग

फिक्की की ओर से आयोजित संगोष्ठी में उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने खोलीं परतें

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और तुर्किए से भी लड़ा युद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीन ने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए चार दिवसीय सशस्त्र संघर्ष को विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया और दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दुश्मन को मारने की प्राचीन सैन्य रणनीति के अनुरूप इस्लामाबाद को हरसंभव सहायता प्रदान की।

उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने शुक्रवार को यह बात कही। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान जहां सिर्फ सामने नजर आ रहा था, वहीं चीन पर्दे के पीछे से अपने सदाबहार मित्र को हरसंभव सहायता दे रहा था, साथ में तुर्किये भी इस्लामाबाद को सैन्य साजोसामान की आपूर्ति करके प्रमुख भूमिका निभा रहा था। उन्होंने कहा कि सात से 10 मई के बीच हुए संघर्ष के दौरान भारत वास्तव में कम से कम तीन शत्रुओं से निपट रहा था।




लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह।

उद्योग चैंबर 'फिक्की' द्वारा आयोजित "नए दौर की सैन्य प्रौद्योगिकी" पर एक संगोष्ठी में अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने सुझाव दिया कि चीन अपने उपग्रहों का उपयोग भारतीय सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए कर रहा था, क्योंकि पाकिस्तानी सेना को डीजीएमओ स्तर की फोन वार्ता के दौरान इसके बारे में सीधी जानकारी मिल रही थी।

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने चीन की '36 चालों' की प्राचीन सैन्य रणनीति और 'दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर' दुश्मन को मारने की रणनीति का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बीजिंग ने भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान को हरसंभव समर्थन दिया। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा कि तुर्किये ने भी पाकिस्तान को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, "हमने युद्ध के समय और युद्ध क्षेत्र में कई ड्रोन आते और उतरते देखे, साथ ही वहां मौजूद व्यक्तियों की गतिविधियां भी देखी गईं। सैन्य अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को इस संघर्ष से सबक सीखने की जरूरत है।

### पाकिस्तान को चीन से मिल रहा था भारतीय सैन्य तैनाती का लाइव इनपुट

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान वास्तव में यह बता रहा था कि हम जानते हैं कि आपका अमुक 'वेक्टर' (मिसाइल प्रणाली) सक्रिय है और कार्रवाई के लिए तैयार है, हम आपसे अनुरोध करेंगे कि आप इसे वापस ले लें। उन्हें चीन से लाइव इनपुट मिल रहे थे। भारतीय सेना के क्षमता विकास और संधारण संबंधी कार्य देखने वाले उप सेना प्रमुख ने कहा कि इस्लामाबाद को बीजिंग का समर्थन आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि पाकिस्तानी सशस्त्र बलों का 81 प्रतिशत सैन्य साजोसामान चीन से आता है। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ पाकिस्तान केवल सामने नजर आ रहा था, जबकि दुश्मन को असली समर्थन चीन से मिल रहा था। हमें इसमें कोई हैरानी नहीं हुई, क्योंकि अगर आप पिछले पांच वर्षों के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि पाकिस्तान को मिलने वाले सैन्य उपकरणों में से 81 प्रतिशत चीन से आ रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, चीन उत्तरी सीमा पर खुद सीधे टकराव में पड़ने के बजाय भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करता है।